RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 352
नई दिल्ली, मंगलवार, 31 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कतर में मौत की सजा पाने वालों के परिजनों से मिले जयशंकर

राष्ट्रीय-11

# केरल धमाका सुनियोजित आतंकी साजिश: आईबी

## खुफिया अधिकारियों के अनुसार आरोपी मार्टिन के बांग्लादेश स्थित आतंकवादी समूहों से जुड़े तार

● आरोपी ने विस्फोट के लिए स्वयं को बताया था जिम्मेदार

**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि

**केरल** में रविवार को यहोवा के साक्षियों (जेडब्ल्यू) द्वारा आयोजित प्रार्थना सभा में रविवार को हुए सिलसिलेवार धमाकों के मामले की जांच कर रहे खुफिया ब्यूरो (आईबी) अधिकारियों ने इसे सुनियोजित आतंकी साजिश करार दिया है। प्रार्थना सभा में हुए बम विस्फोट में तीन लोग मारे गए। हालांकि, जेडब्ल्यू के अनुयायी से विद्रोही बने डोमिनिक मार्टिन ने बम विस्फोट के लिए अकेले जिम्मेदार बताते हुए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। ज्ञात रहे कि बम धमाकों में आईईडी से संचालित टिफिन बॉक्स बम का प्रयोग किया गया था।

आईबी अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि जांच में पता चला है कि बम विस्फोट में मार्टिन की बांग्लादेश स्थित आतंकवादी समूहों सहित विभिन्न लोगों ने की मदद की है। आईबी अधिकारियों ने सोमवार को एक समाचार चैनल को बताया, मार्टिन द्वारा दिए गए टेलीफोन नंबर फर्जी हैं जो सेवा में नहीं हैं। आईबी अधिकारियों ने बताया कि कोई भी इस तकनीक को समझने में सक्षम नहीं होगा, खासकर वह व्यक्ति जिसके पास कोई बुनियादी तकनीकी योग्यता नहीं है। इस खुलासे के बाद मार्टिन का यह दावा धाराशायी हो गया जिसमें उसने यूट्यूब से बम और आईईडी को असेंबल करना सीखा था। आईबी के एक अधिकारी ने कहा, मार्टिन बम बनाने के लिए सामग्री जुटाने में उसे दूसरों से मदद मिली है।



केरल में ईसाई प्रार्थना स्थल पर हुए बम विस्फोटों की जांच में सहयोग के लिए पहुंची एनएसजी की टीम

'द मिथ ऑफ हिंदू टेरर' पुस्तक से प्रसिद्धि पाने वाले पूर्व नौकरशाह आरवीएस मणि ने द पायनियर को बताया कि मार्टिन का दावा उस साजिश की रणनीति का हिस्सा है। कोई भी बिना बाहरी मदद के आईईडी टिफिन बॉक्स बम नहीं बना सकता। यह व्यक्ति मार्टिन मुझे प्रणेश पिल्लई की याद दिलाता है (उसने इस्लाम अपना लिया था और अपना नाम बदलकर जावेद गुलाम रख लिया था) जिसकी 15 जून 2004 को गुजरात पुलिस और सहायक खुफिया ब्यूरो ने तीन लोगों के साथ गोली मारकर हत्या कर दी थी। मणि ने द पायनियर को बताया, यह चौकड़ी गांधी नगर के मिशन पर थी जिसे गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री की हत्या करनी थी। उन्होंने केरल पुलिस और मीडिया द्वारा डोमिनिक मार्टिन को बम विस्फोट के लिए जिम्मेदार एकमात्र व्यक्ति के रूप में पेश करके जांच को प्रभावित करने के प्रयास पर आश्चर्य व्यक्त किया।

केरल पुलिस के प्रमुख शेख दरवेश को संवाददाताओं से यह कहते हुए सुना गया कि कलामासेरी विस्फोट की जांच मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार की जाएगी। मणि ने सवाल किया कि क्या यह मुख्यमंत्री तय करते हैं कि इस तरह के मामले में किस तरह की जांच की जानी है। उन्होंने कहा कि मामले में असली आरोपियों को बचाने कोशिश की गई है। पुलिस प्रमुख ने राज्य के लोगों से अफवाहों के आधार पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कोई भी संदेश पोस्ट नहीं करने को कहा है। दरवेश ने चेतावनी दी, हम सोशल मीडिया के माध्यम से झूठी और फर्जी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। मुस्लिम लीग सहित विभिन्न इस्लामी संगठनों के नेता सोमवार को खुलकर सामने आए और लोगों के एक वर्ग को दोषी ठहराया। मुस्लिम लीग के अध्यक्ष सादिक अली शिहाब थंगल ने आरोप को कुछ राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की प्रतिक्रिया को एक विशेष समुदाय को आतंकवादी के रूप में चित्रित करने की कोशिश करने वाला बताया, जो पूर्वकल्पित धारणाओं और पूर्वाग्रह से ग्रस्त हैं। (शेष पेज 9)

# कश्मीर में फिर टारगेट किलिंग, मजदूर की हत्या

## आतंकवादी सॉफ्ट टारगेट की रणनीति पर कर रहे काम

**मोहित कंधारी।** जम्मू

● 24 घंटे में श्रीनगर और पुलवामा में बनाया निशाना

**कश्मीर घाटी** में कुछ समय की शांति के बाद आतंकवादियों ने एक बार फिर आसान लक्ष्यों (सॉफ्ट टारगेट) पर हमला करने की पुरानी रणनीति का सहारा लेना शुरू कर दिया है। ताजा घटनाक्रम में आतंकवादियों ने श्रीनगर के ईदगाह इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस के इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी को निशाना बनाने के एक दिन बाद, सोमवार को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के तुमची नौपोरा इलाके में उत्तर प्रदेश के एक ईंट भट्ठा मजदूर मुकेश की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता ने एक्स पर बताया, आतंकवादियों ने मजदूर की पुलवामा के तुमसी नौपोरा में गोली मार दी जिसकी बाद में मौत हो गई। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के उन्नाव निवासी मुकेश के रूप में हुई है। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और मजदूर की हत्या में शामिल आतंकवादियों की तलाश के लिए अभियान शुरू किया गया है।

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को पुलवामा जिले में आतंकवादी हमले में एक प्रवासी मजदूर की हत्या की निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। सिन्हा ने एक बयान में कहा, वह पुलवामा में हुए घृणित और कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते है। मुकेश कुमार के परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते है। राज्य सरकार आतंकवादी खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, जिसे सीमा पार से लगातार प्रोत्साहन और समर्थन मिल रहा है। कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटे में आतंकवाद की यह दूसरी घटना है। इससे पहले आतंकवादियों ने श्रीनगर शहर के ईदगाह मैदान में पुलिस निरीक्षक मसरूर अहमद वानी को उस समय गोली मार दी थी जब वह स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। वानी घटना में गंभीर रूप से घायल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि दो आतंकवादी हमलों के बाद कश्मीर घाटी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है खासतौर पर श्रीनगर और दक्षिणी कश्मीर के इलाकों में। श्रीनगर समेत अन्य शहरों खासतौर पर दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा के कई इलाकों में वाहनों और पैदल यात्रियों की जांच तेज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि श्रीनगर के सभी प्रमुख चौराहों और शहर से बाहर जाने वाले सभी रास्तों पर सचल वाहन जांच चौकी स्थापित की गई है। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने कहा कि चारों तरफ खतरा अब भी है और पुलिस कर्मियों को पुलिस अधिकारी पर हमले जैसी घटनाओं के प्रति सजग रहना चाहिए। हमें सतर्क रहना होगा। आसपास अभी भी खतरा बरकरार है, हम इन्हें हल्के में नहीं ले सकते।

हमें सावधान और सतर्क रहना होगा। वह प्रार्थना करते है कि वानी जल्द ठीक हो जाएं। सिंह ने कहा, सैनिक सीमा पर स्थिति को मजबूती से नियंत्रित कर रहे हैं। इस साल सबसे ज्यादा मुठभेड़ एलओसी पर हुई हैं। पाकिस्तान ने और अधिक आतंकवादियों को इस तरफ भेजने की कोशिश की है, लेकिन सेना के जवान बहुत सतर्क हैं। बहादुर जवान पाक के मंसूबों से पूरी तरह वाकिफ हैं। इस साल मई में अनंतनाग जिले में आतंकवादियों ने एक सर्कस कर्मचारी की हत्या कर दी थी जबकि जुलाई में शोपियां जिले में आतंकवादियों ने गोलीबारी की थी जिसमें बिहार के तीन मजदूर घायल हो गए थे। इस बीच, विभिन्न नेताओं ने पुलिस अधिकारी और मजदूर पर हमले की निंदा की है।

# दिवाली से पहले दिल्ली की हवा हुई जहरीली

● एक्यूआई लगातार तीसरे दिन बेहद खराब श्रेणी में दर्ज

● कई क्षेत्रों वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के पार

**संजय राय।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के लोग पिछले दस दिनों से प्रदूषण भरी जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के बीच सोमवार राजधानी में इस सीजन का सर्वाधिक प्रदूषित दिन रहा। वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़कर 348 पहुंच गया। दिल्ली के चार इलाकों का एक्यूआइ 400 के पार चला गया। यानी इन इलाकों की हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। साफ हवा के लिहाज से दिल्ली वालों के लिए इस बार गर्मी और मानसून का सीजन अच्छा बीता। मानसून की वापसी के बाद से ही प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी हो रही है।

इस दौरान केंद्र के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) का कहना है कि पंजाब और हरियाणा में 15 सितंबर के बाद से पराली जलाने की घटनाओं में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में क्रमश: लगभग 56 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की कमी आई है। आयोग के अनुसार, 15 सितंबर से 29 अक्टूबर के बीच की अवधि में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान तथा उप्र के एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) इलाकों में 2022 में पराली जलाने की 13,964 घटनाएं हुई थीं जो 2023 में घटकर 6,391 हो गईं। 12 अक्टूर से लगातार पांच दिन तक वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के पार यानी हवा खराब श्रेणी में रही। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव आया और वायु गुणवत्ता सूचकांक सुधरकर 89 के अंक पर पहुंच गया। यानी हवा संतोषजनक श्रेणी में पहुंच गई। पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होनेके बाद 21 अक्तूबर को एक्यूआई फिर से खराब श्रेणी में पहुंच गई। (शेष पेज 9)



नई दिल्ली सहित एनसीआर क्षेत्र में छाई धुंध से लोगों की बढ़ी परेशानी

### इन इलाकों की हवा सबसे खराब

| | |
|---|---|
| रोहिणी- | 418 |
| वजीरपुर- | 412 |
| मुंडका- | 425 |
| नार्थ कैंपस (डीयू)- | 407 |

### सुबह का पारा सामान्य, दिन का रहा इससे ऊपर

**नई दिल्ली।** सोमवार को भी मौसम के मिजाज में गर्माहट देखने को मिली। हवा की दिशा दक्षिणी पूर्वी होने के कारण इसका असर तापमान पर भी देखने को मिला। सुबह का तापमान सामान्य जबकि दिन का इससे ऊपर दर्ज किया गया। सोमवार सुबह हल्की धुंध रही, जबकि दिन में आसमान साफ रहा। धूप भी खिली रही। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री ऊपर 33.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 94 से 37 प्रतिशत तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार सुबह हल्की धुंध देखने को मिलेगी, जबकि दिन में आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। अगले दो तीन दिन कमोबेश ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

# मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

आबकारी नीति घोटाला

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा मामले में अस्थाई तौर पर 338 करोड़ रुपए के हस्तांतरण की पुष्टि हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आबकारी** नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उच्चतम न्यायालय ने मामले में संबंधित भ्रष्टाचार एवं धन शोधन के मामलों में सोमवार को सिसोदिया की नियमित जमानत की अपीलें यह कहकर खारिज कर दी कि मामले में अस्थाई तौर पर 338 करोड़ रुपये के हस्तांतरण की पुष्टि हुई है। इस बीच आम आदमी पार्टी के उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर करने की योजना बना रही है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना एवं न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि उसने जांच एजेंसियों के बयान को रिकॉर्ड किया है कि इन मामलों में सुनवाई छह से आठ महीने में पूरी हो जाएगी। पीठ ने कहा कि अगर सुनवाई की कार्यवाही में देरी होती है तो सिसोदिया तीन महीने में इन मामलों में जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। विश्लेषण में कुछ ऐसे पहलू हैं जिन्हें हमने संदिग्ध बताया है। 338 करोड़ रुपये के धन हस्तांतरण के संबंध में एक पहलू की अस्थाई रूप से पुष्टि हुई है। इसलिए हमने जमानत की अर्जी खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति खन्ना ने फैसला सुनाते हुए कहा, उन्होंने (जांच एजेंसियों ने) कहा है कि सुनवाई छह से आठ महीने में पूरी हो जाएगी। इसलिए तीन महीने के भीतर अगर मुकदमे की कार्यवाही में लापरवाही या देरी होती है, तो वह (सिसोदिया) जमानत के लिए आवेदन दायर करने के हकदार होंगे। फैसले में उन दलीलों और कुछ कानूनी सवालों का जिक्र किया गया है, जिनका जवाब नहीं मिला। उनमें से अधिकांश का उत्तर नहीं दिया गया है और अगर उनका उत्तर दिया भी गया है तो बेहद सीमित तरीके से दिया गया है। शीर्ष अदालत ने अब खत्म हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में दायर सिसोदिया की दो अलग-अलग नियमित जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। उच्चतम न्यायालय ने 17 अक्टूबर को दोनों याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सिसोदिया को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 26 फरवरी को घोटाले में उनकी भूमिका के आरोप में गिरफ्तार किया था। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता तब से ही हिरासत में हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तिहाड़ जेल में पूछताछ के बाद नौ मार्च को सीबीआई की प्राथमिकी से जुड़े धन शोधन के मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया। (शेष पेज 9)





### ईडी ने केजरीवाल को दो नवंबर को किया तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की शराब नीति में हुए घोटाले से जुड़े मामले में अब प्रर्वतन निदेशालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजा है। ईडी केजरीवाल को 2 नवंबर को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री को सीबीआई अप्रैल में पूछताछ के लिए बुला चुकी है।यह समन ऐसे समय में आया है जब आज ही उच्चतम न्यायाल ने सिसोदिया की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। इस बीच आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर कहा कि आम आदमी पार्टी को खत्म करना ही केंद्र सरकार का मकसद है। केंद्र सरकार फर्जी केस बना कर केजरीवाल को जेल में बंद करना चाहती है। वे केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहते हैं।



### विश्व कप क्रिकेट

● **परिणाम:** अफगानिस्तान ने श्रीलंका को हराया

● **आज:** पाकिस्तान और बांग्लादेश का मैच दोपहर 2:00 बजे से कोलकाता के ईडेन गार्डेन में खेला जाएगा

## क्विक न्यूज

### सेना के एलसीएच प्रचंड से 70 मिमी रॉकट की पहली फायरिंग

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड ने सोमवार को दिन और रात दोनों स्थितियों में 70 मिमी रॉकेट दागने के कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्य असम में लिकाबाली के पास एक फायरिंग रेंज में किया गया। सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर-एलसीएच प्रचंड की 70 मिमी रॉकेट और 20 मिमी बुर्ज गन की पहली फायरिंग को दिन और रात दोनों स्थितियों में सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।

# गाजा पट्टी में घुसी इजराइली सेना, भीषण झड़प

● हमास के लड़ाकों ने बख्तरबंद टैंक और बुलडोजर को रोकने के लिए हाइवे को किया बाधित

**एजेंसी।** गाजा पट्टी

**इजराइली** सेना और इसके बख्तरबंद वाहन सोमवार को उत्तरी गाजा पट्टी के अंदरूनी इलाकों तक पहुंच गए। जिसके बाद इजराइली सेना और हमास के बीच भीषण झड़प हो रही है। वहीं संयुक्त राष्ट्र और चिकित्साकर्मियों ने कहा कि अस्पतालों के नजदीक हवाई हमले किए गए हैं जहां हजारों घायलों के साथ ही हजारों फलस्तीनी नागरिकों ने शरण ले रखी है। सेना ने सोमवार को कहा कि उसके सैनिकों ने रात भर में इमारतों और सुरंगों के भीतर से हमला करने वाले कई आतंकवादियों को मार गिराया और हवाई हमलों में एक इमारत को ध्वस्त कर दिया गया जिसका इस्तेमाल हमास कर रहा था। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में मध्य गाजा में एक इजराइली टैंक और बुलडोजर क्षेत्र के मुख्य उत्तर-दक्षिण राजमार्ग को अवरुद्ध करते दिखते हैं, जिसे इजराइली सेना ने फलस्तीनियों को बढ़ते जमीनी हमले से बचने की खातिर उपयोग करने के लिए कहा था। यदि सड़क अवरुद्ध हो गई तो उत्तर में रहने वाले हजारों फलस्तीनी अब बचने के लिए अन्यत्र नहीं जा पाएंगे क्योंकि यह दक्षिण जाने के लिए उपयोग करने योग्य एकमात्र मार्ग है।

यह पूछे जाने पर कि क्या सेना सड़क पर तैनात है, इजराइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा, हमने अपने अभियान का विस्तार किया है। लेकिन उन्होंने विशिष्ट तैनाती पर कोई टिप्पणी नहीं की। एक स्थानीय पत्रकार द्वारा बनाए गए वीडियो में एक कार सड़क पर एक अवरोधक की ओर आती दिखती है। कार रुकती है और वापस लौटने लगती है। जैसे ही कार आगे बढ़ती है, एक टैंक गोला दागता प्रतीत होता है और कार विस्फोट की चपेट में आ जाती है। दूसरी कार में मौजूद पत्रकार भागता है तथा उधर आ रही एम्बुलेंस और अन्य वाहनों को देखकर चिल्लाता है, 'वापस जाओ- वापस जाओ'।



गाजा पट्टी में इजराइल की भीषण बमबारी के बाद उठता धुआं

गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने बाद में कहा कि जिस कार को निशाना बनाया गया उसमें तीन लोग मारे गए। उग्रवादी संगठन हमास ने सोमवार को एक वीडियो जारी किया जिसमें सात अक्टूबर को इज़राइल के अंदर हमले के दौरान बंधक बनाई गईं तीन महिलाओं को दिखाया गया। महिलाओं में से एक ने संभवत: दबाव में बंधक संकट पर इज़राइल की प्रतिक्रिया की आलोचना करते हुए एक संक्षिप्त बयान दिया। हमास और अन्य आतंकवादियों ने इजराइल के अंदर घातक हमले के दौरान लगभग 240 लोगों को बंधक बना लिया था। उन्होंने कहा कि वे इज़राइल द्वारा पकड़े गए हजारों फलस्तीनी कैदियों के बदले में उन्हें रिहा कर देंगे। इजराइल ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

इज़राइल ने गाजा शहर के दोनों किनारों और उत्तरी गाजा के आसपास के इलाकों में अपने सैन्य बल तैनात कर दिए हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे युद्ध का दूसरा चरण कहा। यदि इजराइली सेना अपने जमीनी अभियान का विस्तार करती है और घने आवासीय क्षेत्रों में फलस्तीनी आतंकवादियों से जूझती है, तो दोनों पक्षों की ओर से हताहतों की संख्या में काफी वृद्धि होगी। हालांकि इज़राइल ने फ़लस्तीनियों को उत्तर से, जहां गाजा शहर स्थित है, दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया, लेकिन हजारों लोग वहीं रह गए हैं क्योंकि इज़राइल ने तथाकथित सुरक्षित क्षेत्रों पर भी बमबारी की है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, हमलों से सुरक्षित रहने की उम्मीद कर रहे लगभग 1,17,000 विस्थापित लोग हजारों मरीजों और कर्मचारियों के साथ उत्तरी गाजा के अस्पतालों में रह रहे हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मरने वाले फलस्तीनियों की संख्या 8,300 से अधिक हो गई है, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। गाजा में 14 लाख से अधिक लोग अपना घर छोड़कर भाग गए हैं।

इजराइल के 1,400 से अधिक लोग मारे गए हैं। इनमें से ज्यादातर हमास के शुरुआती हमले के दौरान मारे गए। यह भी एक अभूतपूर्व आंकड़ा है। ऐसा प्रतीत होता है कि इजराइली सैनिक उत्तरी गाजा में अंदरूनी इलाकों तक घुस गए हैं। सेना द्वारा सोमवार को जारी वीडियो में बख्तरबंद वाहनों को इमारतों के बीच से गुजरते हुए और सैनिकों को एक मकान के भीतर कमान संभालते हुए देखा गया। जमीनी आक्रमण में यह तेजी तब आई है जब एक दिन पहले खाद्य सामग्री, दवा और अन्य सामान लेकर 33 ट्रकों ने मिस्र से गाजा में प्रवेश किया। इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से मानवीय सहायता की यह सबसे बड़ी खेप है। राहतकर्मियों ने सोमवार को कहा कि यह सहायता गाजा में आवश्यकता से बहुत कम है। सेना ने सोमवार को कहा कि उसके सैनिकों ने रात भर में इमारतों और सुरंगों के भीतर से हमला करने वाले कई आतंकवादियों को मार गिराया। (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 31 अक्टूबर, 2023



# छात्रा ने दम तोड़ा, मुठभेड़ में दूसरे बदमाश की मौत

## मसूरी नहर की पटरी पर चेकिंग के दौरान पुलिस और आरोपी के बीच गोलीबारी, मामले में एक दरोगा भी घायल


मृतका का फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ऑटो में लूटपाट के दौरान घायल हुई छात्रा की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं मामले में दूसरा फरार आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान मार गिराया है।

मसूरी थाने के एसएचओ नरेश कुमार शर्मा की टीम नहर की पटरी पर चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने जब दो बाइक पर सवार होकर आ रहे दो बदमाशों को चेकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागना शुरू कर दिया। इस फायरिंग के दौरान पुलिस व बदमाशों के बीच कई राउंड फायरिंग हुई। फायरिंग के दौरान जहां बदमाशों के द्वारा चलाई गई एक गोली मसूरी थाने में तैनात एसआई भानूप्रकाश को लग गई वहीं पुलिस के द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश भी घायल हो गया। जबकि उसका साथी फरार हो गया। घायल दरोगा व बदमाश को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के दौरान बदमाश की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घायल बदमाश के पास से तमंचा, कारतूस और बाइक के अलावा अन्य सामान बरामद हुआ। यह जानकारी देते हुए डीसीपी रूरल विवेकचंद्र यादव ने बताया कि जो बदमाश एंकाउंटर में मारा गया उसका नाम जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र गंगाराम निवासी मिसलगढ़ी था। उसके ऊपर मसूरी, मुरादनगर व कविनगर सहित कई थानों में लूट, हत्या व गैंगस्टर जैसी संगीन धाराओं के एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज थे। गत सप्ताह ही शुक्रवार को इस शातिर बदमाश ने अपने साथी बोबिल उर्फ बलवीर निवासी मिसलगढ़ी के साथ मिलकर एनएच-9 पर ऑटो में सवार एबीईएस कॉलेज से बीटैक कर रही पन्नापुरी हापुड़ निवासी छात्रा कीर्ति से मोबाइल लूटा था।


मुठभेड़ स्थल परजांच करता पुलिस बल। इनसेट में ऑटो में लूट की फुटेज

- ऑटो में फोन लूट के दौरान घायल हो गई थी बीटेक की छात्रा

यादव ने बताया कि उक्त वारदात के दौरान जहां छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई थी वहीं उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गई थी। श्री यादव ने बताया कि वारदात के अगले दिन ही यानि शनिवार को मसूरी थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान बोबिल उर्फ बलवीर पुत्र विक्रम के पैर में गोली मारकर उसे लंगड़ा कर दिया था। श्री यादव ने कहा कि जो भी ऐसी संगीन वारदातों को अंजाम देगा उसका हश्र भी शातिर लुटेरे जितेंद्र उर्फ जीतू व बोबिल उर्फ बलवीर जैसा होगा।

# किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं: डिप्टी सीएम

- कानून व्यवस्था को लेकर सरकार प्रतिबद्ध


ब्रजेश पाठक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले में भ्रमण पर आए प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मोबाइल लूट के दौरान हुई छात्रा की मौत मामले पर कहा कि प्रदेश में सुरक्षा को लेकर सरकार की स्पष्ट नीति है। गुंडे बदमाशों को बख्शा नहीं जाएगा। जो अपराध करेगा वह सजा पाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश में कानून का राज कायम करने के लिए काम कर रही है।

किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। जो अपराध करेगा उसका हाल बेहाल किया जाएगा। सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। जो क्रिमिनल करेगा हीनियस क्राइम उसका भी होगा यही अंजाम; सीपी

मसूरी पुलिस के द्वारा बीटैक की छात्रा के साथ लूटपाट करने वाले बदमाश जीतू उर्फ जितेंद्र के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने युग करवट से बातचीत करते हुए कहा कि जो भी क्रिमिनल हीनियस क्राइम करेगा उसका अंजाम भी छात्रा का मोबाइल लूटने वाले बदमाशों जैसा होगा। मिश्रा ने कहा कि सभ्य समाज में ऐसी सनसनीखेज वारदात किसी को भी स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अपराध करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी।

# थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक लाइन हाजिर

- पीड़ित शिकायतकर्ता पर ही कार्रवाई करने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा को लाइन हाजिर कर दिया है। उनकी जगह अभी तक किसी की तैनाती नहीं हुई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रेटर नोएडा शहर में स्थित एक विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले चार छात्रों शनिवार को एलजी गोल चक्कर के पास से गुजर रहे थे, इसी दौरान उनकी कार आबकारी विभाग में तैनातिक सिपाही की कार से टकरा गई। इसमें छात्रों की कार का शीशा टूट गया। आरोप है कि सिपाही कार लेकर भाग गया। इसकी शिकायत करने पर पुलिस ने आबकारी निरीक्षक के दबाव में हिरासत में




लेकर छात्रों पर ही कार्रवाई कर दी। हालांकि पुलिस का कहना है कि आबकारी सिपाही छात्रों के उत्तेजित होने पर अपने दफ्तर आ गया था।

इसके बाद छात्र भी दफ्तर पहुंचे और हंगामा करने लगे थे। यह मामला सोशल मीडिया पर तूल पकड़ा। इस मामले में मुख्यमंत्री व लखनऊ के आला अधिकारियों को टैग करके सोशल मीडिया पर लिखा जाने लगा। उसके बाद मामले में लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा को लाइन हाजिर कर दिया गया।

# ग्रेटर नोएडा में पोते ने दादी की बहन को मारी गोली

- घर में टोना टोटका करने का था शक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दादरी थाना क्षेत्र में एक पोते ने अपनी दादी की बहन को गोली मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पोते को शक था कि वह उनके घर में टोना टोटका करती है, जिसकी वजह से घर में परेशानी रहती है। इसी के चलते उसने गोली मारी थी। फिलहाल आरोपी पोता फरार है।

दरअसल दादरी कोतवाली क्षेत्र के डेरीन कोट गांव मे देर शाम एक बुजुर्ग महिला को गोली मारने की सूचना पुलिस को मिली। जिसके बाद दादरी पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि बती 50 नाम की एक महिला हरियाणा से अपनी बहन राजकली के यहां पर आई हुई थी।

शाम के समय राजकली के पोते प्रीत ने पहले तो बती नाम की महिला से झगड़ा किया और उसके बाद तमंचे से गोली मार दी। जिसमें वह बुजुर्ग महिला घायल हो गई। आनन-फानन में घर वाले महिला को लेकर ग्रेटर नोएडा के अस्पताल पहुंच गए। जहां उन्होंने उपचार के लिए महिला को एडमिट कर दिया।


# रणदीप भाटी सहित चार को उम्रकैद की सजा

- सपा नेता चमन भाटी की गोली से भूनकर कर दी थी हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में जिला न्यायालय में गैंगस्टर माफिया रणदीप भाटी और उसके गैंग के तीन कुख्यातों को सपा नेता हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। 2013 में इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।

घर में घुसकर सपा नेता चमन भाटी की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय ने सपा नेता चमन भाटी हत्याकांड में चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 24 अप्रैल 2013 को ग्रेटर नोएडा के डाबरा गांव में घर में घुसकर चमन भाटी 35 की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। करीब 10 वर्ष बाद इस मामले में यह सजा सुनाई गई है । इस मामले में रणदीप भाटी, कुलवीर,



योगेश डाबरा व उमेश पंडित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। चमन भाटी को दो गनर मिले हुए थे लेकिन जिस दिन चमन भाटी की हत्या की गई दोनों छुट्टी पर थे। रेकी करने के बाद घर में घुसकर ही चमन भाटी को मौत के घाट उतारा गया। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की जिरह गवाह और साक्ष्यों के आधार पर जिला न्यायालय के गैंगस्टर कोर्ट ने चारों आरोपियों को दोषी माना और सजा सुनाई। इन लोगों को 302, 120 बी और 452 के मामले में दोषी पाया गया है। इस मामले में तीन आरोपियों को दोष मुक्त किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार


ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता को साइक्लोथान व दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागी।

### ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता को साइक्लोथान व दौड़ प्रतियोगिता

**नोएडा।** ब्रेस्ट कैंसर की जागरूकता माह के दौरान फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा और होटल क्राउन प्लाजा ने संयुक्त संयोजन में साइक्लोथॉन 2023 का आयोजन किया। इस साइक्लोथॉन में लगभग 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिन्होंने 20 किमी और 10 किमी के अपने लक्ष्य को पूरा किया। फोर्टिस अस्पताल ग्रेटर नोएडा के कॉरपोरेट मार्केटिंग हेड, ललित पांडे ने कहा, हम इस महत्वपूर्ण उद्देश के लिए आगे भी कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। वहीं डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया ने एक्टिव नोएडा पहल के तहत मैक्स हेल्थकेयर पटपड़गंज के सहयोग से ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए दौड़ का आयोजन किया। इस मौके पर 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतिभागियों के पास 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर की दौड़ के लिए चयन करने का विकल्प था।

### सलाम नमस्ते में यूथ थिंकर्स कॉन्क्लेव का आयोजन

**नोएडा।** आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में यूथ थिंकर्स कॉनक्लेव का आयोजन हुआ। सोमवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्तम स्कूल ऑफ गर्ल्स की शिक्षिका एवं छात्राओं ने अपनी मौजूद गी दर्ज करायी। वहीं कार्यक्रम के दौरान वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ समसामयिक घटनाओं पर सामाजिक जागरूकता एवं रचनात्मक बदलाव पर चर्चा की गई। सोमवार को कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने कहा कि यूथ थिंकर्स कॉन्क्लेव स्थानीय युवाओं को समसामयिक विषयों पर अपनी सोच को साझा करने का मौका देगा। यह कार्यक्रम सामुदायिक रेडियो द्वारा प्रत्येक महीने के पहले सप्ताह में अलग.अलग आयु वर्ग के लोगों के साथ विश्व पटल पर बदलते भारत के उज्जवल भविष्य जैसे विषयों पर आधारित होगा।

### बिल्डर के खिलाफ किसानों ने निकाला पैदल मार्च

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में अंसल बिल्डर उत्तम स्टील व सर्वोत्तम बिल्डर से प्रभावित किसान अपनी मांगों को लेकर रामगढ़ में कई दिनों से धरना.प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान नेता यशपाल भाटी ने बताया कि अंसल बिल्डर सर्वोत्तम बिल्डर रामगढ़ साइट पर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के 14वें दिन पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें किसानों के साथ महिलाएं भी शामिल हुई और बिल्डर के खिलाफजोरदार नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक उनका यह अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी रहेगा। इस दौरान किसान नेता सुनील फौजी सहित अन्य मौजूद रहें।

### दबंगों ने महिला को पीटा, वीडियो वायरल

**गाजियाबाद।** सोशल मीडिया पर सोमवार को महिला से दबंगों द्वारा मारपीट करने का एक वीडियो वायरल हुआ। दो दबंग एक महिला को बेरहमी से पीट रहे हैं। गाली गलौज करते हुए लात घूंसों से उनपर ताबड़तोड़ वार कर रहे हैं। घटना मुरादनगर थाना क्षेत्र की डिफेंस कालोनी की बताई जा रही है। वीडियो को एक्स पूर्व में ट्विटर पर अपलोड करते हुए पुलिस उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई है। पुलिस को फिलहाल कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। यह वीडियो करीब एक मिनट का है। इसमें एक महिला खड़ी है। इस बीच पड़ोसी दो व्यक्ति वहां आते हैं और महिला से गाली.गलौज करने लगते हैं। देखते ही देखते आरोपित महिला को पीटने लगते हैं। उन्हें जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटते हैं। एक व्यक्ति महिला को बचाता है तो आरोपित उससे भी गाली-गलौज करते हैं। यह सब पास में ही खड़े एक युवक ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया।

# गाजीपुर बॉर्डर से यूपी पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाया

- गाजियाबाद से दिल्ली जा रही रैली को रोका था, जनसंख्या कानून बनाने की है मांग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने के लिए गाजियाबाद से दिल्ली जा रही यात्रा को दिल्ली पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर पर रोक दिया। इसके विरोध में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन से जुड़े सैकड़ों लोग बॉर्डर पर ही धरना देकर बैठ गए।

ये धरना दोपहर करीब तीन बजे से चल रहा था। अभी रात में करीब साढ़े 10 बजे के आसपास पुलिस ने बलपूर्वक सभी को धरने से उठा दिया।



पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को डिटेन कर लिया है। उन्हें बस में भरकर अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। पुलिस का कहना है कि अब हाईवे का रास्ता खुल गया है। बता दें कि ये रैली जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले निकाली जा रही थी। इसके जरिए तकरीबन एक करोड़ लोगों के हस्ताक्षर वाले पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय को सौंपे जाने थे। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया, इस रैली में उत्तर प्रदेश सहित असम, त्रिपुरा, बिहार, पंजाब, झारखंड, राजस्थान, उड़ीसा आदि राज्यों के डेलिगेशन शामिल हैं। ये रैली रविवार सुबह 8 बजे गाजियाबाद में कौशांबी स्थित बैंक्वेट हॉल से शुरू हुई। बैंक्वेट हॉल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर गाजीपुर बॉर्डर है। यहां तक सभी लोग पैदल निकले। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे सभी लोग अपने.अपने वाहनों से प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली के लिए रवाना हो गये। इससे पहले दिल्ली में जंतर.मंतर पर धरना देने का कार्यक्रम था। ये रैली जैसे ही गाजीपुर बॉर्डर से आगे बढ़ी तो दिल्ली पुलिस ने उन्हें रोक दिया। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन लंबे वक्त से जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने के लिए आंदोलन चला रही है। दावा है कि दिसंबर.2022 से अब तक करीब एक करोड़ लोगों के हस्ताक्षर इस मांग के समर्थन में करवाए गए हैं।

# पीईटी परीक्षा के दौरान फर्जी तरीके से परीक्षा दे रहे दो मुन्ना भाई धरे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सूरजपुर पुलिस व एसटीएफ ने पीईटी की परीक्षा के दौरान दो मुन्ना भाइयों को गिरफ्तार किया है। जो दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर फर्जी तरीके से परीक्षा देने कॉलेज पहुंचे थे।

एग्जाम सेंटर पर चेकिंग के दौरान दोनों मुन्ना भाइयों के अंगूठे का निशान मैच नहीं हुआ। जिस पर 2 कॉलेज प्रशासन को शक हुआ। जिसके बाद कॉलेज के प्रिंसिपल ने दोनों फर्जी आरोपियों को पुलिस को सौंप दिया। रविवार को ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाने क्षेत्र के तिलपता गांव में स्थित भारतीय आदर्श इंटर कॉलेज में पीईटी की परीक्षाएं आयोजित की गई। जहां पर कॉलेज के प्रिंसिपल द्वारा सूरजपुर पुलिस को दो फर्जी परीक्षा देने वालों के खिलाफ शिकायत दी गई। जिसके आधार पर सूरजपुर पुलिस व एसटीएफ ने दोनों मुन्ना भाइयों को कॉलेज से गिरफ्तार कर लिया है।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग के द्वारा प्रत्येक वर्ष प्राइमरी एलिजिबिलिटी टेस्ट का आयोजन किया जाता है।

# धारदार हथियार से हमला कर अधेड़ की हत्या

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में 55 वर्षीय एक व्यक्ति की सोमवार तड़के अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से हत्यारों की तलाश में जुट गई है।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरीशचंद्र ने बताया कि नोएडा विकास प्राधिकरण के सेक्टर-40 स्थित स्टाफ क्वार्टर में रहने वाला शशि शर्मा अपने घर में मृत मिला। जांच के दौरान पुलिस को शर्मा के गले और शरीर के अन्य हिस्सों पर धारदार हथियार से वार के कई निशान मिले।

# ईयरफोन लगाकर संगीत सुन रहा छात्र तीसरी मंजिल से गिरा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय एक छात्र की रविवार रात उस समय अपने घर की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई, जब वह ईयरफोन लगाकर मोबाइल पर संगीत सुनते हुए नृत्य कर रहा था।

सेक्टर-20 थाने के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ला ने बताया कि सेक्टर-29 में रहने वाला सौमित्र विश्वास रविवार रात ईयरफोन लगाकर अपने घर की छत पर संगीत सुनते हुए नृत्य कर रहा था, तभी वह संदिग्ध



परिस्थितियों में तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। शुक्ला के मुताबिक, घटना में गंभीर रूप से घायल सौमित्र को कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेक्टर-20 थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा का वायु प्रदूषण खराब श्रेणी में

- जलाया जा रहा कूड़ा, आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत

पायनिय समाचार सेवा। नोएडा

दिवाली से पहले नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बढ़ते प्रदूषण का स्तर एक बार फिर से खतरे की घंटी बजा रहा है। नोएडा का वायु गुणवत्ता सूचकांक 281 और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 344 अंक दर्ज हुआ है, जोकि बहुत खराब रेड जोन श्रेणी में आता है।

इससे बुजुर्ग और बच्चों के लिए हवा हानिकारक साबित हो रही है। आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कतें आ रही है। जिला प्रशासन और प्रदूषण विभाग इससे निपटने के लिए कवायद शुरू कर दी है। दिवाली के पहले ही प्रदूषण का स्तर रेड जोन में पहुंचने से ग्रैप की गाइडलाइन के अनुसार पाबंदियां बढ़ाई जा सकती हैं। स्मॉग की चादर ने शहर को पूरी तरह से अपनी आगोश में ले लिया है। आसमान पर धूल के गुबार छाया हुआ है। प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए जिला प्रशासन और प्रदूषण विभाग इससे निपटने के लिए कवायद शुरू कर दी है, लेकिन इसका ये प्रयास भी नाकाफी साबित हो रहा है।

इसका कारण है कि ग्रेड रिस्पांस एक्शन प्लान का पालन पूरी तरह से नहीं किया जा रहा है, जगह-जगह कूड़ा जलाया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी नदारद हैं, उनकी लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सेक्टर जू.1 की कॉमर्शियल बेल्ट में रोजाना कूड़ा डाला जाता है, जो प्राधिकरण के ठेकेदार और निजी लोग डाल रहे हैं। आए.दिन कूड़े को जला दिया जाता है। वहीं एडब्ल्यूएचओ व एनटीपीसी आनंदम सोसाइटी के पास स्थित खाली जगह पर भी कूड़ा डाला जा रहा है। वहां भी कूड़े में आग लगा दी गई।

# छिजारसी से एफएनजी का सफर होगा आसान

- वर्क सर्किल चार सेक्टर-63 कट पर लगने वाली सब्जी मंडी को शिफ्ट किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

छिजारसी से एएफएनजी का सफर आसान कराने को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने कवायद शुरू कर दी है। ऐसे में खस्ताहाल सड़क को दुरुस्त कर अब छिजारसी से सेक्टर-63 की ओर आने जाने वाले मार्ग को दुरुस्त करने का निर्णय लिया गया है।

जल्द पुलिस प्रशासन के सहयोग से वर्क सर्किल चार सेक्टर-63 कट पर लगने वाली सब्जी मंडी को शिफ्ट करने जा रहा है, जिससे पीक आवर में एफएनजी व एनएच 9 की ओर से आने जाने वाले लोगों को सेक्टर-63 के अंदर आने जाने में दिक्कत न हो।



छिजारसी कट पर लगने सब्जी मंडी को एफएनजी की ओर सर्विस रोड पर शिफ्ट कराया जाएगा, जिससे यहां पर जाम की समस्या को खत्म किया जा सके। नोएडा प्राधिकरण उपमहाप्रबंधक सिविल श्रीपाल भाटी ने बताया कि लंबे समय से शिकायत आ रही थी कि सेक्टर-63 की ओर से छिजारसी की ओर जाने आने में दिक्कत हो रही है, क्योंकि शाम को इस रास्ते में सब्जी मंडी लग जाती है, जो सड़क तक को घेर लेती है। कई बार इसको हटाने का प्रयास किया जा चुका है, लेकिन कुछ समय के लिए राहत मिलती है। अब फैसला लिया गया है कि सड़क को दुरुस्त करने के बाद कुछ काम एफएनजी की सेक्टर की की ओर सर्विस रोड पर कराया जाएगा, जिससे सब्जी वालों को यहां पर शिफ्ट कराया जा सके।

इसके बाद सड़क व मुख्य मार्ग पर लगने वाले रेहड़ी ठेलें वालों को यहां पर बैठाया जाएगा, जिससे सड़क को खाली कराया जा सके। इससे सड़क पर यातायात जाम नहीं होगा, यातायात सुचारू रूप से चल सकेगा। चूंकि एफएनजी पर गोल चक्कर बना दिया गया है, इससे लोग गलत दिशा में भी नहीं चल सकेंगे। एफएनजी पर सफर आसान करने की प्रक्रिया लगातार चल रही है। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधीन आने वाली सड़क पर भी पैच वर्क करा दिया गया है, जिससे यातायात गड्ढों के कारण प्रभावित न हो। जल्द ही इस सड़क पर अतिक्रमण के लिए भी विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिससे सड़क से दुकानों को हटाया जा सके।

अगर आप फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद एएफएनजी एक्सप्रेसवे पर सफर रह रहे हैं तो चौकन्ना रहें। एक्सप्रेसवे पर अवैध कट आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर स्थानीय लोगों ने अपनी सहूलियत के लिए डिवाइडर तोड़कर रास्ता बना लिया है। अवैध कटों से बेधड़क आवाजाही हादसे का कारण बन रही है। रात के अंधेरे में घने कोहरे के बीच यह अवैध कट खतरनाक साबित हो रहे हैं। आए दिन यहां हादसों की संभावना बन रही है।

# करोड़ों रुपये के नकली नोट के साथ तीन गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दनकौर क्षेत्र के सालारपुर अंडरपास के नजदीक से पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

आरोपितों के कब्जे से करीब 8 करोड़ 30 लाख रुपए के नकली नोट और दो लाख 34 हजार रुपये के असली नोट बरामद हुए हैं। आरोपितों की पहचान विशाल चौहान और मोबिन खान निवासी दिल्ली और उपेंद्र सिंह निवासी आगरा के रूप में हुई है, जबकि लखनऊ निवासी आरोपितों का सरगना प्रवेश कुमार सिंह उर्फ डीके फरार है।

पुलिस सरगना की तलाश रही है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह कम्पनी और एनजीओ आदि संचालकों को ठगी का शिकार बनाते थे।

# कोर्ट का सम्मान करते हैं, आदेश से असहमत : आतिशी

## सिसोदिया को लेकर कानूनी विकल्प तलाशेंगे : आप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


आतिशी

आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने सोमवार को कहा कि पार्टी और उसके नेता उच्चतम न्यायालय का सम्मान करते हैं लेकिन पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज करने के उसके आदेश से वह सहमत नहीं हैं। इस मामले में कानूनी विकल्प तलाशेंगे। आतिशी ने कहा कि जांच एजेंसियों के खिलाफ तीखी टिप्पणियां करने के बावजूद अदालत ने प्रतिकूल आदेश दिया है।

आतिशी ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हो रही थी, उच्चतम न्यायालय ने ईडी से लगातार कठिन सवाल पूछे जैसे कि पैसे का लेन-देन कहां है।

क्या मनीष सिसोदिया के पास पैसा आया, उनके परिवार के पास पैसा आया या उनसे जुड़ी किसी कंपनी के पास पैसा आया। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार ये कहा कि, अगर ईडी मनीष के पास पैसे पहुँचते हुए नहीं दिखा सकती तो मनी लौंड्रिंग और पीएमएलए लगने का सवाल कैसे पैदा होता है।

शीर्ष अदालत ने सवाल भी पूछा कि ईडी का पूरा केस सिर्फ और सिर्फ एक अप्रूवर दिनेश अरोड़ा के बयान के आधार पर है। अप्रवूर तो स्वयं को बचाने के लिए कुछ भी कह सकता है। उसकी स्टेटमेंट पर कितना विश्वास किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान तीसरी बात जो स्पष्ट रूप से बार-बार सुप्रीम कोर्ट में कही गई कि, पॉलिसी मेकिंग कोर्ट के अवलोकन में नहीं आता है, पॉलिसी मेकिंग में अगर लॉबिंग हुई भी है तो वो तब तक अवैध नहीं है जब तक ये साबित नहीं होता कि पैसे एक व्यक्ति के हाथ से दूसरे व्यक्ति के हाथ में गये और जिस व्यक्ति के पास गये उसने मनी लौंड्रिंग का प्रयास किया। तब तक पीएमएलए लागू नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि, इन तीखी टिप्पणियों के बावजूद कोर्ट ने आज विपरीत ऑर्डर दिया है और मनीष सिसोदिया को बेल नहीं दी। आम आदमी पार्टी इस बाबत कोर्ट द्वारा जारी ऑर्डर का अध्ययन करेगी। उसमें उठाए गए सारे कानूनी मुद्दे को गहराई से देखेंगे और उसके बाद जो भी कानूनी विकल्प होंगे उनके आधार पर अगला कदम उठायेंगे।

आतिशी ने कहा कि, वह सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करती है और सम्मानपूर्वक ये कहना चाहते है कि आज कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय से असहमत है और इस पर आगे कानूनी तौर पर क्या किया जा सकता है उसकी तलाश करेंगे।

आतिशी ने दावा किया आम आदमी पार्टी एक ईमानदार पार्टी है। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में शानदार तरीके से सरकार चली है।

आज तक एक रुपये के भ्रष्टाचार में आम आदमी पार्टी का कोई भी नेता शामिल नहीं हुआ है। आम आदमी पार्टी ईमानदार थी, ईमानदार है और ईमानदार रहेगी।

## केजरीवाल पद से दें इस्तीफा : भाजपा

- बोले- शराब घोटाले में पैसे के लेन की कड़ियां केजरीवाल से जुडेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


रामवीर सिंह बिधूड़ी


सुधांशु त्रिवेदी

नेता नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि उच्चतम न्यायाल द्वारा पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी नामंजूर किए जाने के बाद अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास इस्तीफे के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा। सुप्रीम कोर्ट ने साफतौर पर कहा है कि पैसे के लेनदेन की कड़ियां साफ हैं। इन हालात में केजरीवाल को मुख्यमंत्री बने रहने का तब तक कोई अधिकार नहीं है जब तक इस मामले का फैसला नहीं हो जाता।

बिधूड़ी ने कहा कि वह विधानसभा के अंदर और बाहर लगातार यह कहते रहे हैं कि शराब नीति को लागू करने में सैंकड़ों करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। इसीलिए सीबीआई और ईडी ने भी मामले दर्ज किए और गिरफ्तारियां कीं। दूसरी तरफ केजरीवाल कहते आ रहे हैं कि कोई घोटाला हुआ ही नहीं है और सारे फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अब पैसे के लेनदेन की बात स्पष्ट रूप से स्वीकार किए जाने के बाद केजरीवाल का झूठ कहीं नहीं टिक रहा।

मनीष सिसोदिया निचली अदालत से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जमानत की अर्जी दाखिल कर चुके हैं लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए कोई भी कोर्ट उनकी जमानत लेने के लिए तैयार नहीं है।

सिर्फ शराब घोटाला ही नहीं बल्कि केजरीवाल ने सीएम आवास के नवीनीकरण से लेकर जल बोर्ड घोटाला, डीटीसी बस घोटाला, बिजली सबसिडी घोटाला, पीडब्ल्यूडी घोटाला, जासूसी घोटाला, अस्पताल घोटाला और क्लास रूम घोटाला आदि इतने घोटाले किए हैं कि अब उनकी गिरफ्तारी की बारी आने वाली है। इस बीच भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने दावा किया था कि सिसोदिया को उनके काम के लिए भारत रत्न दिया जाना चाहिए लेकिन भ्रष्टाचार के मामले में उनकी जमानत याचिका छह बार खारिज हो चुकी है।

अब यह संवैधानिक और कानूनी रूप से केजरीवाल की जिम्मेदारी है कि वह अदालत को बताएं कि धन कहां है और साथ ही इस बारे में दिल्ली की जनता को बताना भी उनकी नैतिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा, ऐसा कहा जाता है कि लोग शराब पर अपना पैसा बर्बाद करते हैं, दिल्ली सरकार ने इस पर सरकारी खजाने को बर्बाद कर दिया। भाजपा नेता ने केजरीवाल नाटक करने का आरोप लगाया और कहा कि आप नेता कथित घोटाले में अपनी पार्टी की ईमानदारी की पुष्टि करने के लिए महात्मा गांधी के स्मारक पर भी गए थे।

केजरीवाल ने महात्मा गांधी को भी इसमें घसीट लिया, जबकि वह शराबबंदी के पक्षधर थे और उनकी जयंती के दिन शराब की बिक्री भी प्रतिबंधित है। त्रिवेदी ने दावा किया कि आप सरकार में भ्रष्टाचार के बढ़ता पैमाना धीरे-धीरे स्थापित हो रहा है।

# हिंदू कॉलेज ने 15 छात्रों को किया निष्कासित



- छात्रसंघ चुनाव के दौरान अनुशासनहीनता का लगा आरोप
- अनुशासनात्मक संसाधन समिति की सिफारिशों पर की गई यह कार्रवाई : अंजू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव के दौरान अनुशासनहीनता के आरोपों में हिंदू कॉलेज के करीब 15 छात्रों को निष्कासित कर दिया गया है तथा तीन और छात्रों के खिलाफ कार्वाई की जा रही है। हिंदू कॉलेज की प्राचार्य अंजू श्रीवास्तव ने सोमवार को कहा, कॉलेज की अनुशासनात्मक संसाधन समिति की सिफारिशों पर यह कार्रवाई की गई है जिसने कॉलेज के चुनाव के दौरान काम में बाधा पहुंचाने में इन छात्रों की संलिप्तता पाई है।

अंजू श्रीवास्तव ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि छात्रों को बाधा पहुंचाने में उनकी संलिप्तता के स्तर के आधार पर एक सीमित अवधि के लिए निष्कासित किया गया है। कॉलेज की अनुशासनात्मक संसाधन समिति (डीआरसी) ने 27 अक्टूबर को भेजे एक ईमेल में छात्रों को सूचित किया कि उसने कॉलेज में 15 से 18 सितंबर के दौरान हुए छात्रसंघ चुनाव में उनकी घोर अनुशासनहीनता पर संज्ञान लिया है। समिति ने अपने ईमेल में 16 अक्टूबर को छात्रों के साथ बैठक का हवाला दिया जिसमें इसने छात्रों को कथित घटनाओं में उनकी संलिप्तता की तस्वीरें और वीडियो दिखाए थे। ईमेल में कहा गया, समिति ने पाया है कि 15-18 सितंबर के दौरान आपका आचरण घोर अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। हिंदू कॉलेज के छात्रों ने सितंबर में कॉलेज में प्राइम मिनिस्टर और सेंट्रल काउंसिलर पदों के लिए 30 छात्रों के नामांकन खारिज किए जाने को लेकर भूख हड़ताल की थी। हिंदू कॉलेज में छात्रसंघ के प्रमुख को अध्यक्ष के बजाय प्राइम मिनिस्टर कहा जाता है। कॉलेज ने नामांकन रद्द करने के पीछे कम हाजिरी होने की वजह बताई थी और मामला बढ़ने पर जांच के आदेश दिए थे। निष्कासित किए गए एक छात्र ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा, कॉलेज ने प्रैक्टिकल में हमारी हाजिरी पर ध्यान नहीं दिया और केवल थ्योरी कक्षाओं में उपस्थिति पर गौर किया। हमने प्रशासन से अपनी हाजिरी के बारे में नोटिस जारी करने की मांग की।

लिंगदोह समिति द्वारा निर्धारित नियमों के तहत छात्रसंघ चुनाव लड़ने वाले छात्रों के लिए योग्यता मानदंड में कम से कम 75 फीसदी हाजिरी होना आवश्यक है। डीआरसी के प्रमुख रामेश्वर राय ने कहा, चुनाव के दौरान बाधा उत्पन्न करने में संलिप्तता को लेकर करीब 15 छात्रों को निष्कासित कर दिया गया है और तीन अन्य के खिलाफ जांच जारी है। अनुशासनात्मक समिति ने अधिकतम चार महीने के लिए निष्कासित किया है।


कर्तव्य पथ पर मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम के दौरान कलाकार नृत्य करते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

# मजदूर की चाकू घोंपकर हत्या



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के शाहदरा स्थित गीता कॉलोनी इलाके में 26 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके दोस्त ने किसी बात को लेकर चाकू घोंपकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे इलाके के बी ब्लॉक पार्क के बाहर हुई।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित रवि प्रकाश मजदूरी करता था। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को प्रकाश खून से लथपथ अवस्था में जमीन पर पड़ा मिला। उस पर चाकू से कई वार किए गए थे। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित के एक परिचित व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

### लड़के की हत्या का आरोपी नाबालिग धरा

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में एक किशोर की कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या करने के मामले में 14 वर्षीय लड़के को सोमवार सुबह पकड़ लिया गया। बाड़ा हिंदू राव अस्पताल ने रविवार रात पुलिस को सूचना दी कि 16 वर्षीय अरुण को यहां भर्ती कराया गया है, जिसे पेट में चाकू घोंपी गई है। उन्होंने बताया कि सोमवार तड़के इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, दो दिन पहले मामूली बात को लेकर अरुण का आरोपी के साथ झगड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि इसी का बदला लेने के लिए आरोपी ने रविवार को अरुण पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी को पकड़ लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने खुलासा किया है कि पुरानी रंजिश के चलते उसने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। साथ अपराधिक रिकॉड खंगाले जा रहे है।

## द्वारका में सीवर लाइन के गड्ढे में गिरी वैन

*नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका में इलाके में एक वैन चालक उस समय बाल-बाल बच गया जब उसका वाहन भास्कराचार्य कॉलेज के पास सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदे गए एक बड़े गड्ढे में गिर गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, रविवार रात करीब 10 बजकर 30 मिनट हमें सूचना मिली कि एक वैन निर्माणाधीन नाले वाले स्थान पर गिर गई है। एक व्यक्ति को मामूली चोटें आने पर अस्पताल ले जाया गया, उपचार के बाद (उसे) घर वापस भेज दिया गया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने है, जिसमें वैन गड्ढे में गिरती हुई दिखाई दे रही हैं और नाले में लोहे की छड़ें बाहर निकली हुई हैं। वाहन के खुले गेट को देखकर लग रहा है कि चालक उसमें से निकल चुका था।*

## दिल्ली दंगा : हत्या के प्रयास के मामले में दोषी को सात साल की सजा

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 के दंगों से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए यहां की एक अदालत ने हत्या के प्रयास के आरोप में एक दोषी को सोमवार को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि यह कोई मामूली अपराध नहीं था और कुछ ऐसे कारक भी हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अदालत ने अपराध में विशिष्ट भूमिका को ध्यान में रखते हुए एक अन्य दोषी को भी पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि पुलिस पर गोलीबारी करना इन दोनों की राज्य को चुनौती देने की तत्परता को दर्शाता है और यह रवैया समाज के लिए खतरनाक है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने इमरान उर्फ मॉडल और इमरान के खिलाफ मामले की सुनवाई की।

## यातायात परामर्श : रन फॉर यूनिटी आज, इंडिया गेट के पास वाहनों की आवाजाही पर लगी रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी के लिए मंगलवार को इंडिया गेट सी-हेक्सेगन मार्ग पर सुबह 6:45 बजे से नौ बजे तक वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। पुलिस ने बताया है कि इस दौड़ में करीब 7,700 प्रतिभागियों के हिस्सा लेंगे।

इसके चलते तिलक मार्ग-भगवान दास रोड, पुराना किला रोड, , शेरशाह रोड, मथुरा रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, क्यू प्वाइंट और मानसिंह रोड गोल चक्कर, जसवंत रोड, केजी मार्ग-फिरोज शाह क्रॉसिंग और मंडी हाउस पर वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यह दौड़ राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित की जाएगी और मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम के गेट संख्या-1 से इसे हरी झंडी दिखाई जाएगी। यात्रियों को रिंग रोड-सराय काले खां-आईपी फ्लाईओवर-राजघाट और लाला लाजपत राय मार्ग-डब्ल्यू प्वाइंट-ए प्वाइंट मार्ग लेने की सलाह दी गई है। यातायात पुलिस ने कहा कि पूर्व से पश्चिम जाने वाले यात्री आईपी मार्ग-ए प्वाइंट-डब्ल्यू प्वाइंट-सिकंदरा रोड-मंडी हाउस-फिरोजशाह रोड- मथुरा रोड-एसबीएम- क्यू प्वाइंट-अब्दुल कलाम मार्ग से अपने गंतव्यों तक पहुंचें।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्तव्य पथ पर अमृत कलश लेकर पहुंचे अश्विनी चौबे



**नई दिल्ली।** कर्तव्य पथ पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे बिहार के विभिन्न जिलों से माटी लेकर आए हुए लोगों के साथ अमृत कलश लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि देश के वीरों और वीरांगनाओं के प्रति सम्मान का प्रतीक मेरी माटी मेरा देश अभियान जन अभियान बन गया। सोमवार को कर्तव्य पथ मिनी भारत के रूप में रंग गया है। बिहार के कलाकारों की प्रस्तुति पर सभी छठ महापर्व के रंग में दिखे। केंद्रीय मंत्री छठ महापर्व का लेकर कर्तव्यपथ पर पहुंचे, तो सभी महापर्व छठ की रंग में रंग गए।

### हंसराज कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में द्विभाषीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन हंसराज कॉलेज के पूर्व प्राचार्य और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रथम डीन ऑफ कॉलेजेज रहे सुप्रसिद्ध गणितज्ञ स्वर्गीय शांति नारायण की स्मृति में किया गया। प्रतियोगिता 'यह सदन नियतिवाद के स्थान पर स्वतंत्र इच्छा को वरीयता देगा' हिंदी और अंग्रेजी भाषा में आयोजित की गयी। वैजयंती ट्रॉफी की विजेता दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी की टीम रही, वहीं हिंदी भाषा में सर्वश्रेष्ठ दल का पुरस्कार आर्ट फैकल्टी दिल्ली विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में हंसराज कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर रमा, संजीव नारायण, डॉ. प्रभांशु ओझा, दिल्ली भाजपा उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह , उत्तरी दिल्ली डीसीपी मनोज मीणा , आरएसएस के सह प्रान्त प्रचार प्रमुख रजनीश जिंदल , आरपीएफ डीजी मनोज यादव , इनकम टैक्स कमिश्नर गिरीश बाली , राजन राव आदि मौजूद थे।

### गार्गी कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सम्मेलन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठिति गार्गी कॉलेज में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 परिप्रेक्ष्य, चुनौतियां और भविष्य' शीर्षक से सम्मेलन का का आयोजन किया जाएगा। गार्गी कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पूनम फोगाट ने बताया, कार्यक्रम 3 और 4 नवंबर को कॉलेज परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, यूजीसी के अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार समेत दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन और प्रशासनिक प्रमुखों के अलावा कॉलेज के अध्यक्ष और प्राचार्य शामिल हैं।

### भारत नेशनल पब्लिक स्कूल में होगा एथलेटिक मीट

**नई दिल्ली।** राजधानी के राम विहार के भारत नेशनल पब्लिक स्कूल में दूसरे एसएस खुंगर मेमोरियल स्पोर्ट्स फेस्ट : एथलेटिक मीट का आयोजन 2 से 4 नवंबर को किया जाएगा। इसकी जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल कंवलजीत खुंगर ने सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस मीट में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लगभग 30 स्कूल भाग लेंगे। यह आयोजन विभिन्न ट्रैक स्पर्धाओं में अंडर 14 और अंडर 16 लड़कों और लड़कियों के लिए एक रोमांचक प्रतियोगिता होने वाली है। कार्यक्रम में दिल्ली के शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता (आईएएस) मुख्य अतिथि और स्केटिंग (रिले टीम) में एशियन गेम्स की कांस्य पदक विजेता हीरल साधु विशेष अतिथि होंगी।

### वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**नई दिल्ली।** द्वारका स्थित सेंट ग्रेगोरियस स्कूल के वार्षिक उत्सव के अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेंट स्टीफंस कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जॉन वर्गीज समेत बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद थे। स्कूल के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने प्रबंधन, स्टाफ, छात्रों और अभिभावकों के प्रयासों को बधाई दी। उन्होंने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर स्कूल की स्थिति के बारे में भी दर्शकों को जानकारी दी।

# नरेला, बवाना और भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करने पर जोर

- उपराज्यपाल ने बुनियादी ढांचे को व्यापार करने के अनुकूल बनाने का निर्देश दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


औद्योगिक पुनर्वास के लिए चिन्हित साइट का दौरा करते उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना।

उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ने नरेला, भोरगढ़ और बवाना में दिल्ली राज्य औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) द्वारा औद्योगिक पुनर्वास के लिए चिन्हित साइट का दौरा किया।

उद्योगों की स्थिति और कामकाज शुरू करने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे की कमी पर हैरानी जताई। उन्होंने डीएसआईआईडीसी, एमसीडी और डीडीए समेत दूसरी संबंधित एजेंसियों से क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को व्यापार करने के अनुकूल बनाने का निर्देश दिया। उपराज्यपाल इस बात से नाराज दिखाई दिए कि पिछले 10 वर्षों से उत्तरी दिल्ली के भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में कोई उन्नयन कार्य नहीं किया गया और क्षेत्र में इसके लिए चिन्हित 3917 भूखंडों में से केवल मुट्ठी भर इकाइया काम कर रही थीं।

सक्सेना ने इस बात हैरानी जताई कि 1996 के बाद, जब सुप्रीम कोर्ट ने गैर-घरेलू क्षेत्रों से उद्योगों को निर्दिष्ट औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था, तब से बीते 26 वर्षों में स्थिति जस की तस बनी हुई है। यहां तक कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं भी मौजूद नहीं हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में नालियां जाम पाई गई और उनका उचित रखरखाव भी नहीं किया गया है।

यहां तक कि सड़कों और गलियों में भी बड़े पैमाने पर मरम्मत के काम की जरूरत है, और स्ट्रीट लाइटें भी अभी तक नहीं लगाई गई हैं। उपराज्यपाल ने हैरानी जताई कि इन हालातों में, जब यहां पर स्थानांतरित उद्योग ही दोबारा काम शुरू करने की स्थिति में नहीं हैं तो कोई भी दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों में एफडीआई की उम्मीद कैसे कर सकता है।

### बिजली के लटकते तारों पर जताई नाराजगी

उपराज्यपाल ने निजी बिजली वितरण कंपनी को विशेष रूप से नरेला औद्योगिक क्षेत्र में लटकते तारों को हटाने का भी निर्देश दिया। बवाना में उद्योग मालिकों के संघ ने उपराज्यपाल का ध्यान क्षेत्र में बनी कई अवैध इमारतों और कुछ भूखंड आवंटियों द्वारा भवन उपनियमों का उल्लंघन करने की तरफ दिलाया। उन्होंने कहा कि आग या अन्य दुर्घटनाओं की स्थिति में इसका गलत प्रभाव पड़ेगा। उपराज्यपाल ने नरेला और बवाना में एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट का भी दौरा किया। अपने निरीक्षण के दौरान, उपराज्यपाल ने नरेला, भोरगढ़ और बवाना औद्योगिक क्षेत्रों में सफाई, सड़कों की मरम्मत, सीवरेज और बिजली से जुड़े सभी कार्यों को पूरा करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और अन्य संबंधित एजेंसियों को 15 नवंबर, 2023 तक का समय दिया है।

# बृजभूषण ने दिल्ली की अदालत के अधिकार क्षेत्र पर उठाए सवाल

- महिला पहलवानो से यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी हैं सांसद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सोमवार को महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई को लेकर दिल्ली की अदालत के न्यायिक अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि कथित कृत्य देश में हुआ ही नहीं है।

छह महिला पहलवानों की ओर से बृजभूषण के खिलाफ दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के एक मामले की दिल्ली की अदालत सुनवाई कर रही है। बृजभूषण के वकील ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल की अदालत के समक्ष कहा, कोई ऐसा कृत्य या परिणाम नहीं है जो भारत में घटित हुआ हो। अभियोजन की कार्यवाही के मुताबिक, कथित अपराध टोक्यो, मंगोलिया,बुल्गारिया, जकार्ता, कजाकिस्तान, तुर्किए आदि देशों में हुआ, इसलिए इसकी सुनवाई यह अदालत नहीं कर सकती।

उत्तर प्रदेश के कैसरगंज निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के सदस्य बृजभूषण के वकील राजीव मोहन ने अपनी दलील में कहा कि कथित तौर पर भारत से बाहर हुए अपराध पर सुनवाई करना इस अदालत के न्यायिक अधिकार क्षेत्र के तहत नहीं आता।

# फिर एसएमए पीड़ित बच्चे के उपचार में मदद को आगे आया कैनविन फाउंडेशन

**बच्चे को लेकर माता-पिता कैनविन फाउंडेशन में मदद के लिए पहुंचे**

**कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने हर आम व खास से मदद का किया आग्रह**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कैनविन** फाउंडेशन के संपर्क में फिर से एक स्पाइनल मस्क्यूलर एट्रॉफी (एसएमए) बीमारी से पीड़ित बच्चे के माता-पिता आए हैं। सोमवार को बच्चे के साथ कैनविन आयोगय धाम में वे बच्चे को लेकर पहुंचे। उन्होंने गुहार लगाई कि बच्चे के उपचार के लिए 17.5 करोड़ रुपए एकत्रित कराने में उनकी मदद करें। कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने उन्हें आश्वस्त किया कि पहले दो बच्चों के उपचार में की गई मेहनत की तरह इस बार भी वे लोगों से क्राउड फंडिंग का आग्रह करेंगे। डा. डीपी गोयल ने कहा कि एसएमए नामक बीमारी का उपचार एक मात्र 16 करोड़ रुपए का टीका है, जो कि अमेरिका से मंगवाया जाता है। खास बात यह है कि यह टीम बच्चे की उम्र के 2 साल तक ही लगाया जा सकता है। यानी दो साल होने से जितना पहले यह टीका लग जाए, उतना ही ज्यादा फायदा होता है।


बच्ची शिवांशी व उसके परिजनों के साथ लोगों से उपचार के लिए फंडिंग का आग्रह करते डा. डीपी गोयल।

उन्होंने कहा कि पहले भी एसएमए पीड़ित दो बच्चों रेयांश मदान व कनव जांगड़ा के उपचार में कैनविन फाउंडेशन मदद के लिए आगे आया। डा. डीपी गोयल ने कहा कि इस उद्देश्य के साथ कैनविन का गठन किया गया है, उसमें फाउंडेशन सफल हो रहा है। आम और गरीब व्यक्ति के साथ उपचार कराने में पूरी तरह से असमर्थ लोगों, असहाय लोगों के लिए कैनविन अच्छा काम करने का प्रयास करता है।

कोई भी व्यक्ति दान शिवांशी मिश्रा के खाता संख्या- 2 2 2 3 3 3 0 0 8 0 8 1 1 3 7 (आईएफएससी कोड- आरएटीएन0वीएएपीआईएस) में डाल सकता है। उन्होंने अपील की कि रेयांश व कनव की तरह से अब 17 माह की बच्ची शिवांशी मिश्रा का जीवन बचाने में भी मदद करें। 17.5 करोड़ रुपए की भारी-भरकम रकम लोगों के सहयोग से ही एकत्रित हो सकती है। अकेला परिवार या व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता।

शिवांशी मिश्रा के पिता आकाश मिश्रा व मां आरती शुक्ला ने भी मार्मिक अपील करते हुए कहा है कि शिवांशी का जीवन बचाना आप सबके हाथ में है। एक रुपया भी दान देकर शिवांशी का जीवन बचाने में सहयोग करें। शिवांशी के पिता आकाश मिश्रा ने बताया कि पहले दो बच्चों को एसएमए का टीका लगवाने में कैनविन फाउंडेशन ने मदद की थी। इसका उन्हें पता चला। इसलिए वे कैनविन फाउंडेशन में पहुंचे हैं।

# करवा चौथ की तैयारी को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़ जमकर हो रही खरीदारी

**सोहना।** करवा चौथ को लेकर बाजारों में महिलाएं जमकर खरीदारी कर रही है। ज्वेलर्स की दुकान से लेकर, मेहन्दी लगाने वाली, कॉस्मेटिक, कपड़ा और ब्यूटी पार्लरों में भारी भीड़ शुरू हो गई है। करवा चौथ से दो दिन पहले से स्थानीय बाजारों में जबर्दस्त भीड़ हुई है। रविवार को बाजार पूरी तरह से बंद होने से सोमवार की सुबह 10 बजे से ही महिलाएं खरीदारी करने पहुंच गई। वही दुकानदारों ने त्योहार को देखते हुए सोमवार की अपनी दुकानों को समय से पहले ही खोल दिया। पकड़े की दुकान से लेकर ज्वेलर्स, कॉस्मेटिक की दुकान पर महिलाओं की भारी भीड़ रही। मेहंदी लगवाना हुआ मंहगा

बाजार में पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष मेहन्दी लगाने वालों ने भी रेटों में भारी वृद्धि की है। प्रत्येक चित्र पर 200 से लेकर 1000 रुपये तक बढ़ा दिए है। इसके साथ घर पर ही मेहन्दी लगवाने पर भी फीस में सीधा एक हजार रुपए अधिक लिए जा रहे है। मेहंदी के अलग-अलग चित्र के हिसाब से कीमतें बढ़ाई है। इसके अलावा भीड़ अधिक होने पर भी मेहन्दी लगाने की कीमतों में बढ़ौत्तरी की जा रही है।


सोहना में युवक महिला के हाथ पर मेहंदी लगाते हुए।

**ब्यूटी पार्लर में भीड़** : करवा चौथ से दो दिन पहले ही ब्यूटी पार्लर में 80 फीसदी बुकिंग हो चुकी है। सरोज का कहना है उसके पास एक माह पहले से ही महिलाओं ने बुकिंग करा दी थी। दो दिन में उसके पास पहले से ही 32 महिलाओं का मेकअप करना है। उसने 5 महिलाओं को मेकअप करने के लिए बुलाया हुआ है। जिन्हे 10 हजार से 17 हजार रुपये दो दिन का मेहन्ताना देना है। उसके पास 3 हजार से लेकर 10 हजार रुपए वाली बुकिंग है।

**कॉस्मेटिक सामान में वृद्धि नहीं** : इस बार कॉस्मेटिक के सामान में वृद्धि नहीं है। पिछले वर्ष वाले ही दाम हि। दुकानदार गौरव सिंगला ने बताया कि कॉस्मेटिक का 90 फीसदी सामान पिछले साल वाली कीमत में ही है। उन्होंने ने बताया कॉस्मेटिक के सामान में तीन से चार साल बाद कीमतों में अंतर आता है।

# रिटायर्ड जज के साथ मॉर्निंग वॉक कर रहे व्यक्ति पर जानलेवा हमला

**घर से बाहर निकाल कर बीच सड़क डंडों से की पिटाई**

**पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**यहां** सेक्टर-14 में एक रिटायर्ड जज के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यक्ति को कार सवार लोगों ने डंडों से पीटा। लाठी-डंडों से लैस को अपनी तरफ आता देख वह व्यक्ति एक घर में घुस गया था। फिर भी हमलावरों ने उसे घर से बाहर निकाल बीच सड़क पर जमकर पीटा और फरार हो गया। पीड़ित की ओर से पुलिस को शिकायत दी गई है।


सीसीटीवी में कैद मारपीट की घटना व घायलावस्था में सड़क पर तड़पते प्रतुल कुमार जैन।

जानकारी के अनुसार प्रतुल कुमार जैन नामक व्यक्ति सेक्टर-14 में रिटायर्ड जज निर्मल कुमार के साथ मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। घूमते हुए वे एक घर के बाहर खड़े ही थे, इसी बीच एक कार में सवार होकर कुछ युवक आए। प्रतुल कुमार जैन को कुछ अंदेशा हुआ। वह पीछे हटा। जब वे उसकी तरफ तेजी से आए तो वह उस घर के भीतर चला गया। सभी युवक भी उस घर के अंदर गए और प्रतुल कुमार जैन को खींचकर बाहर लाए। सड़क पर गिराकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों की संख्या 4 बताई गई है। पास के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह सारा घटनाक्रम रिकॉर्ड हो गया। पीछे से जब कुछ लोग उधर आ रहे थे तो चारों हमलावर प्रतुल कुमार जैन को बुरी तरह से घायल करके फरार हो गए।

सेक्टर-15 पुलिस थाना में दी शिकायत में प्रतुल कुमार जैन ने कहा कि हमलावर उनकी प्रॉपर्टी पर कब्जा करना चाहते हैं। इसलिए वे उन पर दबाव भी बनाते आ रहे हैं। अब उन्होंने जानलेवा हमला कर दिया। प्रतुल कुमार जैन के बेटे श्रेयांश जैन ने बताया कि इस घटना में उनके जानकार तीन लोगों का हाथ है। प्रॉपर्टी का उनसे पुराना विवाद चला आ रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू की। साथ ही एक आरोपी को हिरासत में भी लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में लेकर भी जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षा और स्वास्थ्य है हमारी मूलभूत जरूरत: हीरालाल


मेडिकल कैंप का शुभारंभ करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** भगवान परशुराम परामर्श केंद्र राजीव नगर ईस्ट में एक मेडिकल कैंप का आयोजन निरामय चैरिटेबल ट्रस्ट व गुड़गांव विकास मंच के सहयोग से किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी हीरालाल शर्मा थे।

कार्यक्रम के अध्यक्षता गुरुग्राम के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर त्रिलोक नाथ आहुजा द्वारा की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बिजली यूनियन के नेता बनवारी लाल शर्मा, इंजीनियर सोनू कौशिक थे। कार्यक्रम के आयोजक अजय शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर 141 लोगों ने अपने नेत्रों की जांच कराई। सभी को निशुल्क दवाइयां निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से दी गई है। इस तरह का यह हमारा 41 वा मेडिकल कैंप था। जिसमें मरीजों आम नागरिकों ने इसका फायदा उठाया। मुख्य अतिथि हीरालाल शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने देश के लिए कुछ ना कुछ करना चाहिए। हमारे देश को बहारी ताकतों की बजाय आंतरिक दुश्मनों से खतरा है। हमें आंतरिक मामलों में भी हस्तक्षेप करना चाहिए।

# महिलाओं को जनप्रतिनिधित्व करने का पूरा अवसर दें: पंचायत मंत्री


रविवार को प्रदेश सरकार के पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली गांव रिठौज में रोहताश खटाना के निवास पर संबोधन करते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**प्रदेश** सरकार में पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कहा चुनी गई महिला पंच से लेकर सरपंच, समिति सदस्य, चेयरपर्सन को जनता का प्रतिनिधित्व करने के लिए आगे आना चाहिए। जिससे जनप्रतिनिधि महिलाओं उनका अधिकार और कर्तव्य का ज्ञान होगा।

जेजेपी नेता रोहताश खटाना के निवास रिठौज में रविवार को पहुंचे कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र सिंह की बैठक में एक भी जनप्रतिनिधि महिला नहीं पहुंची। जबकि खंड की 35 ग्राम पंचायतों में 156 के लगभग महिला पंच, 17 के लगभग महिला सरपंच, 7 के करीब समिति सदस्य के अलावा समिति की चेयरपर्सन और उपचेयरपर्सन पदों पर महिलाएं है। पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली से प्रेसवार्ता के दौरान पूछा सवाल पर हैरान हो गए।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग के कानून की पालना करनी चाहिए। जनप्रतिनिधि के पद पर चुनी गई महिलाओं को उनका पूरी अधिकार और पद के अनुसार कर्तव्य निभाने का अवसर देना चाहिए। महिला का परिजन साथ आए जरूर। लेकिन वह जनप्रतिनिधि महिला को जनता के हक की लड़ाई लड़ने की हिम्मत दिलानी चाहिए।

**महिलाएं पहली पंक्ति में बैठे** : पंचायत मंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं को लेकर होने वाली बैठकों में महिला जनप्रतिनिधि को सबसे आगे बैठाए। उनके साथ आए पुरुष भी बैठकों में आए। लेकिन पीछे बैठे। शिक्षित महिलाएं अच्छा प्रतिनिधित्व करना जानती है। ऐसी महिलाओं को देखकर अन्य महिलाओं का भी हौसला बढ़ता है।

### चुनाव आयोग के आदेश की हो पालना

**महिलाओं** के आत्म विश्वास को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधित्व करने से चुनाव आयोग के कानून की पालना होगी। अभी तक महिलाओं को ग्राम पंचायत के सबसे छोटे पद पंच से लेकर जिला परिषद में 50 फीसदी भागीदारी निभाने का अधिकार दिया है।

# आम आदमी पार्टी 2024 में हरियाणा में बनाएगी सरकार: धर्मेन्द्र खटाना

**पार्टी का जनाधार बढ़ता देख विरोधी पार्टियों के छूट रहा पसीना**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**आम** आदमी पार्टी के जिला अध्यक्षत धर्मेन्द्र खटाना ने कहा कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव निकट आता जाएगा। वैसे-वैसे अन्य दलों के नेता लोगों को लुभावने वायादों में फंसाने के लिए आएंगे। लेकिन आज का मतदाता भोला और जागरुक है और वह अपना हित समझकर ही वोट डालता है।

सोहना के दमदमा मार्ग पर स्थित आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र खटाना ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में पूरी मजबूती से कदम रखें है। वर्ष 2024 के चुनाव में आम आदमी पार्टी अपनी ताकत दिखाते हुए सरकार बनाने का काम करेगी। आम आदमी पार्टी का जनाधार बढ़ता देख विरोधी पार्टियों के पसीना छूटने लगा है। अभी तो प्रदेश की भाजपा-जजपा पार्टी ने लुभावने वायदें का झूंझना देना शुरु कर दिया है। जल्द ही कांग्रेस समेत अन्य विपक्षिय पार्टियों के नेता भी जनता के बीच में आने की तैयारी करने में जुट गए है।


धर्मेन्द्र खटाना।

धटना ने कहा कि रविवार को प्रदेश सरकार में पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिह बबली ने भी रिठौज में ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच , समिति सदस्यों समेत आम लोगों को विकास की याद दिलाई। आज सत्ताधारी पार्टी नई-नई योजनाओं को खुलाशा तो कर रही है। लेकिन धरातल पर कछ नजर नहीं आ रहा है। ऐसे ही अन्य राजनीति दलों के नेता वायदें करने के लिए आएंगे। लेकिन प्रदेश से लगती दिल्ली और पंजाब में आम आदमी की सरकारों के विकास को देखते हुए यहा की जनता हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी को अवसर देने का मन बना चुकी है।

# सोहना के वार्ड नंबर 15 में चुनाव की गरमाहट शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के वार्ड-15 में पार्षद पद के लिए होने वाले उपचुनाव में राजनीति गरमाने लगी है। दोनों ही प्रत्याशी मतदाताओं के दरबार में हाजिर लगाने में जुट गए हैं।

नगर परिषद वार्ड नंबर 15 में राजनीति चुनाव की गरमाहट शुरू हो गई है। वर्ष 2022 में इसी वार्ड में विजेता और उपविजेता परिवारों से मैदान में उतरे प्रत्याशियों के बीच में यह मुकाबला हो रहा है। जानकार सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनाव में मतदाता बदलाव के मूड में नजर आ रहे है। मतदातों के इसी मन को भापते हुए संदीप सिंगला ने एड़ी-चोटी का जोर लगाना शुरु कर दिया है। पिछले चुनाव में रही खामियों को टटोलते हुए उन्हे दूर करने का प्रयास कर रहे है। संदीप सिंगला को इससे पहले चार अन्य उम्मीदवारों के मैदान छोड़ने का फायदा होने वाला है। अपना नामांकन वापस लेने वाले उम्मीदवारों अपने पक्ष में लेने के प्रयास तेज कर दिए है। ताकि अपने विरोधी को कड़ी टक्कर देकर जीत हासिल की जा सके। यह तो अब चुनाव होने में बचे चार दिनों में पता चलेगा। संदीप सिंगला अपने विरोधी को कितनी टक्कर देने में कामयाब होगा।


संदीप सिंगला।

# रन फॉर यूनिटी का आयोजन लघु सचिवालय नूंह में आज

**मेवात।** जिला प्रशासन की ओर से सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिसके तहत कल प्रातः 7.30 बजे लघु सचिवालय नूंह से अलवर-दिल्ली रोड तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सरदार वल्लभाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी के माध्यम से युवाओं को नशे जैसी बुराई से बचने व राष्ट्र निर्माण में अपनी अह्म भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर युवाओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई जाएगी।

# सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटा गुरुग्राम नगर निगम


सफाई व्यवस्था का जायजा लेते संयुक्त आयुक्त।

**गुरुग्राम।** शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह से जुटा हुआ है। इसके तहत सभी संयुक्त आयुक्त अपने-अपने जोन में मौके पर उपस्थित रहकर कचरा उठान तथा सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करवा रहे हैं।

नियमित व निगम रोल पर नियुक्त सफाई कर्मचारियों की बेबुनियादी हड़ताल के चलते नगर निगम गुरुग्राम ने सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों व अन्य गणमान्य नागरिकों की भागीदारी के साथ विभिन्न क्षेत्रों से कचरा उठान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके तहत अतिरिक्त मैनपावर, ट्रेक्टर-ट्रॉली सहित अन्य सफाई संसाधन आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों तथा अन्य गणमान्य नागरिकों को उपलब्ध करवाए गए हैं। ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों में कचरा उठान तथा सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुटे हुए हैं। नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में कार्य कर रही सभी निजी एजेंसियों को अलग-अलग क्षेत्र अलॉट किए हुए हैं। एजेंसी के कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था कार्य में लगे हुए हैं। नगर निगम द्वारा एजेंसियों को स्पष्ट व कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे उनको आवंटित क्षेत्रों में कचरा उठान व सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करें। जो एजेंसी अपना कार्य सही प्रकार से नहीं करती है, उस पर नियमानुसार पैनल्टी लगाई जा रही है तथा उसके बावजूद भी कार्य में कोताही बरतने वाली एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की भी कार्रवाई की जा सकती है। शहर के आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक तथा गणमान्य व्यक्ति सरकार तथा निगम प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि हड़ताली कर्मचारियों को हड़ताल के दौरान का वेतन ना दिया जाए। पिछली हड़ताल के दौरान जानकारी मिली थी कि हड़ताली कर्मचारियों को सरकार व निगम प्रशासन द्वारा वेतन की अदायगी कर दी गई थी।

# दीपावली पर जगमग होगा गुरुग्राम, शहर में लगेंगी 15000 स्ट्रीट लाइट

**गुरुग्राम।** इस दिवाली नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शहर को दुधिया रोशनी से जगमग करने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके तहत एक ओर जहां 15000 नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी, वहीं दूसरी ओर पहले से लगी लाइटों के संचालन एवं रख-रखाव के लिए दो एजेंसियों को कार्य सौंप दिया गया है। नगर निगम गुरुग्राम के कार्यकारी अभियंता (इलेक्ट्रिकल) विक्की कुमार के मुताबिक ईईएसएल के एमओयू को खत्म कर दिया गया है। पहले से लगी लाईटों के संचालन एवं रख-रखाव के लिए जोनवाईज दो एजेंसियों को कार्य सौंपा गया है। नूमैक पावरटैक को जोन-2 व जोन-3 में संचालन व रख-रखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि जोन-1 व जोन-4 में यह कार्य शांति इलेक्ट्रिकल एजेंसी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में बेहतर लाईट व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए नगर निगम पूरी तरह से गंभीर है तथा शहर वासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना अब नहीं करना पड़ेगा।

# सरकारी स्तर पर प्रेस दिवस मनाने व चौथे स्तम्भ मीडिया को टोल फ्री सुविधा की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जर्नलिस्ट** एसोसिएशन गुरुग्राम (जेएजी) की ओर से दो महत्वपूर्ण विषयों राष्ट्रीय प्रेस दिवस सरकारी स्तर पर मनाने व लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया को टोल प्लाजाओं पर फ्री सुविधा की मांग उठाई है। इसके लिए जल्द ही मुख्यमंत्री हरियाणा से भी मुलाकात की जाएगी।

एसोसिएशन के प्रधान संजय यादव ने कहा कि आगामी 16 नवम्बर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। इस दिवस को सरकारी स्तर पर मनाया जाना चाहिए। राष्ट्रीय प्रेस दिवस को पूर्व में भी सरकारी स्तर पर मनाया जाता रहा है।

जिला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के माध्यम से पत्रकारों का यह पर्व मनाया जाता था। फिर जिला लोक सम्पर्क विभाग सक्रिय पत्रकार संगठन के माध्यम से राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाने लगा। समय के साथ यह परम्परा भी खत्म हो गई। संजय यादव ने कहा है कि पत्रकारों के इस पर्व को सरकार राज्य स्तर पर मनाए। ऐसा करने में कोई विभागीय या संवैधानिक बाधा आती हो तो लोक सम्पर्क विभाग को जिला स्तर पर मनाने के निर्देश जारी किए जाएं। इस कार्य में किसी भी सक्रिय संस्था का सहयोग लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल मीडिया फ्रेंडली हैं। वे पत्रकारों के मान-सम्मान का पूरा ख्याल रखते आए हैं। उनसे यह उम्मीद की जाती है कि पत्रकारों का मान बढ़ाने के लिए वे सरकारी स्तर पर राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाने के निर्देश जारी करेंगे। प्रधान ने सरकार से यह भी मांग की है कि लोकतंत्र के चारों स्तम्भ को बराबर माना जाए।


प्रधान संजय यादव।

# गुरुग्राम के बाद हरियाणा के पंजाबियों को बोधराज सीकरी एक मंच पर लाए

**सभी जिलों में जाकर लोगों से बैठक की और प्रदेश स्तर की संस्था बनाई**

**पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी को बनाया गया है पैटर्न**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पंजाबी** समुदाय को एकजुट करने में जुटे समाजसेवी एवं हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने अब प्रदेश स्तर पर इस काम को अमलीजामा पहनाया है। एक टीम बनाकर उन्होंने हरियाणा के सभी 22 जिलों में जाकर वहां की 46 पंजाबी बिरादरियों (संस्थाओं) से मंत्रणा की औैर इस काम को सिरे चढ़ाते हुए उनसे इस संदर्भ में पत्र भी लिए।

पंजाबियों को एक छत्र के नीचे लाने के उद्देश्य से समाजसेवी बोधराज सीकरी की अगुवाई में हरियाणा के सभी जिलों में पंजाबी अरोड़ा व खत्री सभाओं ने अहम निर्णय लिया। पहले कुछेक एक ही विचारधारा वाले व्यक्तियों के एक ग्रुप ने पांच अक्टूबर को बोधराज सीकरी से गुरुग्राम में बैठक की। उन्होंने आग्रह किया कि हमें पूरे हरियाणा में पंजाबियत का एक समूह बनाना चाहिए। अब गुरुग्राम में पंजाबी बिरादरियों के प्रधान व अन्य पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में नई संस्था बनाने पर चर्चा हुई। सभी ने बिना चुनाव की प्रक्रिया के बोधराज सीकरी को एक मत से नई संस्था का अध्यक्ष घोषित किया। उन्हें अपनी टीम अपनी इच्छा से बनाने के लिए भी अधिकृत किया। वे नई संस्था का प्रारूप जल्दी पंजीकृत कराएंगे। सीकरी ने कहा कि पंजाबियत, इंसानियत व रुहानियत एक ही शब्द के पर्यायवाची हैं। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। सभी ने सामूहिक रूप से बोधराज सीकरी का अभिनंदन किया और नये उत्तरदायित्व के लिए उन्हें साधुवाद दिया। नई संस्था पहली जनवरी 2024 से अपना काम प्रारंभ करेगी।


गुरुग्राम में पंजाबी समुदाय की बैठक में मौजूद प्रतिनिधि।

## इज़राइल-हमास टकराव

### भारत की समझ

**हमास** के आतंकी हमले के बाद इज़राइल पूरी ताकत से जवाबी कार्रवाई कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में तत्काल युद्ध रोकने के लिए पेश प्रस्ताव पर मतदान में भारत ने भाग नहीं लिया क्योंकि इसका अर्थ आत्मरक्षा में कार्रवाई कर रहे इज़राइल के 'हाथ बांधना' होता। जार्डन द्वारा पेश इस प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों पर जोर देते हुए युद्धविराम का आह्वान किया गया था। इसमें बिना शर्त सिविलियन बंधकों को रिहा करने तथा गाजा में बेरोकटोक आवश्यक सामग्री की सप्लाई की मांग की गई थी। प्रस्ताव का समर्थन अनेक अरब और इस्लामी देशों ने किया था जिनमें मिस्र, ओमान, यूएई व रूस शामिल हैं। भारत ने इस प्रस्ताव पर एक संशोधन रखा जिसमें हमास की आतंकी कार्रवाई की निन्दा की गई थी, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। भारतीय प्रतिनिधि ने नागरिकों के हताहत होने तथा बिगड़ती सुरक्षा स्थितियों पर गंभीर चिन्ता प्रकट की। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि वह बातचीत के आधार पर द्वि-राष्ट्र समाधान के पक्ष में है और उसने सभी पक्षों से हिंसा रोकने तथा शांति वार्ताओं की दिशा में काम करने का अनुरोध किया। भारतीय राजनयिकों ने स्पष्ट कर दिया है कि जहां भारत फिलिस्तीनी जनता के अधिकारों का समर्थक है, वहीं वह हमास को आतंकी संगठन मानते हुए इज़राइल पर उसके हमले की घोर निन्दा करता है। इज़राइल के प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री ने अपने देश के 'अस्तित्व पर संकट' की बात कही है। भारत समझता है कि इज़राइल को अपनी रक्षा का पूर्ण अधिकार है।



भारत-इज़राइल संबंध दिनोंदिन मजबूत हो रहे हैं, लेकिन वह फिलिस्तीनी जनता तथा उसके मानवाधिकारों की भी अनदेखी नहीं करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकट के फौरन बाद फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की और वहां मानवीय सहायता भेजी। यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने फिलिस्तीन की यात्रा की थी और उनको फिलिस्तीन ने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित भी किया था। फिलिस्तीनी नेताओं को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसके व इज़राइल के बीच संबंध सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन फिलिस्तीनी नेतृत्व में 'चरमपंथी' तत्वों के वर्चस्व तथा हमास के आतंकी हमले के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है। पश्चिमी देशों और अमेरिका ने भी हमास के आतंकी हमले के खिलाफ इज़राइल के जवाबी हमले के अधिकार को स्वीकार किया है। संयुक्त राष्ट्रसंघ के प्रस्ताव में संरा. प्रस्तावों तथा अंतरराष्ट्रीय कानूनों के आधार पर शांतिपूर्ण तरीके से इज़राइल-फिलिस्तीन टकराव के स्थाई समाधान की बात कही गई है। लेकिन प्रस्ताव में हमास के आतंकी हमले और दुनिया में बढ़ते आतंकवाद के प्रति कुछ नहीं कहा गया है। भारत स्वयं लंबे समय से आतंकवाद का शिकार रहा है और उसके अनेक प्रयासों के बावजूद अभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'आतंकवाद' की स्पष्ट परिभाषा तक नहीं तय हुई है। निरपराध इज़राइली नागरिकों पर हमास के अकारण आतंकी हमले तथा गाजा में अस्पतालों व नागरिक भवनों के नीचे सुरंगों में आतंकी अड्डे बनाने और उनमें राकेट व मिसाइलें रख कर हमास ने वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का जघन्यतम व सबसे खतरनाक स्वरूप प्रस्तुत किया है। इससे आतंकवाद और आतंकवादियों से लड़ने की अवधारणाओं व रणनीतियों में व्यापक परिवर्तन जरूरी हो गया है। नागरिक बस्तियों में अपने अड्डे बनाने तथा वहां मिसाइलें व राकेट रखने वाले आतंकी स्वयं ही निरपराध नागरिकों के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं।

# मित्रतापूर्ण भारत-दक्षिण कोरिया संबंध

दक्षिण कोरिया अपनी महत्वपूर्ण क्षमताओं से भारत में बंदरगाहों के आधुनिकीकरण, समुद्री अर्थव्यवस्था तथा ग्रीन-शिपिंग पहलों के वि-कार्बनीकरण में सहायक हो सकता है।



**दत्तेश डी. पारुलेकर**
(लेखक, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के विशेषज्ञ हैं)



वर्तमान समय में दुनिया यूरो-एटलांटिक आयाम की तुलना में हिंद-प्रशांत आयाम पर ज्यादा जोर दे रही है। इसका विस्तार जनसंख्या संरचना, व्यापार, निवेश प्रवाह तथा तकनीकी क्षेत्रों में देखा जा सकता है। आज अनेक निवासी व अनिवासी बड़ी व मध्यवर्ती शक्तियां अनेक रणनीतिक आयामों को बढ़ावा दे रही हैं जिनसे शक्ति संतुलन में परिवर्तन आ रहा है। कोरिया गणराज्य-आरओके ने 'स्वतंत्र, शांतिपूर्ण व समृद्ध हिंद-प्रशांत रणनीति'-एसएफपिप की शुरुआत दिसंबर, 2022 में की है। इससे पहले से ही क्षेत्र की बहुलतावादी भू-रणनीतियों में नए व्यापक आयाम जुड़े हैं।

सियोल के 'हिंद-प्रशांत' दृष्टिकोण का प्रारंभ राष्ट्रपति यून सुक युइयोल ने किया जिसने आने वाले वर्षों के लिए दक्षिण कोरिया की विदेश नीति परिभाषित की है। इसमें पूर्व एशियाई देश ने अपने उत्तरी पड़ोसी के संबंध में अस्तित्व के साथ ही अपनी राजनय का विस्तार किया है तथा मूल्यवान राजनीतिक पूंजी अर्जित की है। इसमें अमेरिका-चीन प्रतियोगिता के साथ ही सुरक्षा और आर्थिक आयामों पर ध्यान देते हुए व्यापक दृष्टिकोण अपनाया गया है। संभावित 'ग्लोबल पिवटल स्टेट'-जीपीएस की घोषणा के साथ ही इसमें 'आर्थिक और तकनीकी रणनीतिक साझेदारियों' पर जोर दिया गया है। इस प्रकार एक अखिल-एशियाई राजनीतिक-राजनयिक समाजीकरण पर जोर दिया गया है जो बहु-ध्रुवीयता के माध्यम से सार्वजनिक कल्याण के लिए जीवन्त औद्योगिक, तकनीकी, ढांचागत व खोज क्षमताओं का विस्तार करना चाहता है।

यह दृष्टिकोण राष्ट्रपति मून जे-इन की नई दक्षिण नीति-एनएसपी को परिभाषित करता है जो गुणात्मक रूप से विशिष्ट है। एनएसपी दक्षिण-पूर्व एशिया और हिंद-प्रशांत में परंपरागत साझीदारों के साथ एसएफपिप के अंतर्गत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना विस्तार करना चाहती है। अनेक राजनीतिक विश्लेषक इसे उसकी बहु-प्रतीक्षित राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं का विस्तार मानते हैं। जहां एनएसपी में दक्षिण व दक्षिण पूर्व एशिया को एकसाथ रखा गया था, वहीं हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण अपने आप में अलग है। इसमें जीवन्त उभरती शक्ति के रूप में भारत का महत्व स्वीकार किया गया है। भारत को साथी-साझीदार मान कर द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने के साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र तथा पूर्वी अफ्रीका के तटीय क्षेत्रों में उसका महत्व स्वीकार किया गया है। नई हिंद-प्रशांत नीति ऐसे समय आई है जब दुनिया की सर्वोच्च दस अर्थव्यवस्थाओं में शामिल दक्षिण कोरिया स्वयं को रणनीतिक महत्व वाली स्थिति में देख रहा है। वह जी-7 में स्थाई आमंत्रित होने के साथ ही अनौपचारिक 'एमआईकेटीए' गठजोड़ में सहभागी है। वह चीन के वर्चस्ववादी तकनीकी-राष्ट्रवाद के जवाब में 'टी-10' का हिस्सा है। कोरिया गणराज्य-आरओके की हिंद-प्रशांत नीति भारत के संबंध में सर्वाधिक बेहतर ढंग से परिभाषित है। सियोल की तरह नई दिल्ली भी लंबे समय से अपनी विदेश नीति और राजनय में पाकिस्तान से पीड़ित रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान अवस्थापना इस दुष्चक्र से बाहर निकल रही है। पूर्व समाजवादी-जुड़ाव से बाहर निकलने के बाद भारत अपनी अर्थव्यवस्था का पुनर्गठन कर रहा है और उसने क्षेत्रीय तथा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। लेकिन मानव संसाधन तथा खोज के क्षेत्र में आगे बढ़ने के बावूद भारत अभी जनता को सुविधायें प्रदान करने में थोड़ा पीछे है। नई दिल्ली और सियोल परंपरागत रूप से अनेक प्रकार से जुड़ रहे हैं, पर अब वे चीन के साथ संबंधों में व्यावहारिकता व प्रतिरोध का प्रयोग कर आर्थिक व तकनीकी संतुलन पुनः स्थापित कर रहे हैं। इसके साथ ही वे वाशिंगटन व बीजिंग के साथ अपनी सीमायें भी परिभाषित करना चाहते हैं, हालांकि बहुत जल्दबाजी में वे चीन के साथ संबंध पूरी तरह तोड़ना नहीं चाहते हैं।

दक्षिण कोरिया के आर्थिक समीकरण 2009-10 के समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते-सीपा से जुड़े हैं, लेकिन इसके बावजूद वह जापान की तरह अपने संबंधों को पुनः परिभाषित भी कर रहा है। जापान के उलट दक्षिण कोरिया भारत की सार्वजनिक क्षेत्र परियोजनाओं में बड़ा निवेशक नहीं रहा है, हालांकि सियोल भारत की मध्यकालीन व दीर्घकालीन विकास परियोजनाओं के प्रति आकर्षित है। वह अपना निर्यात चीन से अलग हटा कर उसका विविधीकरण दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया व अफ्रीका में करना चाहता है।

वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र की भू-राजनीतिक व भू-आर्थिक व्यवस्थाओं में पांच रणनीतिक आयामों के माध्यम से सक्रिय रूप से प्रवेश करना चाहता है। इनमें महत्वपूर्ण व उभरती तकनीकें, आम आदमी को लाभ पहुंचाने वाली तकनीकें, मजबूती के लिए सप्लाई श्रृंखला का विविधीकरण, हार्ड व साफ्ट वार्यड ढांचागत संरचनायें तथा जन-केन्द्रित वैश्वीकरण शामिल हैं। इससे खोज में मानव प्रतिभा व श्रमबल का बेहतर उपयोग किया जा सकता है। क्वाड ने भी इन रणनीतियों को महत्व दिया है और कोरिया गणराज्य ने सार्वजनिक रूप से इसमें शामिल होने की इच्छा प्रकट की है। इस प्रकार वह हिंद-प्रशांत में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में साझीदारी करना चाहता है जिससे उसका भू-अर्थनीति में महत्व बढ़ेगा।

भारत अनेक क्षेत्रों में तेजी से अपनी कमियां दूर कर रहा है। इनमें संवेदनशील औद्योगिक निर्माण की संवेदनशील व अन्य तकनीकों में कमियां शामिल हैं। इसके लिए पीएलआई योजना लागू की गई है, ऊपर से नीचे तक सार्वजनिक ढांचागत संरचना का डिजिटलीकरण किया जा रहा है तथा टिकाऊ ढांचागत फाइनेंसिंग के लिए राजकोषीय व्यवस्था की जा रही है। इस मामले में भारत ने स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाते हुए स्टार्टअप खोज, सेमीकंडक्टर हब निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा विकास, बहु-आयामी लाजिस्टिक विकास तथा शहरीकरण पर जोर दिया है। इससे दक्षिण कोरिया की कंपनियों को भारत में विस्तार के लिए अनेक क्षेत्र मिले हैं। दक्षिण कोरिया उच्चस्तरीय भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्तीय व आपरेशनल रूप से साझीदार बन सकता है। दक्षिण कोरिया अपनी उच्चस्तरीय क्षमताओं से भारत के महत्वपूर्ण व महत्वाकांक्षी उत्तर-आधुनिकीकरण, द्वीपीय विकास, समुद्री अर्थव्यवस्था तथा वि-कार्बनीकृत शिपिंग पहलों में भाग ले सकता है। इससे सियोल जापान और अमेरिका की तरह भारत की 'विकास गाथा' में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकता है।

दक्षिण कोरिया बदलते भारत की अनेक क्षमताओं का लाभ उठा सकता है। भारत अपनी विशाल युवा जनसंख्या के चलते एक विशाल बाजार है। प्रवासन या विस्थापन को सीमित कर वह बौद्धिक पूंजी का भंडार बन सकता है। भारत अपने देश में आवागमन सुविधाओं का असाधारण तेजी के साथ विस्तार कर रहा है। इसके साथ ही वह भारतीयों की आवश्यक व अनिवार्य महत्वाकांक्षाओं को भी अधिकाधिक संबोधित कर रहा है। भारत अपने देश में बाजार के विस्तार के साथ ही बाजार-अर्थव्यवस्था से अधिकाधिक लाभ उठाना चाहता है। सप्लाई श्रृंखलाओं के विकास पर भारत बहुत जोर दे रहा है।

इसका लाभ दक्षिण कोरिया की कंपनियां उठा सकती हैं। दक्षिण कोरिया गणराज्य-आरओके का हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण एक ऐसा मंच है जिससे उसकी भूमिका और दृश्यमानता बहुत बढ़ जाती है। उसे भारत के साथ अपने संबंधों को समन्वित विकास तथा समुचित सहभागिता में साझीदार के रूप में करने चाहिए। भारत-दक्षिण कोरिया के बीच समझौतों से दोनों देशों को शुभ संकेत मिलते हैं। दक्षिण कोरिया-भारत के बीच मित्रतापूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों के विकास को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं, बल्कि इससे क्षेत्र का रणनीतिक ढांचा बदलने में भी सहायता मिलती है।

# संघर्षों और हताशा से मुक्ति का मार्ग

> "निराशा झुंझलाहट की एक मानसिक स्थिति है, एक दमघोंटू भावना जो व्यक्ति को व्याकुल कर देती है।"

**रवि वल्लूरी**
(लेखक, रेलवे विभाग से संबद्ध हैं)



एक प्रतिष्ठित स्कूल की दो लड़कियां आपस में घनिष्ठ मित्र हुआ करती थीं। उन्हें 12वीं कक्षा की परीक्षा देनी थी। रेनू असाधारण रूप से प्रतिभावान थी। उसे परीक्षा पास करनी थी और स्कूल में नंबर एक पोजीशन पर आना था। रेनू केवल पॉड दिव्या के साथ सहानुभूति ही रख सकती थी, क्योंकि बाद का प्रदर्शन उसके बराबर नहीं था। दिव्या के मन में नकारात्मक विचारों का सैलाब उमड़ पड़ा और वह अपनी दोस्त के प्रति ईर्ष्या की भावना से भर गई। प्रदर्शन और नतीजों ने छात्रों में खुशी, दुख, आशा, प्यार, स्पष्ट उत्साह, गुस्सा और यहां तक कि नफरत और ईर्ष्या भी पैदा कर दी।

मानव जीवन इतना अनमोल है कि निराशा और संघर्ष जैसी प्रतिकूल भावनाएँ विचार प्रक्रिया में बाधा बन जाती हैं। जब मन में राक्षसी विचार पनपते हैं, तो हमारे प्राण का स्तर गिर जाता है और सिकुड़ जाता है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति की कार्यक्षमता गिर जाती है।

निराशा झुंझलाहट स्वयं में एक मानसिक स्थिति होती है, एक दमघोंटू भावना जो व्यक्ति को व्याकुल कर देती है। ऐसा हमेशा तब होता है जब कोई प्रत्याशित वांछनीय उद्देश्य या लक्ष्य पूरा नहीं हो पाता है। यह असामान्य व्यवहारिक और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है। ये गंदगी, भूसा, आक्रामक प्रवृत्ति, मानसिक स्थिरता, स्वैच्छिक या अनैच्छिक चुनौती को त्यागने का प्रयास, पलायनवाद, दैनिक जिम्मेदारी से बचना, रोना, बेकार और अस्वीकृति की भावना का प्रभावी होना, शराब की लत लग जाना, अत्यधिक धूम्रपान करना, मादक द्रव्यों के सेवन से भिन्न हो सकते हैं। और स्पेक्ट्रम के अंतिम छोर पर आत्मघाती प्रवृत्ति भी पैदा हो सकती है।



संघर्षों को झगड़े या फूट कहा जा सकता है। ये व्यक्तियों, झगड़ालू गुटों या संगठनों के बीच होते हैं। इकाई एक राजनीतिक निकाय, एक कॉर्पोरेट संगठन या यहां तक कि एक परोपकारी एजेंसियां भी हो सकती है। दृष्टिकोण-दृष्टिकोण विवाद की उत्पत्ति दो लाभप्रद और समीचीन प्रतिमानों के बीच चयन से उभरती है। परिहार-परिहार परस्पर विरोधी शत्रुता का निर्माण दो नकारात्मक विकल्पों के बीच चयन में निहित है। ये मुख्यतः अवांछनीय सरोगेट्स हैं। इस तरह के दुस्साहस का एक उत्कृष्ट उदाहरण तब होता है जब किसी व्यक्ति को एक विचित्र दुविधा का सामना करना पड़ता है कि वह या तो अपने दांतों को सड़ने दे या दंत चिकित्सक से इलाज कराए।

मानव मस्तिष्क को सभी संभावित परिस्थितियों से जूझने के लिए प्रशिक्षित और प्रेरित करने की आवश्यकता है। एक स्टॉक व्यक्ति, एक कॉर्पोरेट मुखिया या एक जानकार सभी को तेजी से आगे बढ़ने के लिए अपने व्यवहार पैटर्न की योजना और व्यवस्थित करना होगा। इसके लिए बहुत बड़ी तपस्या की आवश्यकता है। दिमाग को प्रेरित करने में अगला कदम छोटे कदम उठाना और अल्पकालिक लक्ष्य स्थापित करना है जो शिल्प में महारत हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। कुछ लक्ष्यों के पूरा होने पर मानव मन तनावग्रस्त हो जाता है। अपने आप को छोटे-मोटे पुरस्कारों से संतुष्ट करना विलक्षण होगा, एक फिल्म शो, कुछ छोटे उपहार या शायद एक छोटी छुट्टी भी।

प्रत्येक अवसर पर, जब कोई उद्देश्य पूरा हो जाता है, या कोई लक्ष्य प्राप्त हो जाता है तो यह अत्यधिक उत्साह के संचार होने का क्षण होता है। मन ऐसे सकारात्मक कदमों का समर्थन करता है और अगले शिखर पर चढ़ने के लिए स्वयं को तैयार करता है। यदि लक्ष्य अत्यावश्यक प्रतीत होते हैं तो उन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ना और वैज्ञानिक तरीके से उनसे संपर्क करना आशावादी प्रवृत्ति का परिचायक होगा। जीवन में वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा किये गये कठोर परिश्रम के परिणामों की कल्पना करना दिमाग के लिए हमेशा निर्भर होने योग्य और लाभकारी होगा।

एक मानव या कॉर्पोरेट संगठन की इकाई को लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए मन और स्वयं को तैयार करने के लिए आवश्यक रूप से पहले एक स्वाट विश्लेषण अवश्य करना चाहिए। प्रेरणादायक लेखक शैनन एल एल्डर लिखते हैं, कभी-कभी, भगवान आपको इसे जीतने के लिए लड़ाई में नहीं भेजता है, वह आपको इसे खत्म करने के लिए भेजता है।

## आप की बात

### केरल में विस्फोट

**केरल** के एर्नाकुलम के एक कन्वेंशन सेंटर में चल रही प्रार्थना सभा में एक के बाद एक तीन विस्फोट, दो लोगों की मृत्यु व 36 लोगों का घायल होना बहुत ही दुर्भागयपूर्ण व निंदनीय है। प्रदेश सरकार के साथ ही केंद्र सरकार की जांच एजेंसीज पता लगा रही है और आरोपियों या आतंकियों को खोजने के प्रयास कर रही हैं। वैसे आतंकियों का कोई मजहब नहीं होता और उनका मकसद सिर्फ दहशत फैलाना और जनजीवन अस्त-व्यस्त करना ही होता है। लेकिन दुःख की बात है कि ऐसी आतंकी घटनायें कुछ संकुचित सोच वाले राजनेताओं के लिए खाद-पानी का काम कर सकती हैं। आतंकी घटनाओं के माध्यम से सोशल मीडिया के माध्यम से भय या आतंक फैलाने अथवा किसी समुदाय को निशाना बनाने वालों पर भी कड़ी नजर रखनी जरूरी है। केरल भारत का ऐसा राज्य है जहां हिंदू, मुसलमान व ईसाई लगभग समान संख्या में हैं। इतना ही नहीं, केरल में ईसाई धर्म अंग्रेजों के आने के बहुत पहले ही आ गया था और अब तक अधिकांश ईसाई पूरी सद्भावना के साथ केरल के जन-जीवन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। ऐसे में केरल में शांति व सद्भावना के विकास में सभी राजनीतिक दलों व आम जनता को पूरी तरह सहभागिता निभानी चाहिए।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### प्रदूषण का प्रकोप

**दिल्ली- एनसीआर** में हर वर्ष की तरह इस बार भी ठंड शुरू होते ही भारी प्रदूषण की समस्या सामने आ रही है। पहले पंजाब में पराली जलाए जाने पर अरविंद केजरीवाल बेहद आक्रामक होते थे। अभी भी पंजाब में इसी तरह परली जलाई जा रही है मगर केजरीवाल जी कह रहे हैं कि पंजाब सरकार में आप की सरकार बनने से पराली जलना बंद हो गई है। जब सरकारी स्तर पर ही ऐसे ढकने -छुपाने के प्रयास किए जाएंगे तो जाहिर है कि पराली जलाना रुकने वाला नहीं है। हालांकि, दिल्ली सहित देश के सभी महानगरों में प्रदूषण के लिए सिर्फ पराली को दोष नहीं दिया जा सकता है। भारी संख्या में वाहनों द्वारा प्रदूषण फैलाया जा रहा है, कारखाने बढ़ रहे हैं, हरियाली घट रही है व पेड़ काटे जा रहे है। बढ़ती आबादी के साथ.साथ जंगल सिकुड़ते जा रहे हैं। ऐसे में पुराने वाहनों पर प्रतिबंध तथा डीजल वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना जरूरी हो गया है। सरकार द्वारा आवश्यक संख्या में स्माग टावर लगाना भी जरूरी हो गया है। इसके साथ नागरिकों को भी अपने स्तर पर वृक्षारोपण व प्रदूषण कम करने के लिए सामूहिक परिवहन का उपयोग करना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### वाल्मीकि जयंती

**वाल्मीकि जयंती** के अवसर पर धर्म और जाति से परे हटकर किए गए आयोजन इस बात का प्रतीक है कि देश में विभिन्न जातियां एवम समुदाय के द्वारा महापुरुषों का सम्मान-सत्कार मिलकर करने की एक नई परंपरा विकसित हो रही है। यह देख कर खुशी होती है कि हम सभी भारतीय आपसी भाईचारा, सद्भाव व समभाव की अवधारणा के अनुरूप समाज को तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं। आज से 40 साल पहले यह कल्पना से परे था कि वाल्मीकि जयंती और रविदास जयंती को समाज के सभी वर्गों द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। वाल्मीकि जयंती को वाल्मीक समाज और रविदास जयंती को उनके अनुयाई ही मनाते थे। भारत के प्रधानमंत्री ने भी आदिवासी समाज द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दिए बलिदान की प्रशंसा करते हुए इसी अवधारणा को रेखांकित किया है। जरूरत इस बात की भी है कि वाल्मीकि रामायण के साथ ही संत रविदास व अन्य भक्त कवियों व साहित्यकारों को जनता के बीच लोकप्रिय बनाने का भी अभियान चलाया जाए क्योंकि इसके बिना इन महापुरुषों का समुचित सम्मान संभव नहीं लगता है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### भोजन का महत्व

**प्रतिदिन** सुबह उठते ही शरीर की जैविक घड़ी चलने लगती है। पहले चाय की तलब लगती है, उसके बाद नाश्ता फिर भोजन। अमीर हो या गरीब हर कोई अपनी मनपसंद का भोजन चाहता है। हमारे शास्त्रों में भोजन को परम ब्रह्म कहा गया है और इसके लिए केवल स्वाद ही महत्वपूर्ण नहीं है। लेकिन आजकल -खाओ पियो, ऐश करो का फैशन है। हर शहर में कुछ चीज अपने बेमिसाल जायके के लिए प्रसिद्ध है। समय के साथ-साथ खाने की वस्तुओं का दायरा और स्वाद भी बदलता जा रहा है। विभिन्न धर्मानुयाइयों में भी भोजन की अलग-अलग सोच और व्यवस्थाएं होती है। हमारे देश में शादी विवाह खुशी और त्योहारों के अनुसार सदियों से विशिष्ट व्यंजन बनाए जाने का प्रचलन चला आ रहा है। बचपन से ही हमें उन त्योहारों का इंतजार रहता है। इन दिनों में खाने को विशेष व्यंजन मिलते हैं। मिलावटखोरों और घटिया वस्तुओं के उपयोग करने वालों ने खाने को भी धीमा जहर बना कर रख दिया है। अतः स्वाद के साथ-साथ सेहत का ख्याल रखना भी जरूरी है।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# आधी आबादी को नजर अंदाज कर समाज सशक्त नहीं हो सकता

- मुख्यमंत्री ने विन्ध्याचल पहुंचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन कर प्रदेश वासियों के कल्याण की कामना की
- 202 करोड़ की 660 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास




संवाददाता। मीरजापुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्य नाथ सोमवार को विन्ध्याचल पहुंचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ दर्शन-पूजन कर प्रदेश व देश वासियों को सुख समृद्धि एवं कल्याण हेतु कामना की। तत्पश्चात निर्माणाधीन विन्ध्य कारीडोर का निरीक्षण किया तथा प्रगति की जानकारी ली। तैयार हो रहे भव्य विन्ध्य कारीडारे से मुख्यमंत्री द्वारा प्रसंन्ता भी जाहिर की गयी। निरीक्षण के दौरान परिक्रमा पथ, मन्दिर परिसर व कोतवाली मार्ग को भी देखा तत्पश्चात पक्का घाट मार्ग पर कुछ दूर चलकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विन्ध्याचल में दूर दराज से आये हुये किनारे खड़े दर्शनार्थियो के पास पहुंचकर उनसे वार्ता की तथा छोटे-छोटे बच्चों को बारी.बारी अपने गोद में लेकर दुलार व प्यार करते हुये चाकलेट भी प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान विन्ध्य कारीडोर का मॉडल दिखाकर जिलाधिकारी ने पूरे प्रस्तावित कारीडोर व निर्माण प्रगति के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मा. मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल, मा. विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन उपस्थित रहें। विन्ध्याचल मन्दिर में ही जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मा. मुख्यमंत्री को देवी चित्र व चुनरी भेंट कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

तत्पश्चात लालगंज में आयोजित नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन में पहुंचकर मुख्यमंत्री द्वारा सर्वप्रथम मंच पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण व कार्यक्रम में उपस्थित सभी नारी शक्तियों एवं महिलाओं का स्वागत अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात जनपद में 202 करोड़ की 660 विभिन्न जन कल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया गया साथ ही जन हितकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टूल किट वितरण करने के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 महिलाओं को विन्ध्य शक्ति सम्मान की उपाधि से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विन्ध्य शक्ति सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाओं में रेशू पटेल, सरिता देवी जय माता दी आजिविका स्वंय समूह, कजली लोकगीत विधा की गायिका पद्मश्री अजीता श्रीवास्तवए संध्या बर्नवाल, रशिमी सिंह प्राधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज चुनार, डॉ मृदुला जायसवाल बाल रोग विशेषज्ञ, निधि सिंह पटेल पावर लिफ्टिंग खिलाड़ी, नंदिनी मिश्रा प्रबोधनी शक्ति धामए समीरा फैज अभियोजन अधिकारीए शशि तिवारी उप निरीक्षक प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं मधुरिमा तिवारी अध्यापिका को विन्ध्य शक्ति सम्मान का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 202 करोड़ की लागत की 660 परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण व शिलान्यास किया गयाए जिसमें 8467.31 लाख की परियोजना का लोकार्पण एवं 11713.12 लाख की परियोजना का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां विन्ध्यवासिनी देवी का धाम नारी शक्ति के सशक्तिकरण का एक अच्छा उदाहरण है यहां पर तीनो देविया मां विन्ध्यवासिनी देवीए काली जी और अष्टभुजा देवी विराजमान है जो महालक्ष्मी, महाकाली व महा सरस्वती के त्रिकोण दर्शन से जीवन के सम्रग दर्शन कराता हैं, हम सबको एक नई प्रेरणा प्रदान करता है जो त्रिकोण के रूप में जाना जाता है। नारी शक्ति के प्रति सम्मान सबके दिल में हमेशा बना रहें, उसी के लिये मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम में भव्य विन्ध्य कारीडोर का निर्माण कराया जा रहा हैं।

उन्होने कहा कि कोई सोच भी नही सकता था कि मां विन्ध्यवासिनी धाम में इतना अच्छा और भव्य कारीडोर बनेगा। उन्होने कहा कि आने वाले श्रद्धालुओं को की संख्या बढ़ने से यहां के युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान होंगे। उन्होने कहा कि प्रत्येक दिन कई लाख की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आये। उन्होने कहा कि जनपद मीरजापुर में विन्ध्यवासिनी देवी के नाम से विन्ध्य विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जायेगा जिसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गयी हैं। जमीन भी चिन्हित करने की समस्त कार्यवाहियां पूर्ण करते हुये तत्काल प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुये कहा कि जल्द ही विन्ध्य विश्वविद्यालय का शिलान्यास करने के लिये भी हम सभी लोग आयेंगे। उन्होने कहा कि कोई सोचता भी नही था कि जनपद मीरजापुर में मेडिकल कालेजए विन्ध्यवासिनी कारीडोरए हर घर नल की योजना लागू होगा। मा. मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर नल योजना के माध्यम से हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल, सदस्य विधान परिषद श्याम नरायन सिंह उर्फ विनीत सिंह, सांसद राबटर्सगंज पकौड़ी कोल, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, विधायक चुनार अनुराग सिंह, विधायक मड़िहान रमाशंकर पटेल, विधायक मझवा डॉ विनोद बिन्द, जिला अध्यक्ष भाजपा बृज भूषण सिंह, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, चेयरमैन सहकारिता जगदीश सिंह पटेल के अलावा आईजी वाराणसी जोन राम कुमार, मण्डलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी संयुक्त मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद सहित सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## भगवान राम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक के प्रसंगों पर निकलेंगी 11 झांकियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

दीपोत्सव 2023

**योगी** सरकार द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम की सारी तैयारी हो चुकी है। यहां निकलने वाली पारंपरिक शोभायात्रा की तैयारी तेजी से हो रही है। दीपोत्सव के दिन साकेत महाविद्यालय से शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए नया घाट चौराहे तक जाएगी। इस बार यहां 11 झाकियां निकाली जाएंगी। भगवान राम के जन्मकाल से लेकर राज्याभिषेक तक की यात्रा इन झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित की जाएंगी। दीपोत्सव में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रामायण कालीन शिक्षा पर आधारित सामाजिक संदेश देने वाली झांकी होगी। नगर भ्रमण करने वाली झांकियों से संबंधित कलाकार 11 रथ पर सवार होंगेए जो अपनी कला के जरिये रामायण कालीन दृश्यों को जीवंत करेंगे। अयोध्या से 11 ट्रकों की झांकियां निकलेगी। जिसमें पुत्रेष्ठि यज्ञ एवं सबको सुरक्षा, भयमुक्त समाज, गुरुकुल शिक्षा एवं बच्चों का अधिकार, बेसिक शिक्षा, राम-सीता विवाह एवं बेटियों के विवाह हेतु सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्थाए अहिल्या उद्धार एवं मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालम्बन, 1090 एवं 1076 की सुविधा, पंचवटी/वन एवं पर्यावरण/ रामेश्वरम सेतु एवं उप्र में पुलों का निर्माणए पुष्पक विमान एवं विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी, बेहतर वायु कनेक्टिविटी, केवट प्रसंग एवं समाज कल्याण, राम दरबार एवं बेहतर कानून व्यवस्था, शबरी-राम मिलाप एवं महिला कल्याण, लंका दहन एवं अपराधियों एवं भूमाफियाओं के विरुद्ध अभियान की झांकियां होगी। झांकियों से जुड़ा आयोजन 8 नवंबर को होगा। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल का यह दूसरा दीपोत्सव है, जिसे भव्य और दिव्य बनाने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं।

## पूरा देश चाहता है जातीय जनगणना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि देश में महंगाई बेरोजगारी और अन्याय चरम पर है। भाजपा सरकार को हटाने के लिए सभी दल एकजुट हो रहे हैं। बिहार में जातीय जनगणना होने के बाद पूरे देश के पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों में जागरूकता आई है और पूरा देश जातीय जनगणना चाहता है। जातीय जनगणना पर सभी लोग एकजुट हैं।

अखिलेश सोमवार को अपनी पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) यात्रा के तहत जनेश्वर मिश्र पार्क, गोमती नगर पहुंचने पर मीडिया से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की बहुत बड़ी आबादी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भगवान का दर्जा देती है, उनकी पूजा करती है। भाजपा सरकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाए हुए संविधान को खत्म कर रही है। कमजोर कर रही है। भाजपा भेदभाव करती है। भाजपा के लोगों ने समाज के बड़े वर्ग को शिक्षा से वंचित रखा अगर लोगों को शिक्षा मिल गई होती तो आज कहीं भी भेदभाव नहीं दिखाई दे रहा होता।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का सबका साथ सबका विकास का नारा झूठा और फर्जी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में जो विकास कार्य हुए हैं आज उनसे लोगों को रोजगार मिल रहा है। आज पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से लेकर जनेश्वर मिश्र पार्क तक पीडीए यात्रा में हम लोग शामिल हुए हैं उसके बीच में जितने भी विकास कार्य हुए हैं दुग्ध प्लांट, आईटी सिटी, कैंसर हॉस्पिटल, इकाना स्टेडियम, प्लासियो मॉल, जनेश्वर मिश्र पार्क सब कुछ समाजवादी सरकार में बना हुआ है।

## सपा के पीडीए का मतलब पाखंड दमन और अहंकार: भूपेन्द्र सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि समाजवादी पार्टी के पीडीए का मतलब पाखंडए दमन और अहंकार है। उन्होंने कहा कि जनविश्वास खो चुकी समाजवादी पार्टी और उसके मुखिया सत्ता सुख की प्राप्ति के लिए बेचैन है। घमंडिया गठबंधन में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने और सुर्खियों में बने रहने के लिए के लिए सपा प्रमुख इवेन्ट मैनेजमेन्ट में लगे हुए हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जनता समाजवादी पार्टी की सरकार का गुंडाराज अभी भूली नहीं उस दौर के पीडीए की सजा इस बार लोकसभा चुनाव में सपा के सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त कराकर चुनावी राजनीत से सपा को बाहर करके जनता देगी। 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सभी 80 सीटों पर विजयी होगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पाखंड को जनता भलीभाँति समझ चुकी है।

समाजवादी पार्टी की सत्ता में पिछड़ों, दलितों, गरीबों सहित सभी वर्ग के लोगों के दमन और उन पर हुए जुल्म को कोई भुला नही है। उन्होंने कहा कि गरीबोंए पिछड़ोंए दलितों के वोट से सत्ता हासिल करने के बाद सपाई कुनबे ने सिर्फ अपना और अपनो का विकास किया। शासन सत्ता में रहते हुए सपा के नेताओं में इतना अहंकार था कि उन्होंने पिछड़ोए दलितोंए गरीबों जिनके वोटों से सरकार बनाई थी, उनपर भी जमकर अत्याचार किये। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा प्रमुख अपनी सुविधानुसार पीडीए की कुछ भी व्याख्या कर लें लेकिन प्रदेश की जनता जानती है कि समाजवादी पार्टी की सरकार में अगड़ों, पिछड़ों, अनुसूचितों सहित सभी वर्गों का सिर्फ दमन हुआ है। सपा सरकार में हर वर्ग की मांए बहन, बेटी, असुरक्षित रही, घर, जमीन, मकान पर कब्जे किए गए और गुंडों, माफियाओं, अपराधियों को राजनैतिक संरक्षण देकर लूट की खुली छूट दी गई। जनता खौफजदा थी और अपराधी बेखौफ थे। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही समाजवादी पार्टी जातिवाद और तुष्टीकरण की राजनीत के सहारे अपनी नैयां पार लगाना चाहती है।

## राजधानी पहुंची सपा की पीडीए यात्रा अखिलेश हुए शामिल, चलाई साइकिल

- यात्रा निकालने का संदेश होगा सफल: सपा प्रमुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से चांद सराय खुर्दही बाजार कबीरपुर होते हुए किसान पथ, कैंसर अस्पताल, अमूल प्लांट, पराग दुग्ध प्लांट, संस्कृति स्कूल, मातृ शिशु कल्याण केन्द्र, एचसीएल मुख्य गेट, प्लासियों मॉल, इकॉना क्रिकेट स्टेडियम होते हुए पुलिस मुख्यालय के सामने से गोमतीनदी बंधा मार्ग, राप्ती अपार्टमेंट, डीपीएस स्कूल, जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नं. 7 से होते हुए लक्ष्मी मार्केट की तरफ से जनेश्वर मिश्र पार्क में शामिल हुए। साइकिल यात्रा में उनके साथ में उत्साही नौजवान पैदल भी पीछे-पीछे दौड़ रहे थे। इसमें अखिलेश यादव स्वयं भी लगभग 25 किमी साइकिल चलाते रहे। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी के युवा नेताओं के नेतृत्व में यह इकलौती यात्रा रही जो 5 हजार किमी चल चुकी है। अभिषेक यादव के नेतृत्व में समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा आज पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से लखनऊ पहुंची। अखिलेश यादव ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे चांद सराय में साइकिल यात्रा में शामिल होकर जनेश्वर मिश्र पार्क तक साइकिल चलाई। साइकिल चलाते श्री अखिलेश यादव को देखने के लिए पूरे यात्रा पथ में पूरा लखनऊ उमड़ पड़ा। यात्रा में हजारों की संख्या में छात्र, नौजवान, किसान, व्यापारी, समाजवादी पार्टी के समर्थक कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। यात्रा को लेकर हर वर्ग में भारी जोश और उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह पर छात्रों नौजवानों, किसानों, व्यापारियों, महिलाओं ने समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा का फूलों की वर्षा के साथ भव्य और जोरदार स्वागत किया। स्वागत मंचों पर ढोल की थाप और शंखध्वनि से भी स्वागत हुआ। यात्रा में लाल टोपी पहने और समाजवादी झण्डे लहराते युवाओं का जोश हिलोरे मार रहा था। अखिलेश यादव साइकिल चलाते हुए सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए चल रहे थे। साइकिल यात्रा के जनेश्वर मिश्र पार्क पहुंचने पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा का उद्देश्य देश को बांटने वाली ताकतों से बचाना है। यह यात्रा भाजपा सरकार के झूठे वादों और नारो की पोल खोल रही है। पीडीए यात्रा परिवर्तन के लिए है। भाजपा सरकार के अन्याय और अत्याचार के खिलाफ है। बढ़ती महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ है। यात्रा सामाजिक न्याय और जातीय जनगणना के लिए है। सामाजिक आर्थिक विषमता के खिलाफ है। प्रत्येक स्तर पर अनुपातिक हिस्सेदारी के लिए है। मोहम्मद आजम खान साहब पर लगे झूठे मुकदमों के विरोध में है। भाजपा सरकार में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ है।

### हार्ट अटैक से सपा नेता रवि भूषण का निधन

**लखनऊ। सपा** मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जनेश्वर मिश्र पार्क तक निकाली जा रही पीडीए साइकिल यात्रा के दौरान सपा नेता रवि भूषण राजन की तबियत अचानक खराब हो गई। उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए अखिलेश यादव ने स्वयं लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने उनकी मौत की वजह हार्ट अटैक को बताया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने केकेसी छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविभूषण यादव राजन के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

कतर में मृत्युदंड की सजा मामला

## संजीव गुप्ता के परिजन को उनके सकुशल लौटने का इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/आगरा

**कतर** की एक अदालत द्वारा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद आगरा निवासी नौसेना के पूर्व कमांडर संजीव गुप्ता के परिवार ने सरकार से उनकी रिहाई सुनिश्चित करने और सुरक्षित भारत लाने की मांग की है।

संजीव को सजा मिलने की खबर सुनने के बाद से परिवार स्तब्ध है। आगरा के गांधी नगर निवासी संजीव गुप्ता के पिता 90 वर्षीय राजपाल गुप्ता और उनकी मां परेशान हैं। संजीव के भतीजे ने कहा, हमें अपनी सरकार पर पूरा भरोसा है। सरकार भी पूरा प्रयास कर रही है। उम्मीद है कि जल्द ही चाचा व अन्य सभी भारतीय कर्मी अपने घर लौट आएं। संजीव गुप्ता की बेटी पेशे से अधिवक्ता हैं, जो अपनी मां के साथ भारत और कतर में मुकदमे के संदर्भ में प्रयासरत हैं। भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर की अदालत की ओर से बृहस्पतिवार को मौत की सजा सुनाए जाने पर भारत ने कहा था कि वह इस फैसले से बेहद हैरान है और इस मामले में सभी कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है। सभी आठ भारतीय नागरिक अल दाहरा कंपनी के कर्मचारी हैं जिन्हें पिछले साल कथित जासूसी के मामले में हिरासत में लिया गया था।

राजपाल गुप्ता ने बताया कि उनके बेटे संजीव ने भारतीय नौसेना से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ली थी। इसके बाद उन्होंने दिल्ली की एक कंपनी में नौकरी शुरू की थी। राजपाल ने बताया कि संजीव के दोस्तों ने उन्हें कतर जाने के लिए तैयार कर लिया और वहां की अल दाहरा कंपनी ने उन्हें अच्छे वेतन पर नौकरी की पेशकश की थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद साल 2018 में संजीव पत्नी और इकलौती बेटी के साथ कतर चले गए। इस दौरान बीच-बीच में भारत और आगरा परिवार के पास आते रहे। राजपाल गुप्ता ने रुंधे गले से बताया कि संजीव आखिरी बार मार्च 2022 में घर आए थे। इसके बाद वह पत्नी और बेटी को दिल्ली छोड़कर अकेले ही वापस कतर चले गए।

## घर बैठे सोशल मीडिया पर चुनाव लड़ रहा विपक्ष: स्वाती सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार की पूर्व मंत्री स्वाति सिंह ने कहा कि कुछ लोग घर में बैठकर जातिगत गणित बैठा रहे हैं और जातियों के बीच झगड़ा लगाकर चुनाव जीतने के लिए सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जनता सब समझती है। वह इनके मसूबे को कभी साकार नहीं होने देगी। बता दें कि स्वाति सिंह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) यात्रा में शामिल होने और भाजपा पर स्वास्थ्य सेवाओं के बदहाल होने के आरोप का जवाब दे रही थीं। सोमवार को एक बयान जारी कर स्वाती सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव भाजपा द्वारा किये जा रहे जनहित के कामों से घबरा गये हैं। उन्हें बोलने के लिए कुछ मिलता ही नहीं, यही कारण है कि वे अनर्गल आरोपों को लगाते रहते हैं। यदि उनको तुलना ही करना है तो अपने कार्यकाल में हुए मथुरा कांड की भाजपा के सुशासन से तुलना करते। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव हमेशा जातिगत राजनीति करते आये हैं। सपा को कभी जनहित के मुद्दों से सरोकार नहीं रहा है। आगे उसी को आजमाना चाहते हैं, लेकिन आज जनता सब समझ चुकी है। स्वाती सिंह ने कहा कि विपक्ष सिर्फ घर में बैठकर लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ता है। दिन भर घर में ही समीक्षा होती है और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार होता है।

## भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी है: अजय राय

- अखिल भारतीय विकास कांग्रेस पार्टी ने किया विलय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय पर अखिल भारतीय विकास कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के समक्ष अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता ने बताया कि सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में आउ हुए सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी है। नौजवान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं रह गई है आए दिन अपराधियों द्वारा हत्या, डकैती, बलात्कार, लूट जैसी जघन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, जिससे प्रदेश की जनता में घोर निराशा है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा चलाई गई भारत जोड़ो यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की जनता के दुर्ख दर्द को समझना तथा भविष्य में उसे दूर करने का प्रयास करने का है। जिससे प्रभावित होकर आज कई राजनैतिक दल एवं आम जनता अपना विश्वास कांग्रेस पार्टी में जता रही हैं। अब देश एवं प्रदेश की जनता को भरोसा हो गया है कि सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो भाजपा के कुशासन से उन्हें निजात दिला सकती है। प्रवक्ता ने बताया कि अखिल भारतीय विकास कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि मुझे इस दिन इंतजार काफी समय था और वह आज आ गया। मुझे पार्टी द्वारा जो भी दिशा निर्देश मिलेगा मैं पूरी निष्ठा के साथ निभाने की कोशिश करूंगा।

## दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षात्मक उपायों को अपनाया जाए

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को शीत ऋतु में स्मॉग एवं कोहरे के दृष्टिगत होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अपनाये जाने वाले उपायों के संबंध में निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि शीत ऋतु के दौरान स्मॉग एवं कोहरे की दृष्टिगत प्राय: सड़क दुर्घटनाओं के घटित होने की सम्भावना बनी रहती है इसलिए एनसीआर क्षेत्र के समस्त जनपदों में स्मॉग के कारण सड़कों पर दृश्यता कम होने के कारण घटित होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न तरह के सुरक्षात्मक उपायों को अपनाया जाय। जैसे वाहनों में रेट्रो-रिफ्लेटिव टेप मानक के अनुरूप लगे हों। रेट्रो-रिफ्लेटिव टेप न लगे होने/मानक अनुरूप न होने से खराब दृश्यता के कारण प्राय: सड़क दुर्घटनायें घटित हो जाती है। परिवहन मंत्री ने कहा कि ट्रैक्टर-ट्राली एवं मण्डियों में चलने वाले तथा चीनी मिलों में गन्ना ढुलाई के कार्य में संलग्न ट्रैक्टर ट्रालियों तथा माल वाहनों का उपयोग सभी प्रकार के मार्गो यथा-राष्ट्रीय राजमार्गो, राज्य राजमार्गों, मुख्य जिला मार्गों तथा अन्य मार्गों पर भी होता रहता हैं।

## गन्ना मूल्य भुगतान न करने वाली चीनों मिलों के खिलाफ जारी होगी आरसी

- सीएम के कड़े रुख के बाद बजाज समूह ने 24 घंटे के भीतर किसानों के खाते में किया 1371 करोड़ का भुगतान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गन्ना मूल्य भुगतान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने निर्देशित किया है कि जिन डिफाल्टर चीनी मिलों द्वारा अभी तक पेराई सत्र 2022-23 का गन्ना मूल्य भुगतान नहीं किया है, उनके देय गन्ना मूल्य का भुगतान प्राथमिकता पर कराया जाये। गन्ना मूल्य भुगतान न करने वाली चीनी मिलों के विरुद्ध वसूली प्रमाण-पत्र (आरसी) जारी करते हुए गन्ना मूल्य भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के कड़े रुख के फलस्वरूप बजाज समूह द्वारा पेराई सत्र 2022॥23 के देय गन्ना मूल्य के सापेक्ष एकमुश्त 1371 करोड़ रुपये की धनराशि अपनी चीनी मिलों से सम्बद्ध किसानों के खातों में विगत 24 घंटों में अन्तरित की गयी है। बजाज समूह की चीनी मिलों से सम्बद्ध लगभग 5स25 लाख गन्ना किसानों के खातों में बकाया गन्ना मूल्य की धनराशि पहुंचने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। त्योहारों के समय लम्बित धनराशि प्राप्त होने पर गन्ना किसानों ने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

बजाज समूह की चीनी मिलों द्वारा अन्तरित की गई धनराशि के अन्तर्गत चीनी मिल गागनौली सहारनपुर द्वारा 98 करोड़ रुपये, थाना भवन शामली द्वारा 142 करोड़ रुपये, भैसाना मुजफ्फरनगर द्वारा 112 करोड़ रुपये, किनौनी मेरठ द्वारा 180 करोड़ रुपये, बिलाई बिजनौर द्वारा 90 करोड़ रुपये, बरखेड़ा पीलीभीत द्वारा 93 करोड़ रुपये, मकसूदापुर शाहजहांपुर द्वारा 68 करोड़ रुपये, गोला गोकर्णनाथ लखीमपुरखीरी द्वारा 185 करोड़ रुपये, पलियाकलां लखीमपुरखीरी द्वारा 157 करोड़ रुपये, खम्भारखेड़ा लखीमपुरखीरी द्वारा 82 करोड़ रुपये, कुंदरखी गोण्डा द्वारा 82 करोड़ रुपये, इटईमैदा बलरामपुर द्वारा 37 करोड़ रुपये, रुदौली बस्ती द्वारा 37 करोड़ रुपये तथा प्रतापपुर देवरिया द्वारा 10 करोड़ रुपये की धनराशि शामिल है। मुख्यमंत्री ने गन्ना मूल्य भुगतान न करने वाली चीनी मिलों की चीनी व अन्य सह-उत्पादों की तेजी से बिक्री कर प्राथमिकता पर गन्ना किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान कराए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के सख्त रूख के परिणामस्वरूप चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा अन्य बकायेदार समूहों यथा-राणा, यदु, ओसवाल, केसर, सिम्भावली, मोदी और शामली की चीनी मिलों में उपलब्ध चीनी स्टॉक, शीरा, बगास, खोई एवं अन्य सह-उत्पादों की तेजी से बिक्री कर प्राप्त धनराशि से गन्ना मूल्य भुगतान सुनिश्चित कराने हेतु चीनी मिलों एवं विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए गये हैं कि यदि चीनी मिलें इन निर्देशों का अनुपालन नहीं करती हैं, तो उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की वसूली हेतु वसूली प्रमाण-पत्र जारी करने की संस्तुति प्रेषित की जाए। इसके अतिरिक्त, चीनी मिलों पर पैनी निगाह रखते हुए टैगिंग आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के भी निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही, उन्हें सचेत किया गया है कि यदि चीनी मिलें टैगिंग आदेश का अक्षरश: अनुपालन नहीं करती हैं अथवा चीनी बिक्री से प्राप्त होने वाली धनराशि का व्यावर्तन करती हैं, तो इसे किसी भी दशा में बर्दाश्त न किया जाये। ऐसा करने वाले चीनी मिलों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने गन्ना किसानों के हित में प्रदेश स्थित सभी चीनी मिलों में पेराई सत्र समय से प्रारम्भ कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गन्ना आवंटन पारदर्शिता के साथ करते हुए, चीनी मिलों को समय से प्रारम्भ कराया जाये, ताकि किसान गन्ने की कटाई कर गेहूं की बुवाई समय से कर सकें। इस क्रम में अब तक प्रदेश की 32 चीनी मिलों द्वारा पेराई सत्र प्रारम्भ करने हेतु इण्डेन्ट जारी करते हुए गन्ना खरीद प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा संचालित स्मार्ट गन्ना किसान प्रोजेक्ट के अन्तर्गत पर्ची निर्गमन व्यवस्था की तर्ज पर स्मार्ट गन्ना किसान प्रोजेक्ट से ही एक समान व्यवस्था के अन्तर्गत ऑटोमेटेड गन्ना मूल्य भुगतान प्रणाली लागू करने के निर्देश भी दिए हैं। गन्ना किसानों के हित में चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा सभी गन्ना समितियों को निर्देशित किया गया है कि गन्ना किसानों की गन्ना आपूर्ति समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित करायें तथा रबी सीजन के दृष्टिगत उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखें।

## पटेल की जयंती पर कांग्रेस पिछड़ा वर्ग का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 31 अक्तूबर को लखनऊ में राज्य स्तरीय सम्मेलन करेगी। सम्मेलन में हर जिले के पिछड़े वर्ग के 100 से 150 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में जातिगत जनगणना और आरक्षण बढ़ाओ अभियान का नारा बुलंद किया जाएगा। इसके जरिये पिछड़ी जातियों की गोलबंदी करने की तैयारी है। कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से कुर्मी, पाल, यादव, निषाद, नोनिया, मौर्या, नाई, कुम्हार, लोधी, कहार, लोहार, बढ़ई, चौरसिया, राजभर, बंजारा, कसेरा सहित पिछड़े एवं अति पिछड़े समाज पर फोकस किया जा रहा है। इसके तहत मंडल स्तरीय सम्मेलनों के बाद 31 अक्टूबर को प्रदेश स्तरीय सम्मेलन हो रहा है। यह सम्मेलन पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रखा गया है। इस सम्मेलन का नारा होगा जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि यह सम्मेलन जातिगत जनगणना कराओ, आरक्षण बढ़ाओ की मुहिम को धार देने के लिए किया जा रहा है। सम्मेलन में हर जिले के पिछड़े वर्ग के लोगों की भागीदारी होगी। इन सम्मेलनों में जातीय जनगणना, आरक्षण की 50 फीसदी सीमा हटाने, अति पिछड़े समाज की हिस्सेदारी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यह भी समझाया जाएगा कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां चार मुख्यमंत्री में से तीन ओबीसी समाज के हैं!

# तीतरा खरीरपुर फायरिंग में पुलिस ने की कार्रवाई, आठ लोग गिरफ्तार

●घटना के बाद एएसपी ने गांव पहुंचकर संभाला मोर्चा

●दोनों पक्षों के 20 लोगों पर एफआईआर दर्ज





**संवाददाता।** कोंच, जालौन

**पुरानी** रंजिश को लेकर तीतरा खलीलपुर गांव में रविवार की रात हुई फायरिंग के बाद सुरक्षा हेतु गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। घटना को लेकर गांव में अभी भी दहशत का माहौल है और सन्नाटा पसरा हुआ है। भेंड़ चौकी इंचार्ज शिवनारायण वर्मा ने दोनों पक्षों के 20 लोगों के खिलाफकई धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। इनमें 13 पटेल और 7 यादव पक्ष के लोग हैं। मौके से रात में हिरासत में लिए गए 8 लोगों को सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

तीतरा खलीलपुर की घटना को पुलिस ने काफी गंभीरता से लिया है और कड़ी कार्यवाही करते हुए दोनों पक्षों के 20 लोगों के खिलाफहल्या के प्रयास समेत तमाम संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने किसी भी पक्ष को तहरीर नहीं ली है। बल्कि क्षेत्र की भेंड़ चौकी इंचार्ज शिवनारायण वर्मा ने अपनी ओर से ही पटेल पक्ष के 13 तथा यादव पक्ष के 7 लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 504, 506, 307 तथा सीएनए एक्ट में एफआईआर दर्ज कराई है। जिन लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज हुई है उनमें तीतरा गांव के अलावा आसपास के गांवों के कुछ लोग भी शामिल हैं। जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। विदित हो कि रविवार देर शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव तीतरा खलीलपुर में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग हो गई थी।

प्रत्यक्षदर्शियों की अगर मानें तो दोनों ओर से करीब 30 राउंड फायरिंग हुई थी। एएसपी ने इस पूरे मामले को चुनावी रंजिश में हुई घटना बताते हुए कहा कि कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# व्यापारियों ने सीवर लाइन की सौगात देने पर केंद्रीय मंत्री का जताया आभार



**फतेहपुर।** शहर के लिए नासूर बनी जल निकासी व्यवस्था का समाधान सीवर लाइन की सौगात दिलाने पर जनपद के व्यापारियों समाजसेवियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का आभार जताते हुए योजना को जनपद के विकास का मील का पत्थर बताया।

सोमवार को प्रेक्षागृह में विभिन्न व्यापार मंडलों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से केंद्रीय राज्यमंत्री के स्वागत एवं अभिनन्द कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सामाजिक संगठनों एवं व्यापारियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री के प्रयासों की जमकर सराहना करते हुए उनके कार्यकाल में हुए अनेकों विकास परक योजनाओं को गिनाते हुए उन्हें लोकसभा चुनाव 24 में एक बार फिर से जनपद का प्रतिनिधित्व करने की आशा जताई। लगभग चालीस वर्षों से जलभराव व लाल फीताशाही की भेंट चढ़ी शहर की सीवर लाइन व्यवस्था को पास कराने में अनेक जनप्रतिनिधियों की पहल के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई थी।

केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा किये गये प्रयास के चलते केंद्र के बाद राज्य सरकार से परियोजना की मंजूरी मिलना जनपद के लिये सौभाग्य जैसा है।

# चित्रकूट पहुंचे डिप्टी सीएम केशव मौर्य बीडीओ कार्यशाला को किया संबोधित

●स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भेंट किया 70 करोड़ से अधिक का डेमो चेक



**संवाददाता।** बांदा

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा के सभागार में क्षेत्र पंचायत प्रमुखों एवं खण्ड विकास अधिकारियों की कार्यशाला सम्पन्न हुई। उप मुख्यमंत्री ने 70 करोड़ 20 लाख 40 हजार की धनराशि का डेमो चेक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भेंट किया।

कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं ब्लाक प्रमुखों के मध्य अच्छा संवाद स्थापित कर विकास कार्यों में ज्यादा से ज्यादा सहयोग करें, जिससे गांव का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश एवं मण्डल को बनाना है। उन्होंने कहा कि ब्लाक प्रमुख महीने में एक बार, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक स्तर पर करें एवं महीने में एक बार ब्लाक प्रमुख बीडीओ एवं अधिकारी की उपस्थित में बैठक कर समस्याओं का निस्तारण करें।

इसके पश्चात जिला स्तर पर जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लाक स्तर पर जिन समस्याओं का निस्तारण नही हो सका हो, उन समस्याओं का जिला स्तर पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि 18 मण्डलों जिन विकास खण्डों में अधिक कार्य कराये जाने हैं, ऐसे 100 आकांक्षीय ब्लाक चयनित कर एवं विकास के मानक निर्धारित कर विकास कार्य किये जा रहे हैं। इसी प्रकार हर ब्लाक क्षेत्र के 10 ग्राम सभाओं को जो विकास में पीछे हैं, उन्हें चिन्हित कर विकास कार्यो से आच्छादित करते हुए कार्ययोजना बनाकर विकास कार्यों को किया जाए।

डिप्टी सीएम केशव मौर्या के चित्रकूट आगमन पर जनप्रतिनिधियों एवं डीएम-एसपी के नेतृत्व में अधिकारियों ने देवांगना घाटी पर बने टेबल टाप एयरपोर्ट पर फूलमालाओं से लादकर स्वागत किया।

# कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड की प्रथम शाखा का जनपद में शुभारंभ



**उरई, जालौन।** अर्थ प्रधान दौर में जो जरूरत पर लोगों की मदद में आगे आए वही सच्चा मित्र होता है। यह बात पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी ने अंबेडकर चौराहे समीप स्थित कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड की गोल्ड लोन शाखा के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही इससे पूर्व उन्होंने जनपद की इस प्रथम शाखा का विधिवत फीता काटते हुए उद्घाटन किया। कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड की गोल्ड लोन शाखा के ब्रांच ऑपरेशन मैनेजर अभिषेक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि देश में अब तक 600 शाखाएं काम कर रही हैं जिनका उद्देश्य यही है कि ऐसे जरूरतमंद लोग जिन्हें तत्काल पैसे की जरूरत है उन्हें उनके द्वारा दिए गए गोल्ड के बदले में उनकी कंपनी के द्वारा उनकी मदद की जाती है। इसके एवरेज में लोगों को मामूली सा ब्याज सहित लिया गया धन वापस करना होता है। उन्होंने यह भी बताया कि कैप्री ग्लोबल ने ग्राहकों की सुविधाओं का विशेष तौर पर ध्यान रखा है उन्हें जानकारियां लेने से लेकर गोल्ड रखना और बदले में अपनी जरूरत के हिसाब से धन लेने की प्रक्रिया तक सभी कुछ बहुत कम समय में सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि लोगों को यहां से लोन प्राप्त करने के लिए आधार कार्ड और पैन कार्ड लेकर शाखा में आने के बाद 10 मिनट के भीतर समूची कार्यवाही संपन्न कर दी जाती है

# अन्ना पशुओं के आतंक से त्रस्त किसानों ने डीएम से लगाई गुहार



**कदौरा, जालौन।** विकास खंड के ग्राम पंचायत बड़ागांव में अन्ना मवेशियों की धमाचौकड़ी और फसल बर्बाद करने से परेशान आधा सैकड़ा किसानों ने सोमवार को जिला मुख्यालय जाकर डीएम को शिकायती पत्र देकर गांव की खाली पड़ी गौशाला को संचालित करने की मांग की। डीएम राजेश कुमार पांडेय ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। सोमवार को क्षेत्र के बड़ागांव ग्राम पंचायत के महेश सिंह,रामआसरे, साविर, रामलाल, जगदीश, शिव प्रसाद, कमल सिंह सहित आधा सैकड़ा किसानों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि दो वर्ष पूर्व शासन के निर्देश पर गांव में 20 से 25 लाख रूपये खर्च कर गोशाला का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि बीडीओ, सचिव और ग्राम प्रधान ने गोशाला का संचालन बंद कर दिया है। जिस कारण छुट्टा मवेशी आए दिन किसानों की फसलें नष्ट कर रहे हैं। किसानों ने गांव में गोशाला संचालन कराने की मांग की। डीएम राजेश कुमार पांडेय ने किसानों को आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान किया जाएगा।

# 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से नारी शक्ति में हुआ इजाफ़ाः प्रतिभा शुक्ला

●भाजपा महिला मोर्चा के बैनर तले नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन

●आरक्षण देकर पीएम मोदी ने बढ़ाया नारी शक्ति का सम्मानः दिव्या त्रिपाठी



**संवाददाता।** चित्रकूट

**चित्रकूट** के रैन बसेरा एवं मानिकपुर में वनवासी कल्याण केन्द्र में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा के बैनर तले किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला का जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी के नेतृत्व में महिला मोर्चा की टीम ने स्वागत किया। सोमवार को चित्रकूट जिला मुख्यालय के सीतापुर स्थित भजन संध्या सभागार रैन बसेरा में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने स्वागत उद्बोधन देकर राज्यमंत्री का अभिनंदन किया।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार महिलाओं के हित के लिए लगातार योजनाएं ला रही है। महिला आरक्षण बिल लाकर सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है कि देश - प्रदेश की राजनीति मे महिलाओं की भागेदारी अधिक से अधिक हो। उन्होंने कहा कि सरकार ने उज्जवला योजना के माध्यम से महिलाओं को पहले धुएं से आजादी दिलाई।

आज महिलाएं गैस मे खाना बना रही हैं। जिससे गरीब मध्यमवर्गीय महिलाओं का सबसे बड़ा हित हुआ है। जिससे नारियों की शक्ति मे इजाफा हुआ है।

## क्विक न्यूज

### पटेल जयंती की पूर्व संध्या पर जलाई गईं 148 मोमबत्तियां



**फतेहपुर।** शहर के पटेल नगर चौराहा स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी मूर्ति पर पटेल सेवा संस्थान के अध्यक्ष केपी सिंह एड. की अगुवाई में 148 मोमबत्तियों के साथ दीप प्रचलन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद् (फतेहपुर) के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य मौजूद रहे। साथ में पटेल सेवा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष लाल देवेंद्र प्रताप सिंह, सुनील उमराव, पुनीत वीर विक्रम, राजू कुर्मी, रमेश उमराव एड., प्रमोद कुमार सिंह, संजीव पटेल, धर्मेंद्र उत्तम, अभिषेक उत्तम आदि लोग मौजूद रहे।

### हेमंत पटेल बने कालपी के एसडीएम



**कालपी, जालौन।** कालपी उप जिलाधिकारी का चार्ज ग्रहण करने के बाद 2021 बैच के पीसीएस अधिकारी हेमंत पटेल ने कहा कि जन समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण किया जाएगा और सारे कार्य सरकार की मंशानुरूप ही होंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मीडिया के माध्यम से हर अच्छी बुरी जानकारी हासिल होती है लेकिन किसी नकारात्मक खबर को वे वजह प्रसारित न करे जितनी प्राथमिकता कमियों के उजागर पर दें उतनी प्राथमिकता सकारात्मक खबरों को भी मिलनी चाहिए। श्री पटेल ने कहा कि वे पूर्व में भी कालपी में न्यायिक एसडीएम के रूप में दिसम्बर से जून तक सेवायें दे चुके हैं और अभी कालपी में आने के पूर्व कलेक्ट्रेट उरई में अटैच थे।

### जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव का माती में आयोजन

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन ने बताया कि जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव / मेला ( दो दिवसीय दिनांक 31 अक्टूबर व 1 नवम्बर 2023 ) का आयोजन ईको पार्क माती में किया जाएगा । उपरोक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम के साथ-साथ प्रथम दिवस दिनांक 31 को फसल अवशेष प्रबन्धन एवं मिलेट्स रोड शो तथा द्वितीय दिवस 1 नवंबर को जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी / जैविक मेला का भी आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजित कार्यक्रम में कृषि एवं कृषि समावेशी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी।

### धूमधाम से मनाया चौथे गुरु का प्रकाश पर्व

**फतेहपुर।** सिक्खों के चौथे गुरु गुरु रामदास जी का 488वां प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में मनाया गया। जिसकी तैयारी तीन दिन पहले से शुरू कर दी गयी थीं। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में सुबह सुखमनी साहिब का पाठ, सबद-कीर्तन, अरदास उपरांत सामूहिक लंगर का आयोजन हुआ। गुरुद्वारा में प्रकाश पर्व प्रधान पपिन्दर सिंह की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात गुरूद्वारा परिसर में लंगर का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सिक्ख समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई।

### अतिक्रमण हटाने के दौरान महिलायें भड़कीं

**कालपी, जालौन।** सोमवार को नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षक के नेतृत्व में आलमपुर स्थित सरकारी कॉलोनी के सामने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान वहां रहने वाली घुमंतू जाति महिलाओं ने नाराजगी जताते हुए विरोध प्रकट किया। मामला बढ़ता देख पुलिस को सूचना दी गई, पुलिस ने महिलाओं को समझा बुझाकर अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू कराया। नगर के मुहल्ला आलमपुर स्थित महात्मा गांधी हिंदी संग्रहालय से लेकर समाज कल्याण विभाग कॉलोनी तक पानी के निकासी के लिए नाले का निर्माण कार्य कराया जाना है। नगर पालिका परिषद कालपी के द्वारा पहले भी नाला बनवाया गया था, लेकिन नाला क्षतिग्रस्त हो गया।

### बुनियादी शिक्षा मजबूत करने को ग्रामीण बोली में होगी पढ़ाई

**चित्रकूट।** परिषदीय विद्यालयों में बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने को ग्रामीण बोली में पढ़ाई होगी। बच्चे आसानी से विषयों को पढ़-समझ सकेंगे। शिक्षक व विद्यार्थियों में तालमेल से जुड़ाव को बढ़ावा देने को एससीईआरटी के निर्देश पर राज्य हिंदी संस्थान वाराणसी की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर स्थानीय एवं ग्रामीण बोलियों की समझ विकसित करने की गरज से पढ़ाई होगी। सोमवार को बताया कि स्थानीय एवं ग्रामीण बोलियों के परिचय स्वरूप पुस्तिका विकास संबंधी दस दिवसीय कार्यशाला हुई। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में खड़ी बोली, बुंदेली, अवधी, भोजपुरी, ब्रज, कन्नौजी एवं बघेली बोली पर कार्यशाला में विस्तार से चर्चा कर बोलियों को बढ़ावा देने का निर्णय लिया। हिंदी संस्थान निदेशक डॉ रिचा जोशी, कार्यशाला प्रभारी डॉ गायत्री की अगुवाई में हुई।

# सीपी विद्या निकेतन में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन

**संवाददाता।** कायमगंज, फर्रुखाबाद



**सोमवार** को सीपी विद्या निकेतन में अंतर सदन तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा अनुसार छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए अपनी मेधा का परिचय दिया । कार्यक्रम का शुभारम्भ एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्र%वलित कर किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा 25 मी0 तथा 50 मीटर फ्री स्टाइल रिले तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया । 25 मीटर की प्रतियोगिता में कक्षा चार के सार्थक चौहान , देव सक्सेना , प्रखर सिंह तथा कक्षा 5 के कुशल पाल , प्रशांतयादव ,निशांत कुमार एवं कक्षा 6 के प्रशांत यादव , दीपांशु शुक्ला , तेजस कटियार कक्षा 7 के अमन , क्रिश ,शोभित और कक्षा 8 के अवकाश ,बबलू , गौरव सिंह श् वहीं छात्रा वर्ग में आकृति श् अनबिया ,आस्था शामिल रहे। 50 मीटर फ्री स्टाइल में विकास, प्रिंस मिश्रा , गौरव ने क्रमशः प्रथम -द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आयोजन अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा ने कार्यक्रम एवं आयोजकों की सराहना करते हुए तैराकी की आवश्यकता पर बल दिया।

## हत्या में वांछित 15 हजार का इनामिया बदमाश गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा, एसओजी, सर्विलांस टीम द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित व 15 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ विकास कुमार के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक , डॉ संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सोमवार को हत्या के अभियोग में वांछित व 15000/- रुपये का इनामिया अभियुक्त सुभाष नट पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम अदिउली थाना मऊदरवाजा को नमस्ते इण्डिया डेयरी हथियापुर के पास रेलवे ट्रैक से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है

# नवागंतुक डीआईओएस से प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट



**फतेहपुर।** उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आलोक शुक्ल व स्ववित्त पोषित शिक्षक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार शास्त्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को नवागंतुक डीआईओएस शिव पूजन द्विवेदी से भेंटवार्ता की जिसमें कई समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने डीआईओएस को बुकें भेंट की। जिले के शिक्षकों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष आलोक शुक्ल ने कहा कि मांगों को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन किया गया है लेकिन समस्याएं आज भी जस की तस हैं। कहा कि शिक्षक विभागीय कार्य में पूर्ण सहयोग करेंगे। डीआईओएस ने कहा कि समस्याओं का समय से निस्तारण का प्रयास किया जायेगा।

# आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी




**कानपुर देहात।** जिला स्वच्छता समिति/जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक जिलाधिकारी आलोक सिंह के अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। इस बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वितीय फेज के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में चयनित ग्रामों/ ग्राम पंचायतों में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मॉडल गांव की संकल्पना के तहत जो लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है, उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें। मॉडल गांव में विद्यमान शौचालय को गतिशील बनाया जाए, साथ ही साथ मॉडल गांव में किसी प्रकार की गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए। इन गांवों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अलावा इस बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वितीय पेज के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में चयनित ग्रामों/ ग्राम पंचायत की अवशेष कार्य योजना के अनुमोदन पर भी चर्चा की गई। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जो भी पंचायत सहायक आयुष्मान कार्ड बनाने में रुचि नहीं ले रहे हैं उन पर कठोर कार्रवाई की जाए।

# पेज एक का शेष

## केरल धमाका ...

इससे पहले दिन में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मीडियाकर्मियों से कहा कि केरल आतंकवादियों और राष्ट्र-विरोधी तत्वों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन गया है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री पर बड़बोलेपन का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि वह और उनकी मंडली केरल के लोगों द्वारा हमास और फिलिस्तीन को दिए समर्थन से परेशान हैं। उनकी राजनीति का ब्रांड यहां काम नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कलामासेरी विस्फोट की जांच में सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा। चंद्रशेखर खुद को विपक्षी दलों के प्रधान मंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने के प्रयास के तहत विजयन की लगातार नई दिल्ली यात्राओं का जिक्र कर रहे थे। बीजेपी की केरल इकाई ने सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री पद से पिनाराई विजयन के इस्तीफे की मांग करते हुए सरकारी सचिवालय का घेराव किया। भाजपा के अखिल भारतीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सचिवालय की घेराबंदी करते हुए सीपीआई-एम सरकार को राज्य की अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सीपीआई-एम और कांग्रेस अपनी तुष्टीकरण नीति के तहत आतंकवादियों और राष्ट्र-विरोधी ताकतों के साथ मिली हुई हैं।

## दिवाली से...

इसके बाद से लगातार ही लोगों को खराब या बेहद खराब श्रेणी की हवा में सांस लेना पड़ रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 348 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले रविवार को यह सूचकांक 325 के अंक पर था। यानी चौबीस घंटे में एक्यूआई में 23 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली की हवा में इस समय सामान्य से तीन गुना ज्यादा प्रदूषण मौजूद है। वहीं, पड़ोसी शहर गाजियाबाद में एक्यूआई 268, फरीदाबाद में 301, गुरुग्राम में 218, नोएडा में 309 और ग्रेटर नोएडा में 340 था। सीपीसीबी के मुताबिक सोमवार की शाम छह बजे हवा में प्रदूषक कण पीएम 10 का स्तर 309 और पीएम 2.5 का स्तर 151 पर रहा। हवा में पीएम-10 का स्तर 100 से और पीएम 2.5 का स्तर 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। इसके अनुसार दिल्ली की हवा में इस समय सामान्य से तीन गुना ज्यादा प्रदूषण मौजूद है। अब दिल्ली वालों को पश्चिमी विक्षोभ के चलते होने वाले मौसमी बदलाव से ही थोड़ी राहत मिल सकती है। लेकिन, आने वाले दो-तीन दिनों के बीच इसकी संभावना नहीं है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक अगले तीन दिनों के बीच हवा की गति दस किलोमीटर प्रति घंटे से कम और हवा की दिशा उत्तरी पश्चिमी रहेगी। इसके चलते हवा की गुणवत्ता खराब या बेहद खराब श्रेणी में ही रहेगी।

## मनीष सिसोदिया...

सिसोदिया ने 28 फरवरी को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। उच्च न्यायालय ने 30 मई को सीबीआई के मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि उप मुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री रहने के कारण वह एक हाई-प्रोफाइल व्यक्ति हैं जो गवाहों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। उच्च न्यायालय ने तीन जुलाई को दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में सिसोदिया को जमानत देने से यह कहकर इनकार कर दिया था कि उनके खिलाफ आरोप बहुत गंभीर प्रकृति के हैं। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को यह नीति लागू की थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत में इसे रद्द कर दिया। जांच एजेंसियों के मुताबिक, नई नीति के तहत थोक विक्रेताओं का मुनाफा पांच फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी कर दिया गया था। एजेंसियों ने आरोप लगाया है कि नई नीति के परिणामस्वरूप गुटबंदी हुई और धन लाभ पाने के लिए शराब लाइसेंस देने में अयोग्य लोगों को लाभ दिया गया। दिल्ली सरकार और सिसोदिया ने किसी भी गलत काम से इनकार किया और नई नीति से दिल्ली के राजस्व हिस्से में वृद्धि का दावा किया है।

## गाजा पट्टी...

और हवाई हमलों में एक इमारत को ध्वस्त कर दिया गया जिसका इस्तेमाल हमास कर रहा था। इसने कहा कि पिछले कुछ दिनों में उसने आतंकवादियों के 600 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया है जिसमें हथियार डिपो और टैंक विध्वंसक मिसाइल के स्थल भी शामिल हैं। इन खबरों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। हमास की सैन्य शाखा ने बताया कि उसके लड़ाकों की उत्तर-पश्चिमी गाजा पट्टी में घुसने वाले इजराइली सैनिकों से झड़प हुई। फलस्तीनी आतंकवादी तेल अवीव समेत इजराइल में अब भी रॉकेट हमले कर रहे हैं। फलस्तीन के शरणार्थियों को मानवीय सहायता पहुंचाने के काम में लगी संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने शनिवार को कहा कि हजारों लोग आटा और रोजमर्रा की जरूरत की अन्य वस्तुएं लेने के लिए गाजा में राहत सहायता गोदामों पर टूट पड़े। इस बीच, उत्तरी गाजा में खचाखच भरे अस्पतालों पर खतरा बढ़ता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को कहा कि हाल के दिनों में गाजा शहर के शिफा और अल-कुद्स अस्पतालों और उत्तरी गाजा में इंडोनेशियाई अस्पताल के पास हवाई हमले किए गए। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय संबंधी कार्यालय ने बताया कि उत्तरी गाजा में संचालित 10 अस्पतालों को हाल के दिनों में जगह खाली करने का आदेश मिला है। हजारों मरीजों और कर्मियों के साथ करीब 1,17,000 विस्थापित लोग इन अस्पतालों में रह रहे हैं। इजराइल ने हमास पर अस्पताल के नीचे एक गुप्त कमांड पोस्ट बनाने का आरोप लगाया है लेकिन इसके समर्थन में ज्यादा सबूत उपलब्ध नहीं कराए हैं। हमास इन आरोपों से इनकार करता है। इजराइल ने खान यूनिस में रविवार को दो मंजिला मकान पर हवाई हमला किया जिसमें एक ही परिवार के 10 सदस्यों समेत कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। इजराइली सेना ने सोमवार को तड़के कहा कि उसके विमान ने सीरिया की ओर से रॉकेट दागे जाने के बाद वहां सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। इज़राइल ने कहा कि वेस्ट बैंक में उसके युद्धक विमानों ने सोमवार को जेनिन शरणार्थी शिविर में उसकी सेना के साथ संघर्ष कर रहे आतंकवादियों के खिलाफ हवाई हमले किए। इस क्षेत्र में बार-बार इजराइली हमले होते रहे हैं। हमास ने कहा कि उसके चार लड़ाके वहां मारे गए। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि रविवार तक वेस्ट बैंक में 33 बच्चों सहित 115 फलस्तीनी मारे गए जिनमें से आधे तलाशी और गिरफ्तारी अभियान के दौरान मारे गए।

# दोस्त की गर्दन काटकर कोतवाली पहुंचा युवक, घायल को कानपुर रेफर किया

●साथी की गर्दन और पेट पर किये घातक वार

●पुलिस ने आरोपी पर दर्ज किया मुकदमा

**हमीरपुर।** नशे की हालत में रोजाना मोबाइल फोन के माध्यम से स्वजन से अभद्रता करने पर दोस्त ने भाजपा नेता के ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ छह वार कर दिए। साथी की गर्दन काटने के बाद उसे बेहोशी हालत में छोड़कर खुद कोतवाली पहुंच गया और सारी घटना की जानकारी पुलिस को दे दी। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया गया।

सदर कोतवाली के खालेपुरा मुहल्ला निवासी सुशील कुमार निषाद उर्फगब्बर बीते नगर निकाय चुनाव में भाजपा से सभासद पद का चुनाव लड़ा था। जिसमें उसे हार मिली थी। मुहल्ले के ही राजेश चौरसिया (36) पुत्र श्यामलाल ने उसका पुराना दोस्ताना था। रविवार की रात नशे में राजेश ने सुशील को फोन किया और गाली गलौज करते हुए घर आकर देख लेने की धमकी देने लगा। जिस पर सुशील भी घर से बाहर निकला और दोनों लोग रास्ते में ही मिल गए। दोनों के बीच विवाद होने लगा और इसी बीच भाजपा नेता सुशील कुमार निषाद उर्फ गब्बर ने अपने साथी राजेश की गर्दन काट दी और पेट में पांच बार हमला किया। जिससे लहूलुहान होकर राजेश जमीन पर गिर गया और भाजपा नेता स्वयं कोतवाली पहुंचकर सारी घटना बताई।

घटना सुनते ही कोतवाल दुर्गविजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कोतवाल दुर्गविजय सिंह ने बताया कि घायल की मां विमला देवी चौरसिया की तहरीर के आधार पर भाजपा नेता के खिलाफ जानलेवा हमले के साथ साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# रूस ने अमेरिका पर भूराजनीतिक तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया

**भाषा।** बीजिंग

**रूस के रक्षा** मंत्री सर्गेई शोइगु ने सोमवार को कहा कि अमेरिका अपना आधिपत्य बनाए रखने के लिए भूराजनीतिक तनावों को हवा दे रहा है। साथ ही उन्होंने प्रमुख देशों के बीच टकराव के खतरे को लेकर आगाह किया। बीजिंग में रक्षा मंच शियांगशान फोरम को संबोधित करते हुए शोइगु ने यह भी कहा कि अमेरिका और उसके एशिया-प्रशांत सहयोगी क्षेत्र में स्थिरता को कमजोर कर रहे हैं। यह सैन्य कूटनीति पर केंद्रित चीन का सबसे बड़ा वार्षिक कार्यक्रम है। शोइगु ने कहा, अपना भूराजनीतिक और रणनीतिक प्रभुत्व बरकरार रखने के लिए अमेरिका अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक स्थिरता के आधार को जानबूझकर कमजोर कर रहा है। अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगी उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के पूर्व की ओर विस्तार से रूस को धमका रहे हैं। पश्चिमी देशों का उद्देश्य रूस के साथ संघर्ष बढ़ाना और प्रमुख देशों के टकराव के जोखिम को बढ़ाना है। इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे। यूक्रेन में रूस के युद्ध के बारे में शोइगु ने कहा कि अगर स्थिति उचित रहती है तो मॉस्को बातचीत करने के लिए तैयार है। चीन के दूसरे नंबर के सैन्य अधिकारी और केंद्रीय सैन्य आयोग के उपाध्यक्ष झांग युक्सिया ने जनरल ली शांगफू की अनुपस्थिति में इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की। शांगफू को पिछले सप्ताह चीन के रक्षा मंत्री पद से हटा दिया गया था। वह दो महीने से सार्वजनिक रूप से दूर हैं। चीन सरकार ने शांगफू को हटाने की वजह नहीं बताई है। कई देशों के सैन्य प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। चीन इसे अन्य देशों के साथ सैन्य सहयोग बढ़ाने और क्षेत्रीय नेतृत्व को प्रदर्शित करने के अवसर के रूप में देखता है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीन से जुड़े मामलों के लिए रक्षा विभाग के मुख्य अधिकारी शांथी कैरेस ने किया। झांग ने कहा कि चीन परस्पर सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और सहयोग के आधार पर अमेरिका के साथ सैन्य संबंध बनाने का इच्छुक है। चीन ने अमेरिकी संसद की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा पर नाखुशी जताते हुए अगस्त 2022 में अमेरिका के साथ सैन्य संचार निलंबित कर दिया था। अमेरिका का नाम लिए बगैर झांग ने उन देशों की आलोचना की जो दुनियाभर में समस्याएं पैदा करते रहते हैं। उन्होंने यूक्रेन संकट पर राजनीतिक समझौते और इजराइल-फलस्तीन संघर्ष में सभी पक्षों द्वारा हिंसा रोकने और तुरंत संघर्षविराम का आह्वान किया।



## इजराइल के यात्रियों की तलाश में भीड़ के हवाई अड्डे पर धावा बोलने के बाद पुतिन ने बैठक बुलाई

**मॉस्को।** रूस के दागिस्तान क्षेत्र में इजराइल के तेल अवीव से एक विमान के पहुंचने के बाद भीड़ के हवाई अड्डे पर धावा बोलने के पश्चात राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को शीर्ष रक्षा और कानून लागू करने वाले अधिकारियों की बैठक बुलाई। रूसी मीडिया की खबरों के अनुसार, मुस्लिम बहुल दागिस्तान की राजधानी मखछकला में रविवार देर रात सैकड़ों आक्रोशित लोग इजराइली यात्रियों की तलाश में हवाई अड्डा परिसर में पहुंच गए। दागिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस घटना में 20 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। मंत्रालय ने बताया कि घायलों में पुलिस अधिकारी और आम नागरिक शामिल हैं। स्थानीय गृह मंत्रालय ने कहा कि हिंसा की घटना के संबंध में 60 लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि उनमें से किसी के खिलाफ आरोप लगाया गया है या नहीं, लेकिन रूस की जांच समिति ने कहा कि उसने अशांति भड़काने के आरोप में जांच शुरू कर दी है। भीड़ ने रूसी एयरलाइन रेड विंग्स के विमान को घेर लिया। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में भीड़ में शामिल कुछ लोग फलस्तीन के झंडे लहरा रहे थे और अन्य ने पुलिस की एक कार को पलटने की कोशिश की। वीडियो में यहूदी विरोधी नारों को भी सुना जा सकता है। कुछ लोग हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिसपर लिखा था, बच्चों के हत्यारों का दागिस्तान में स्वागत नहीं है और हम यहूदी शरणार्थियों के खिलाफ हैं। कुछ लोग विमान से आए यात्रियों के पासपोर्ट की जांच कर रहे थे, जो स्पष्ट तौर पर इजराइल से आए लोगों की पहचान का प्रयास था। रूस के नागर विमानन प्राधिकरण रोसावियात्सिया ने कहा कि मखछकला हवाई अड्डा मंगलवार अपराह्न तीन बजे तक बंद रहेगा। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय ने अशांति के लिए बाहरी हस्तक्षेप को जिम्मेदार ठहराया।

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश की अदालत ने सात आतंकवादियों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदला

**ढाका।** बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने सोमवार को सात इस्लामी आतंकवादियो की मौत की सजा को आजीवन कारावास मे बदल दिया। इन आतंकवादियो को ढाका के एक लोकप्रिय कैफे पर 2016 में हुए देश के सबसे भयानक आतंकी हमले में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया था। इस हमले में एक भारतीय लड़की सहित 23 लोग मारे गए थे। भारी हथियारो से लैस आतंकवादियो ने एक जुलाई 2016 को ढाका के पॉश राजनयिक क्षेत्र में स्थित होली आर्टिसन बेकरी रेस्तरां पर हमला किया था और वहां खाना खा रहे लोगों को बंधक बना लिया था। बाद में उन्होंने तीन बांग्लादेशियो, सात जापानी, नौ इतालवी और एक भारतीय नागरिक की हत्या कर दी थी। कमांडो द्वारा चलाए गए बचाव अभियान के दौरान हमलावर मारे गए थे। 12 घंटे तक चले घटनाक्रम के दौरान दो पुलिस अधिकारियों और कैफे के एक खानसामां की भी मौत हो गई थी। हमले के बाद सुरक्षाबलो की छापेमारी मे आठ संदिग्ध मारे गए थे। ढाका स्थित आतंकवाद रोधी विशेष न्यायाधिकरण ने 27 नवंबर, 2019 को हमले में संलिप्तता को लेकर नियो जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश के सात आतंकवादियों को दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई थी। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, सोमवार को उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शाहिदुल करीम और न्यायमूर्ति मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान की दो सदस्ईय पीठ ने सात आतंकवादियों की मौत की सजा को जीवन-पर्यंत कारावास की सजा मे बदल दिया। आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली थी, लेकिन सरकार ने इसे खारिज करते हुए इसमे घरेलू आतंकवादियो का हाथ बताया था।

### भारत समेत कई दक्षिण एशियाई देशों में वीजा के अवैध कारोबार से जुड़े एजेंट वसूल रहे मोटी रकमः रिपोर्ट

**लंदन।** वीजा के अवैध कारोबार से जुड़े संदिग्ध एजेंट भारत, नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश के विद्यार्थियो और कामगारो से वीजा के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे हैं। एक ब्रिटिश मीडिया की जांच मे पाया गया कि दक्षिण एशिया मे संदिग्ध एजेंट वीजा अपॉइंटमेंट कारोबार का अवैध रूप से संचालन कर रहे है और इस सेवा के बदले मोटी कमाई कर रहे है, जबकि यह सेवा मुफ्त मे मिलनी चाहिए। रविवार को द ऑब्जर्वर समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, दक्षिण एशिया के कुछ हिस्सो मे दलाल इन देशो मे सोशल मीडिया मैसेजिंग सेवाओ पर विज्ञापित बायोमेट्रिक अपॉइंटमेंट के लिए 800 पौंड तक की रकम वसूल कर रहे है। माना जाता है कि यह समस्या पाकिस्तान मे सबसे खराब है, जहां जांच मे पाया गया कि एजेंटो द्वारा वीजा अप्वाइंटमेंट प्रणाली का दुरुपयोग पिछले वर्ष मे काफी बढ़ गया है। ब्रिटेन स्थित इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन राइट्स एंड बिजनेस मे प्रवासी श्रमिको के कार्यक्रम के दक्षिण एशिया समन्वयक राकेश रंजन ने अखबार से कहा, यह एक बड़ा मुद्दा है। यह सब ब्रिटेन आने के लिए लोगों द्वारा चुकाए जाने वाले कर्ज मे इजाफा करता है। रंजन के हवाले से बताया गया कि हाल ही में दिल्ली से एक वीजा का आवेदन करते समय एक एजेंट ने 500 पौंड के बराबर की राशि वसूल की जोकि सरकार के शुल्क के अतिरिक्त है।

### कविता ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में तेलंगाना विकास मॉडल की देंगी जानकारी दी

**लंदन।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के.कविता सोमवार शाम ब्रिटेन स्थित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान में मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में तेलंगाना के विकास मॉडल की जानकारी देंगी। तेलंगाना विधान परिषद की सदस्य (एमएलसी) कविता को समावेशी विकास की छानबीन - तेलंगाना मॉडल विषय पर विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया है और उम्मीद की जा रही है कि वह भारत के इस दक्षिणी राज्य की नीतियो, रणनीतियो और विभिन्न पहल पर प्रकाश डालेंगी जिसके आधार पर राज्य को समावेशी विकास के अगुआ के तौर पर पेश किया जा रहा है। कविता के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, उत्साहित करने वाला दिन एमएलसी के.कविता तेलंगाना की सफल कहानी ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय तक ले जा रही है। (वह)मुख्यमंत्री केसीआर गारू के तेलंगाना मॉडल और तेलंगाना के प्रत्एक व्यक्ति के जीवन एवं क्षेत्र में इसके असर पर प्रकाश डालेगी।

### जर्मनी: निर्माण स्थल पर मचान से गिरने के कारण पांच श्रमिकों की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी के हैम्बर्ग मे एक निर्माण स्थल पर कई श्रमिक सोमवार को मचान से गिर गए, जिनमे से पांच लोगो की मौत हो गई। प्राधिकारियो ने यह जानकारी दी। जर्मनी की समाचार एजेंसी डीपीए की खबर के अनुसार, जर्मनी के दूसरे सबसे बड़े शहर की अग्निशमन सेवा ने बताया कि यह दुर्घटना हाफेनसिटी जिले में हुई। हाफेनसिटी एल्बे नदी पर एक पूर्व बंदरगाह क्षेत्र है, जहां पुनर्विकास के तहत कार्यालय, आवासीय भवनों, होटल और दुकानो का निर्माण किया जा रहा है।

### न्यायाधीश जवाबदेही कानूनों के तहत दूरी तरह उत्तरदाई : वरिष्ठ न्यायाधीश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय के एक वरिष्ठ न्यायाधीश ने सोमवार को कहा कि शक्तिशाली सशस्त्र बलो के सदस्य और संवैधानिक अदालतों के न्यायाधीश जवाबदेही कानूनो के तहत किसी भी अन्य लोक सेवक की तरह पूरी तरह उत्तरदाई है। डॉन समाचार पत्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, न्यायाधीश मंसूर अली शाह ने शीर्ष अदालत के 15 सितंबर के फैसले से असहमति जताते हुए यह टिप्पणी की। उस फैसले मे शीर्ष अदालत ने जवाबदेही कानूनों में बदलाव को रद्द कर दिया था और सार्वजनिक पदधारकों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलो को बहाल करने का आदेश दिया था। शीर्ष न्यायालय की पीठ ने 2-। के बहुमत के फैसले में, पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) नीत पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश , 1999 मे किए गए कुछ संशोधनो को रद्द कर दिया था। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल पीठ के अध्यक्ष थे। पीठ मे न्यायमूर्ति इजाज उल अहसन भी शामिल थे। यह फैसला राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो से जुड़े कानूनों में किए गए संशोधनो को चुनौती देने वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान की याचिका पर दिया गया था। न्यायमूर्ति बंदियाल और न्यायमूर्ति अहसन ने खान की याचिका को विचारणीय बताया था, जबकि न्यायमूर्ति शाह ने बहुमत के फैसले से असहमति जताते हुए कहा था कि न केवल भ्रष्टाचार के मामले, बल्कि पूछताछ और जांच भी बहाल की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति शाह ने सोमवार को जारी विस्तृत नोट में कहा कि खान की याचिका मे कोई दम नही था।

# ब्रिटेन के पीएम सुनक ने इजराइल-गाजा संघर्ष के बीच घरेलू सुरक्षा बैठक बुलाई

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इजराइल-गाजा संघर्ष के बीच और देश की सड़कों पर व्यापक प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में ब्रिटेन के लिए घरेलू सुरक्षा मुद्दों का विश्लेषण करने के लिए सोमवार को लंदन में 10 डाउनिंग स्ट्रीट में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। कैबिनेट ऑफिस ब्रीफिंग रूम्स ए (कोबरा) बैठक ऐसे समय में हो रही है जब एक और सप्ताहांत में हजारों लोगों ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के खिलाफ प्रदर्शन किए। प्रदर्शन के दौरान नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया और पांच पर सार्वजनिक व्यवस्था संबंधी अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। बैठक में ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन भी शामिल हुईं। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्री रॉबर्ट हाफटन ने डाउनिंग स्ट्रीट में उच्च स्तरीय कोबरा बैठक के संदर्भ में टाइम्स रेडियो से कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ब्रिटिश नागरिक आतंकवाद के खतरे से सुरक्षित रहें जैसा कि सरकार हमेशा करती है। इस बैठक से पहले मेट्रोपोलिटन पुलिस आयुक्त सर मार्क रॉवले ने ब्रिटेन की सड़कों पर चरमपंथ से निपटने के लिए सख्त कानून बनाने का आह्वान किया था। ब्रिटेन सरकार ने अपने देश में हमले की आशंका जताई है। मेट्रोपोलिटन पुलिस के अनुसार, तीन सप्ताह पहले पश्चिम एशिया में संकट गहराने के बाद से देश में यहूदी विरोधी घटनाओं में 14 गुना वृद्धि हुई है। खबरों के अनुसार, ब्रिटेन सरकार देश में प्रदर्शन से जुड़ी कुछ चरमपंथी चिंताओं से निपटने के लिए आतंकवाद संबंधी





कानूनों को कड़ा करने के तरीकों पर विचार कर सकती है। ब्रेवरमैन ने ऐसी घटनाओं के खिलाफ कड़ी पुलिस कार्वाई न करने को लेकर सवाल किया जबकि पुलिस ने आगाह किया कि ऐसे मामलों के खिलाफ कानून को पूरी तरह परिभाषित नहीं किया गया है। इस माह के शुरू में इजराइल-हमास संघर्ष बढ़ने के बाद से लंदन में लगभग 100 गिरफ्तारियां की गई हैं। मेट्रोपोलिटन पुलिस प्रमुख का अनुमान है कि अगले कुछ हफ्तों में और भी गिरफ्तारियाँ होंगी क्योंकि पुलिस उन लोगों का पता लगा रही है जिन्होंने हाल के प्रदर्शनों में सार्वजनिक व्यवस्था और आतंकवाद संबंधी कानूनों का उल्लंघन किया था। इस बीच, ब्रिटेन के अपराध और पुलिसिंग मंत्री क्रिस फिलिप ने देश के पुलिस प्रमुखों को पत्र लिखकर उनसे अपराधियों को पकड़ने के लिए चेहरे की पहचान करने वाली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस तकनीक का इस्तेमाल कर छापेमारी की संख्या दोगुनी करने को कहा है।

### हमास ने इजराइल की तीन महिला बंधकों का वीडियो जारी किया

**खान यूनिस (गाजा पट्टी)।** फलस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के दौरान पकड़ी गईं तीन महिला बंधकों को दिखाने के मकसद से एक वीडियो जारी किया है। महिलाओ मे से एक ने संभवतः दबाव मे बंधक संकट पर इज़राइल की प्रतिक्रिया की आलोचना करते हुए एक संक्षिप्त बयान दिया। हमास के उग्रवादियों ने घातक हमले के दौरान लगभग 240 इजराइली लोगों को बंधक बना लिया था। संगठन ने कहा कि वह इज़राइल द्वारा बंदी बनाए गए हज़ारो फ़लस्तीनी कैदियो के बदले मे उन्हे रिहा कर देंगे।

### यहूदी विरोधी संदेश ऑनलाइन पोस्ट किए जाने के बाद कॉर्नेल विवि के यहूदी केंद्र में पुलिस तैनात

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** न्यूयॉर्क स्थित कॉर्नेल विश्वविद्यालय ने रविवार को एक सार्वजनिक ऑनलाइन मंच पर विश्वविद्यालय के यहूदियों के खिलाफ संदेश साझा किए जाने के मद्देनजर संस्थान के एक यहूदी केंद्र मे परिसर की पुलिस को तैनात किया है। कॉर्नेल विश्वविद्यालय की अध्यक्ष मार्था ई पोलाक ने एक बयान जारी कर बताया कि विश्वविद्यालय के यहूदी समुदाय के खिलाफ हिंसा की धमकी देने वाले भयानक, यहूदी विरोधी संदेशों की श्रृंखला में विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर यहूदी लिविंग की विशेष रूप से बात की गई है। हिंसा की धमकियों को कतई बर्दाश्त नही किया जा सकता और हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि इस प्रकार के संदेश साझा करने वालो के खिलाफ कानून के तहत कड़ी से कड़ी कार्वाई की जाए। इस समय हमारा ध्यान समुदाय को सुरक्षित रखने पर केंद्रित है। कॉर्नेल विश्वविद्यालय पुलिस विभाग मामले की जांच कर रहा है और उसने घृणा अपराध की आशंका के बारे मे संघीय जांच ब्यूरो को सूचित कर दिया है। पोलाक ने कहा, यहूदी विरोधी भावना की उग्रता और विध्वंस वास्तविक है।

### अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकालना शुरू करेगा पाकिस्तान : अंतरिम गृह मंत्री

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के 17 लाख नागरिकों समेत सभी अवैध प्रवासियो के पाकिस्तान छोड़कर जाने की समयसीमा नजदीक आने पर अंतरिम गृह मंत्री सरफराज बुगती ने सोमवार को कहा कि अगर ए परदेसी खुद देश छोड़कर नहीं जाते है तो कार्यवाहक सरकार उन्हें चरणबद्ध तरीके से निकालना शुरू करेगी। पाकिस्तान ने इस महीने अवैध प्रवासियों के देश छोड़कर जाने के लिए 31 अक्टूबर की समयसीमा की घोषणा की थी। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने बुगती के हवाले से कहा, एक नवंबर के बाद सरकार परदेसियों को चरणबद्ध तरीके से निकालने का अपना अभियान शुरू करेगी। बुगती ने पुष्टि की है कि पिछले तीन दिन में 20,000 से अधिक अवैध विदेशी पाकिस्तान छोड़कर चले गए है।

**Public Notice**

This is to inform the general public that **Mr. Sunder Singh** is owner of Property bearing no. IX/4828, area measuring 182.27 Sq. Mtrs., i.e., 218 Sq. Yds., out of khasra no. 306, situated at the area of village Seelampur, in the abadi of Gali no. 6, old Seelampur, Illaqa Shadara, Delhi-110031. This legal ownership was established through a Gift Deed dated 24.06.2022, Doc No-6317, executed by Mr. Ashok Kumar. **Mr. Sunder Singh** is currently in the process of mortgaging the aforementioned property with **SMFG India Home Finance Co. Ltd. (Fullerton), Our Client.** Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 15 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 15-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client. If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 15-day period by contacting **Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants)at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s): +910120-3101683 / 4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

**सार्वजनिक सूचना**

श्रीमती साधना श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव के द्वारा सूचित किया जाता है कि वे साई एन्क्लेव कॉलोनी, श्यामलाल कॉलोनी, बरौला, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201304 में स्थित फ्लैट नंबर ए-103, बिना छत के अधिकार के ऊपरी भूतल, एरिया परिमाप 585 वर्ग फीट, खसरा नंबर 1185 में से, को श्री प्रीतम सिंह पुत्र श्री श्यामलाल से खरीद रहे हैं जो फसली वर्ष 1423-1428 के लिए खतौनी रिकॉर्ड के तहत अन्य भूमि के साथ-साथ उपरोक्त संपत्ति का मालिक (अन्य भूमि मालिकों के साथ) है। और उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से वित्तीय सहायता के बदले उपरोक्त संपत्ति को गिरवी रखने का इरादा है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है।
लुसम लीगल एलएलपी
136,बेसमेंट फ्लोर,उदय पार्क,मदर डेयरी के पास,नई दिल्ली-110049
संपर्क # 011-40046316 और 41667327

**PUBLIC NOTICE**

BE IT KNOWN TO ALL THAT My clients Shri Rama Shankar S/o Sh. Subhlal Singh and Ms. Sharda Devi W/o Shri Rama Shankar R/o E-2/111, Near Vishwkarma Model School, Shiv Ram Park, Nangloi, Delhi-110041, have severed relations/connections with their son Sh. Rameshwar Singh and his wife Smt. Kiran Kumari for all purposes. They are further disentitled/disowned to claim any right/share in the movable and immovable properties owned by my clients. Any person dealing with them in any manner shall be solely doing so at his own risk and costs. My clients shall not be responsible for discharging any liability/claim in this regard or for any purpose.
**LALIT KHURANA-ADVOCATE**
**CH.NO. 2, CIVIL SUPPLY BLDG.**
**TIS HAZARI COURTS, DELHI**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mrs. Nirmala** who is purchasing the Residential House built up on land rea measuring 70 Sq. Yds., out of total land admeasuring 205 sq. yds., part of Khasra No.1etc/531, situated in the Old Lal Dora, of village Shahbad Mohd. Pur, New Delhi; from (1) Mr. Hitesh Kumar, (2) Mr. Rohit Kumar & (3) Mrs. Kamla, who is owners of aforesaid property vide two separate Relinquishment Deeds registered dated 18.08.2005 & 08.09.2005, duly registered vide Doc. Nos. 10953 & 12153, at SRO-IX, New Delhi; and intend to mortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited.** That 1) Death Certificate of Late Mr. Jot Ram, 2)Death Certificate of Spouse/Wife of Late Mr. Jot Ram, 3) SMC of Late Mr. Jot Ram&4) Original Current Status of Lal Dora;is Lost/ Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
**Lucem Legal LLP**
**Plot No.136, (Basement) Uday Park,**
**New Delhi-110049,Contact # 011-40046316**

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that **I,RAMDULARI VERMA S/D/W//O SHRI PHOOL CHAND R/O FLAT NO 26-B,BLOCK-B-2C, FIRST FLOOR, JANAKPURI,NEW DELHI.All Original Documents of DDA Demand Letter, Possession Letter,Site Possession Slip, of** the above Flat has been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged in P. S. Crime Branch, Delhi vide LRNo.1005719/2023 Dated-24-01-2023 .Any person (s)claiming any right,interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/ **phone No.9899685663** within15 days from the date of publication of this notice. Any person claiming any right, interest, or having any objections with respect to this property can also personally inform/contact me.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Salauddin is in process to purchase the Property Nagar Palika Demand No. 141 House No. 136 measuring 50 sq. yards part of Khasra No. 1421 Mauja Begmabad Budana Maruf Kidvai Nagar Modinagar Pargana Jalalabad Tehsil Modinagar District Ghaziabad UP (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) from Sh. Manoj Kumar, Sh. Aditya Verma, Smt. Soniya Verma and Ruchi Verma, they inherited the said property after the death of their mother Late Manju Verma, she had acquired the said property vide sale Deed dated 09.04.2019 (doc. No. 4299) executed by Smt. Bashgari Begum and Sh. Nizamuddin
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower
Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

**It is for general information that I, Sukhmal Chand Jain S/o Kanwar Sen Jain R/o R-31, Vani Vihar, Uttam Nagar, West Delhi-110059 declare that name of mine has been wrongly written as Sukhmal Chand in my Passport No. X536970. The actual name of mine is Sukhmal Chand Jain which may be amended accordingly.**

## आपकी पगड़ी का मतलब आतंकवाद नहीं है : न्यूयॉर्क के मेयर एडम्स ने सिखों से कहा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने सिख समुदाय के खिलाफ हाल के हमलों और घृणा अपराध को देश पर धब्बा बताते हुए कहा कि सिख पगड़ी का मतलब आतंकवाद नहीं होता, बल्कि यह विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने सिख समुदाय की रक्षा करने और लोगों को सिख धर्म के बारे में शिक्षित करने का भी आह्वान किया। एडम्स ने साउथ रिचमंड हिल के क्वींस इलाके में बाबा मक्खन शाह लुबाना सिख सेंटर में सिख समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा, आप आतंकवादी नहीं, बल्कि रक्षक हैं। पूरे शहर को यह बताने की जरूरत है। हमारे युवाओं, हमारे वयस्कों को यह जानने की जरूरत है। उन्होंने कहा, आपकी पगड़ी का मतलब आतंकवाद नहीं। इसका मतलब रक्षा, इसका मतलब समुदाय, परिवार, विश्वास, शहर, हमारे लिए इसका मतलब एक साथ आने से है। हम आपके साथ मिलकर इस धारणा को बदल देंगे। हम एक साथ यह कर सकते हैं। एडम्स और न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने सिखों के खिलाफ घृणा अपराध और हमले की हाल की घटनाओं के बाद रविवार को यहां सिख समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की। न्यूयॉर्क में 15 अक्टूबर को 19 वर्षीय सिख युवक उस समय हमले का शिकार हुआ था, जब वह रिचमंड हिल में बस से गुरुद्वारा जा रहा था। 26 वर्षीय क्रिस्टोफर फिलिपो ने युवक के सिर के पीछे मुक्का मारा था, उसकी पगड़ी उतारने की कोशिश की थी और उससे कहा था, हम इस देश में इसे (पगड़ी) नहीं पहनते हैं। इसके कुछ दिन बाद 66 वर्षीय जसमेर सिंह पर उस समय हमला किया गया था, जब उसकी कार एक अन्य वाहन से टकरा गई थी।

### यूक्रेन में रूसी गोलाबारी में 91 वर्षीय महिला की मौत

कीव। यूक्रेन के दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र के रिहायशी इलाकों में रूसी गोलाबारी में 91 साल की एक महिला की मौत हो गई। यूक्रेन के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। खेरसॉन के गवर्नर अलेक्जेंडर प्रोकुडिन द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो फुटेज के अनुसार, रातभर की गोलाबारी से एक उंची इमारत में आग लग गई, इसकी खिड़कियां उड़ गईं और इसके कुछ अपार्टमेंट मलबे में तब्दील हो गए। नौवीं मंजिल पर महिला के साथ रह रही उसकी बेटी के अनुसार, उसकी मां की मौत एक अपार्टमेंट की दीवार उसपर गिरने से हुई। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने सोमवार को बताया कि मृत महिला 24 घंटों में देश के पूर्व और दक्षिण में मारे गए तीन यूक्रेनी नागरिकों में शामिल है, जबकि कम से कम 12 लोग इस दौरान घायल हो गए। प्रोकुडिन ने कहा कि सोमवार दोपहर को एक रूसी गोला खेरसॉन में एक सार्वजनिक बस पर गिरा।

## इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन बढ़ाने की कोशिशों में जुटे दक्षिण-पूर्व एशियाई देश

**भाषा।** कुआलालंपुर

**दक्षिण-पूर्व** एशिया इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की मांग और उत्पादन में तेजी लाने की कोशिशों में जुटा है। इस क्षेत्र में परिवहन संबंधी 89 फीसदी प्रदूषण के लिए पेट्रोल-डीजल वाहन जिम्मेदार हैं। ऐसे में ईवी को न केवल कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के उपाय के रूप में देखा जा रहा है, बल्कि इसे निवेश को बढ़ावा देने के नए जरिए के तौर पर भी लिया जा रहा है, ताकि ज्यादा नौकरियां पैदा करने, मजबूत आर्थिक विकास और प्रौद्योगिकी संबंधी बढ़त हासिल करने में मदद मिल सके। इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड और वियतनाम इस दिशा में सबसे आगे हैं। लेकिन यह सफर काफी लंबा होने वाला है, क्योंकि ईवी का बाजार अभी भी काफी कम है। दक्षिण-पूर्व एशिया में 2022 में खरीदे गए कुल वाहनों में महज 2.1 फीसदी ईवी थे। भारत में यह आंकड़ा 2.3 फीसदी और चीन में 29 फीसदी था। इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए बुनियादी ढांचे का धीमा विकास और ईवी की अपेक्षाकृत उच्च लागत के कारण इसका बाजार अभी मंदा है। यह हालत तब है, जब प्रत्एक देश ईवी की कीमत कम करने के लिए उपभोक्ताओं सब्सिडी और कर में छूट जैसे लाभ दे रहे हैं। माना जा रहा है कि देश में ही इलक्ट्रिक वाहनों और उनके कलपुर्जों के निर्माण से उद्योग में तेजी लाई जा सकती है। उदाहरण के लिए, इंडोनेशिया कीमतों में कमी लाने के लिए वाहनों को इलक्ट्रिक में तब्दील करने की लागत पर सब्सिडी दे रहा है, स्थानीय स्तर पर वाहनों के निर्माण को प्रोत्साहित कर रहा है और ज्यादा से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रहा है। ईवी उत्पादन में सबसे अहम बैटरी है।

# जलवायु अनुकूलन परियोजनाएं समस्याओं को बढ़ाती है

● एक नया उपकरण इसे ठीक करने की उम्मीद करता है

**भाषा।** क्राइस्टचर्च

**जब** अमेरिका की सहायता राशि का उपयोग फिजी के वनुआ लेवु द्वीप में समुद्र की ओर दीवार बनाने के लिए किया गया ताकि समुदाय को बढ़ते ज्वार से बचाया जा सके तो इसने एक बांध के रूप में काम किया, जिससे इसके भूमि वाले भाग की ओर पानी और मलबा फंस गया। बांग्लादेश के एक अन्य उदाहरण में, विश्व बैंक जलवायु-प्रेरित बाढ़ और समुद्र-स्तर में वृद्धि का मुकाबला करने के लिए समुद्र तट के किनारे पुराने बाढ़ अवरोधों के विस्तार में 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च कर रहा है। लेकिन इससे नई समस्याएं भी पैदा हो रही हैं, जिनमें खेतों में पानी भर जाना और मिट्टी की उर्वरता में कमी शामिल है। दुनिया भर में, जलवायु अनुकूलन उद्योग कभी-कभी ऐसे समाधान थोपता है जो उन समस्याओं को बढ़ा देते हैं जिन्हें दरअसल उन्हें हल करना होता है। अक्सर, इसका बोझ कमज़ोर समुदायों पर पड़ता है। यह कहानी दुनिया भर में चल रही है, जिसमें एओटेरोआ न्यूज़ीलैंड भी शामिल है, जहां अनुकूलन परियोजनाएं समुदायों की जलवायु भेद्यता को बढ़ा सकती हैं। हमारा काम समस्या बढ़ने के जोखिम की पहचान करने के लिए एक निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली स्थापित करके एक महत्वपूर्ण अंतर को भरने का प्रयास करता है। यह औपनिवेशिक भूमि प्रथाओं और स्वदेशी आवाज़ों के बहिष्कार सहित समस्याग्रस्त दृष्टिकोण को कायम रख सकता है। इससे संसाधनों का कमजोर वितरण हो सकता है, लोकतांत्रिक शासन खत्म हो सकता है और स्वदेशी संप्रभुता से समझौता हो सकता है, जिससे खामियां बढ़ सकती हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में फंसे राष्ट्रीय एजेंडे पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय समुदाय-संचालित जमीनी अनुकूलन को भी नष्ट कर सकता है। जलवायु न्याय प्राप्त करने के लिए इन अनुचित रणनीतियों को संबोधित करना महत्वपूर्ण है। एओटेरोआ न्यूज़ीलैंड में स्थिति:न्यूज़ीलैंड में, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन अनुसंधान अभी भी अपने प्रारंभिक चरण में है। अधिकांश अनुकूलन परियोजनाओं को तीन प्रमुख श्रेणियों में डिजाइन और कार्यान्वित किया जा रहा है: बाढ़ सुरक्षा (तटों को रोकना और कटाव नियंत्रण), प्रकृति-आधारित समाधान (वृक्षारोपण और आर्द्रभूमि बहाली) और तटीय खतरे की रोकथाम (प्रबंधित वापसी और समुद्री दीवारें।

### खराब अनुकूलन एक बढ़ती हुई समस्या है

इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की नवीनतम रिपोर्ट में जलवायु अनुकूलन के अप्रत्याशित परिणामों के बारे में चिंता एक प्रमुख मुद्दा बनकर उभरी है। लेखकों ने उल्लेख किया : कुछ क्षेत्रों और प्रणालियों मे कुअनुकूलन के प्रमाण बढ़ रहे है, जो इस बात पर प्रकाश डालते है कि कैसे जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुपयुक्त प्रतिक्रियाएँ भेद्यता, जोखिम और इनका दीर्घकालिक प्रभाव पैदा करती है जिन्हे बदलना मुश्किल और महंगा है और स्वदेशी लोगो तथा कमजोर वर्ग के लिए मौजूदा असमानताओं को बढ़ाता है। कुअनुकूलन को आमतौर पर जलवायु भेद्यता को कम करने के लिए अच्छे उपायों के अनपेक्षित परिणामों के संदर्भ मे समझा जाता है। लेकिन इसमें उन निर्णयो के नतीजे भी शामिल है जो अधिक समग्र दृष्टिकोण के बजाय तकनीकी सुधारों को प्राथमिकता देते हैं। जलवायु अनुकूलन कोई तटस्थ या अराजनीतिक प्रक्रिया नही है।

### मैक्सिको : चक्रवात ओटिस से मरने वालों की संख्या 48 हुई

**भाषा।** अकापुल्को (मैक्सिको)

**मैक्सिको** के दक्षिणी प्रशांत तटीय क्षेत्र में चक्रवात ओटिस के प्रभाव के कारण कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई जिनमें से अधिकतर की जान अकापुल्को में गई। मैक्सिको के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण जान गंवाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मैक्सिको की नागरिक रक्षा एजेंसी ने एक बयान में कहा कि मृतकों में से 43 अकापुल्को शहर से और पांच पास के कोयुका दे बिनेतेज शहर से हैं। गुएरेरो राज्य के गवर्नर ने इससे पहले लापता लोगों की संख्या 10 बताई थी जो बढ़कर अब 36 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को मृतक संख्या 39 बताई थी जिसके बाद इसमें फिर से इजाफा हुआ है।

**अधिसूचना**

मेवात एजुकेशन बोर्ड के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.12.2023 को सुबह 10:00 बजे यासीन मेव डिग्री कॉलेज, नूंह के प्रांगण में वार्षिक सामान्य बैठक (Annual General Meeting) होगी। जिसमें निम्नलिखित कार्यक्रम अनुसार यासीन मेव डिग्री कॉलेज, नूंह की गवर्निंग बॉडी का चुनाव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष के पदों के लिए होगा। इसके अतिरिक्त Teaching Staff Representatives से दो तथा Non Teaching Staff से एक पद के लिए चुनाव होंगे। मतदाता सूची मेरे कार्यालय में अवलोकन के लिए उपलब्ध है। यदि इस सम्बन्ध में किसी भी मतदाता को कोई भी आपत्ति है तो मेरे कार्यालय में दर्ज करा सकता है।

**चुनाव का कार्यक्रम**

1. Filing of Nomination Papers : 31.10.2023 to 02.11.2023
2. Scrutiny of Nomination Papers : 03.11.2023 to 04.11.2023
3. Withdrawal of Nominations : 06.11.2023 to 09.11.2023
4. Date of Election : 01.12.2023

बोर्ड के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि दिनांक 01.12.2023 को सुबह 10:00 बजे यासीन मेव डिग्री कॉलेज के प्रांगण में उपस्थित रहें।

डॉ0 मो0 खालिद खान
रिटर्निंग अधिकारी
गवर्निंग बॉडी चुनाव
यासीन मेव डिग्री कॉलेज, नूंह।

# अफगानिस्तान ने फिर दिखाया दम, श्रीलंका बेदम

● गेंदबाजो और बल्लेबाजों के ऑलराउंड प्रदर्शन से अफ्गानिस्तान सात विकेट से हराया

**भाषा।** पुणे



**तेज गेंदबाज** फजलहक फारूकी की अगुआई में गेंदबाजों के कमाल के बाद बल्लेबाजों के धमाल से अफगानिस्तान ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में सोमवार को यहां श्रीलंका को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद जगा दी जबकि विरोधी टीम की नॉकआउट में प्रवेश की संभावनाओं को झटका दिया। श्रीलंका के 242 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने अजमतुल्लाह ओमरजई की 63 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 73 रन की पारी के अलावा कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (74 गेंद में नाबाद 58, दो चौके, एक छक्का) के साथ उनकी चौथे विकेट की 111 रन की अटूट साझेदारी से 45.2 ओवर में तीन विकेट पर 242 रन बनाकर जीत दर्ज की। हशमतुल्लाह ने इससे पहले रहमत शाह (62) के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। श्रीलंका की ओर से दिलशान मदुशंका ने 48 रन देकर दो विकेट चटकाए.इस जीत से अफगानिस्तान की टीम छह मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। श्रीलंका की टीम इतने ही मैचों में दो जीत से चार अंक के साथ छठे स्थान पर है। श्रीलंका की टीम इससे पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी (34 रन देकर चार विकेट) और स्पिनर मुजीब उर रहमान (38 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 49.3 ओवर में 241 रन पर सिमट गई। श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। कप्तान कुसाल मेंडिस ने 39 जबकि सदीरा समरविक्रम ने 36 रन की पारी खेली। निचले क्रम में महीश तीक्षणा ने 29 जबकि अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज ने 23 रन की पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे अफगानिस्तान ने पहले ओवर में ही रहमानुल्लाह गुरबाज का विकेट गंवा दिया जबकि टीम के रनों का खाता भी नहीं खुला था। उन्हें मदुशंका ने बोल्ड किया। सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (39) और रहमत ने इसके बाद 73 रन की साझेदारी करके पारी के संवारा। जादरान ने मदुशंका पर पारी का पहला चौका जड़ा जबकि रहमत ने कासुन रजिता की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। जादरान ने भी रजिता की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। अफगानिस्तान के रनों का अर्धशतक 10 ओवर में पूरा हुआ.जादरान और रहमत ने स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी तथा रन गति को बनाए रखा। मेंडिस ने एक र फिर मदुशंका पर भरोसा जताया और उन्होंने अपने कप्तान को निराश नहीं करते हुए उछाल लेती गेंद पर जादरान को थर्ड मैन पर दिमुथ करूणारत्ने के हाथों कैच करा दिया। उन्होंने 57 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और एक छक्का मारा.रहमत और हशमतुल्लाह ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 58 रन जोड़कर पारी को आगे बढ़ाया। हशमतुल्लाह ने दुष्मंता चमीरा पर छक्का जड़ा। अफगानिस्तान के रनों का शतक 22वें ओवर में पूरा हुआ.रहमत ने महीश तीक्षणा पर चौके और फिर चमीरा पर एक रन के साथ 61 गेंद में 25वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने धनंजय डिसिल्वा पर चौके से कप्तान के साथ अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की लेकिन रजिता की गेंद पर मिड ऑन पर क-रूणारत्ने को कैच दे बैठे। इससे एक गेंद पहले बैकवर्ड प्वाइंट पर समरविक्रम ने उन्हें जीवनदान दिया।।

**स्कोरबोर्ड**

**श्रीलंकाः** निसांका का गुरबाज बो ओमरजई 46,करूणारत्ने पगबाधा बो फारूकी 15, मेंडिस का स्थानापन्न बो मुजीब 39,समरविक्रम पगबाधा बो मजीब 36,असलंका का राशिद बो फारूकी 22,डिसिल्वा बो राशिद 14,मैथ्यूज का नबी बो फारूकी 23,चमीरा रन आउट 01, तीक्षणा बो फारूकी 29,रजिता रन आउट 05,मदुशंका नाबाद 00, **अतिरिक्तः** 11, **कुलः**49.3 ओवर मे सभी विकेट खोकरः 241 रन, **विकेट पतनः** I-22, 2-84, 3-134, 4-139, 5-167, 6-180, 7-185, 8-230, 9-239, **गेंदबाजीः** मुजीब 10-0-38-2, फारूकी 10-I-34-4, नवीन 6.3-0-47-0,ओमरजई 7-0-37-I, राशिद 10-0-50-I, नबी 6-0-33-0

**अफगानिस्तानः**गुरबाज बो मदुशंका 00,जादरान का करूणारत्ने बो मदुशंका 39,शाह का करूणारत्ने बो रजिता 62, शाहिदी नाबाद 58, ओमरजई नाबाद 73, **अतिरिक्तः** 10, कुलः45.2 ओवर मे तीन विकेट परः 242 रन, **विकेट पतनः** , गेंदबाजीः I-0, 2-73, 3-131, मदुशंका 9-0-48-2, रजिता 10-0-48-I, मैथ्यूज 3-0-18-0, चमीरा 9.2-0-51-0, तीक्षणा 10-0-55-0,धनंजय 4-0-21-0

# कप्तान रोहित खिलाड़ियों के आंकड़ों की जगह प्रभाव को दे रहे तरजीह

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय टीम** ने मौजूदा विश्व कप में अब तब उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया है और काफी श्रेय कप्तान रोहित शर्मा को जाता है जो टीम में मौजूद खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने में कामयाब रहे है। रोहित की कप्तानी में सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह रहा है कि वह अंतिम एकादश में जगह बनाने में विफल रहे खिलाड़ियों को उनके चयन नहीं होने की वजह को समझाने में सफल रहे है। अपनी इस खूबी के कारण वह टीम के खिलाड़ियों से सम्मान भी हासिल करते है। रोहित के नेतृत्व के इस गुण की तारीफ 2017 में आईपीएल के फाइनल में भी हुई थी जब उन्होंने मुंबई इंडियंस की टीम में अनुभवी हरभजन सिंह की जगह युवा कर्ण शर्मा को तरजीह दी थी। वह राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के खिलाफ इस मैच से एक दिन पहले हरभजन को अपने फैसले की वजह समझा चुके थे। इससे भारत के सबसे सफल स्पिनरों में शुमार हरभजन ने फाइनल नहीं खेलने पर आहत या अपमानित महसूस नहीं किया। रोहित इस गुण को राष्ट्रीय टीम के लिए कप्तानी में भी लेकर आए है, जहां वह खिलाड़ियों का आकलन उनके आंकड़ों पर नहीं बल्कि में मैच पड़ने वाले प्रभाव को लेकर करते है। कप्तान और नेता के बीच का अंतर बहुत कम है और बहुत से लोग बीच में फंस जाते हैं। ऐसे कई उदाहरण है जहां सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का खेल भी कप्तानी का बोझ उठाने के बाद प्रभावित हुआ है। रोहित के साथ अब तक ऐसा नहीं दिखा है। पिछले कुछ समय से बल्लेबाजी में उन्होंने पहले की तरह बड़ी पारियां नहीं खेली है लेकिन टीम को तेज-तर्रार शुरुआत दिलाने में सफल रहे है। वह जिस आक्रमकता के साथ बल्लेबाजी कर रहे है उसमें आउट होने का जोखिम ज्यादा रहता है। रोहित को यह अच्छे से पता है कि टीम को शारदुल ठाकुर की जरूरत कब है और किन परिस्थितियां में रविचंद्रन अश्विन अंतिम एकादश में फिट होंगे। वह इस बात को अच्छे से समझते है कि टीम में सूर्यकुमार यादव की टीम में क्या भूमिका है और क्यों कुलदीप यादव को एकदिवसीय टीम से बाहर नहीं किया जा सकता। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर दीप दासगुप्ता ने रोहित की तारीफ करते हुए कहा, वह लगभग 35 गेंद में अर्धशतक बना रहे हैं। वह अगर शतक के बारे में सोचें तो अगली 60 गेंद में सतर्कता से बल्लेबाजी कर 50 रन बना सकते है लेकिन अपनी उपलब्धि की जगह टीम की सफलता के बारे में सोच रहे हैं।

## दिल्ली और टीआरएयू एफसी का आईलीग मुकाबला ड्रॉ रहा

लुधियाना। दिल्ली एफसी और टीआरएयू एफसी के बीच सोमवार को यहां खेला गया आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। टीआरएयू एफसी को 29वें मिनट में लिटन शिल ने बढ़त दिलाई लेकिन दिल्ली की टीम ने दूसरे हाफ की शुरुआत में अनुभवी फारवर्ड बलवंत सिंह (47वें मिनट) के गोल से स्कोर I-I कर दिया। पहले हाफ में दिल्ली की टीम ने अधिक मौके बनाए थे लेकिन गोल करने में सफलता टीआरएयू एफसी को मिली।

## थुरम के गोल से जीता इंटर मिलान

**रोम।** इंटर मिलान फुटबॉल क्लब मार्कस थुरम के 81वें मिनट में किए गए गोल से ए एस रोमा पर I-0 की जीत से सीरी ए तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। थुरम ने रविवार को फेडरिको डिमार्को के क्रास पर 81वें मिनट में करीब से गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिलाई। इंटर मिलान (25 अंक) इस जीत से तालिका में युवेंटस से दो अंक ऊपर पहले स्थान पर काबिज हो गया।

## मोराटा का गोल, एटलेटिको मैड्रिड जीता

मैड्रिड। शानदार फॉर्म में चल रहे एलवारो मोराटा के गोल की बदौलत एटलेटिको मैड्रिड ने एलावेस को 2-I से हराकर घरेलू मैदान पर स्पेनिश लीग में लगातार 14वी जीत दर्ज की। इससे एटलेटिको मैड्रिड ने घरेलू मैदान पर सबसे ज्यादा जीत के रिकॉर्ड की बराबरी भी की। डिएगो सिमियोन की टीम ने मई 2012 और फरवरी 2013 के बीच घरेलू सरजमी पर लगातार 14 जीत हासिल की थी। मोराटा का एटलेटिको मैड्रिड के साथ पिछले सात मैच में यह सातवां गोल था।

## श्रीलंका के दिग्गज प्रशंसक अबेसेकरा का निधन

कोलंबो। श्रीलंका का राष्ट्रीय ध्वज लहराकर विभिन्न स्टेडियम में राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की हौसलाअफजाई करने वाले टीम के दिग्गज प्रशंसक पर्सी अबेसेकरा का सोमवार को यहां लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।वह 87 बरस के थे।प्रशंसकों और क्रिकेट जगत में वह अंकल पर्सी के नाम से मशहूर थे।

# श्रेयस हो सकते है अंतिम एकादश से बाहर

## सूर्यकुमार के शानदार प्रदर्शन से हार्दिक की वापसी का पड़ेगा प्रभाव

**भाषा।** नई दिल्ली

**इंग्लैंड** के खिलाफ मौजूदा विश्व कप मैच में मुश्किल परिस्थितियों में शानदार बल्लेबाजी करने वाले सूर्यकुमार यादव टीम में हरफनमौला हार्दिक पंड्या की वापसी के बाद अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं जबकि पिछले कुछ मैचों में बल्ले से अच्छा नहीं कर पा रहे श्रेयस यादव को अंतिम एकादश से बाहर होना पड़ सकता है। सूर्यकुमार के कौशल और मजबूत मानसिकता पर किसी को संदेह नहीं है लेकिन टी20 प्रारूप ने अपनी धाकड़ बल्लेबाजी से धाक जमाने वाले इस बल्लेबाज ने लंबे समय तक एकदिवसीय में निराश किया है। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम जब मुश्किल परिस्थिति में थी तब मुंबई के इस बल्लेबाज ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ धैर्य से बल्लेबाजी कर अपने बदले हुए रुख का परिचय दिया। उन्होंने बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में 47 गेंद में 49 रन की पारी खेल अंतिम एकादश में अपनी जगह मजबूत की।



सूर्यकुमार की इस पारी ने श्रेयस के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। हार्दिक टखने की चोट से उबर कर विश्व कप के आखिरी कुछ मैचों में वापसी कर सकते हैं। भारतीय टीम के पूर्व चयनकर्ता जतिन परांजपे ने कहा, हम सभी जानते हैं कि सूर्या टी20 में क्या कर सकते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में अच्छी बात यह रही कि उन्होंने स्थिति को समझा और रोहित की मौजूदगी में सहायक बल्लेबाज की भूमिका निभाई। परिस्थितियों के मुताबिक उनकी बल्लेबाजी शीर्ष स्तर की थी। उन्होंने स्क्वायर के पीछे अपना



पसंदीदा पिक-अप शॉट तभी खेला जब उन्हें पता था कि अब आक्रमण करने का समय है। भारत के लिए चार एकदिवसीय खेलने वाले परांजपे ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने गेंदबाजों का डटकर सामना किया। हार्दिक की टीम में वापसी पर लोकेश राहुल चौथे क्रम पर श्रेयस की जगह बल्लेबाजी कर सकते हैं। सूर्यकुमार को मैदान के चारों ओर सहजता से बड़े शॉट खेलने के लिए जाना जाता है। वनडे क्रिकेट में उन पर स्ट्राइक रोटेट (दौड़ कर रन बनाने) करने में विफल रहने का आरोप लगता रहा है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने 19 बार एक रन चुराए।

## बुमराह और शमी से बातचीत तक्नीकी नही बल्कि रणनीतिक : भारतीय गेंदबाजी कोच

लखनऊ। मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह इतने बेहतरीन गेंदबाज है कि भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे को उनसे तक्नीक संबंधित चर्चा की जरूरत नही पड़ती जिससे उनके बीच बातचीत केवल रणनीतिक ही होती है। शमी और बुमराह ने रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप में मिली 100 रन की जीत मे शानदार गेंदबाजी की जिससे भारतीय टीम लगातार छठी जीत हासिल करने में सफल रही। बुमराह और शमी दोनो गेंदबाजो ने दूधिया रोशनी में पिच का पूरा फायदा उठाया और म्हाम्ब्रे का कहना है कि दोनों ही अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म मे है जिससे उन्हें तक्नीकी पहलू पर कुछ भी बताने की जरूरत नही रहती। टीम संयोजन के कारण शमी पहले चार मैच मे नही खेल सके लेकिन न्यूजीलैड और इंग्लैड के खिलाफ प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें अंतिम एकादश से बाहर नही रखा जा सकता है। म्हाम्ब्रे ने कहा, जब टीम में आपके पास इतना कौशल रखने वाले खिलाड़ी है तो आपको वास्तव मे इसके बारे मे चर्चा करने की जरूरत नही पड़ती। ए खिलाड़ी इतना क्रिकेट खेल चुके है जिससे वे पूरी तरह समझते है कि टीम को उनसे किस चीज की जरूरत है।

## भारतीय टीम का ऐसा दबदबा है कि विश्व कप में अब तक कोई टक्कर नहीं दे सकाः स्मिथ

मुंबई। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि अनुभवी हरफनमौला हार्दिक पंड्या के चोटिल होने के बाद भारतीय टीम का संतुलन प्रभावित हुआ है लेकिन मौजूदा विश्व कप मे टीम का ऐसा दबदबा है कि उसे अब तक किसी प्रतिद्वंद्वी से कड़ी टक्कर नही मिली है। भारतीय टीम लीग चरण मे शानदार फॉर्म मे है और उसने अब तक सभी छह मैचों मे बड़ी जीत दर्ज कर खुद को 10 टीमो की तालिका मे शीर्ष पर मजबूती से स्थापित कर लिया है। स्मिथ ने सोमवार को यहां एक विशेष साक्षात्कार मे पीटीआई-भाषा से कहा, भारत ने इतना प्रभावशाली प्रदर्शन किया है कि अभी तक टूर्नामेंट मे उसे कड़ी टक्कर नही मिली है। इंग्लैड के खिलाफ टीम के 230 रन बनाने के बाद लगा कि वे मुश्किल मे है लेकिन वह पिच बल्लेबाजो के लिए आसान नही थी। उन्होंने अब तक पूरा दबदबा बनाया है। स्मिथ ने यह स्वीकार किया कि एक टीम के रूप मे भारत पिछले कुछ वर्षो से घरेलू मैदान पर एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहा है। घरेलू मैदान पर भारत को हराना हमेशा कठिन होता है। वे अपनी परिस्थितियो मे बहुत अच्छा खेलते है। आपके पास संतुलन है। तेज और स्पिन गेंदबाजी का शानदार मिश्रण है। आपने अपनी सभी खामियों को दूर किया है। दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल कप्तान रहे स्मिथ ने कहा कि हार्दिक के चोटिल होने से भारतीय टीम का संतुलन थोड़ा गड़बड़ा गया है।

## करो या मरो के मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगा पाकिस्तान




कोलकाता। सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका पाकिस्तान मंगलवार को यहां जब विश्व कप में जूझ रही एक अन्य टीम बांग्लादेश से भिड़ेगा तो करो या मरो के इस मुकाबले में लगातार चार मैच मे हार के क्रम को तोड़ने का प्रयास करेगा।पाकिस्तान के चार अंक हैं और वह अब अधिकतम छह अंक और जुटा सकता है जिससे लीग चरण के बाद उसके अधिकतम 10 अंक हो सकते हैं। दो टीम पहले ही 10 या इससे अधिक अंक जुटा चुकी है जबकि इनके अलावा तीन और टीम पाकिस्तान से आगे है जिससे उसका सेमीफाइनल मे जगह बनाना किसी चमत्कार से कम नही होगा।सभी टीम से अनुकूल नतीजे मिलने की उम्मीद काफी कम है। साथ ही धीमी शुरुआत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने लय पकड़ ली है जबकि न्यूजीलैड की टीम भी शानदार फार्म मे है। भारत 12 अंक के साथ सेमीफाइनल मे जगह लगभग पक्की कर चुका है जबकि दक्षिण अफ्रीका के 10 अंक है। पाकिस्तान को न सिर्फ अपने बाकी बचे तीनो मैच जीतने होंगे बल्कि बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी जिससे उसका नेट रन रेट सुधरे जो अभी माइनस 0.205 है। बांग्लादेश के खिलाफ हार 1992 के चैंपियन पाकिस्तान की सभी उम्मीदे खत्म कर देगी।ऐसे मे उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाड़ी बांग्लादेश के खिलाफ अपना सब कुछ झोंक देंगे।पाकिस्तान को उसके बल्लेबाजों ने निराश किया है जबकि गेंदबाजो ने प्रभावित किया है। पाकिस्तान के बल्लेबाज छह में से चार मैच मे पूरे ओवर खेलने मे नाकाम रहे। ईडन गार्डन्स की तेज गेंदबाजी की मददगार पिच पर पाकिस्तान को उम्मीद होगी कि शाहीन शाह अफरीदी, हारिस राउफ और मोहम्मद वसीम बांग्लादेश के खिलाफ उसे शुरुआती सफलताएं दिलाएंगे।

### हसन ने अभ्यास किया, बल्लेबाजों ने बहाया पसीना

**कोलकाता। फिटनेस** हासिल कर चुके पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले विश्व कप मुकाबले से पूर्व ईडन गार्डन्स पर अभ्यास किया जबकि कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे अनुभवी बल्लेबाजों ने नेट पर जमकर पसीना बहाया। लगातार चार मैच हारने के बाद पाकिस्तान को नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ हर हाल मे जीत दर्ज करनी होगी। हसन बुखार के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान के पिछले मैच मे नही खेले थे।

# न्यूजीलैंड को 6-2 से हराकर भारत सेमीफाइनल में

**भाषा।** जोहोर बाहरू



**अमनदीप** लाकड़ा की हैट्रिक की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सोमवार को यहां न्यूजीलैंड को 6-2 से हराकर सुल्तान ऑफ जोहोर कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के लिए लाकड़ा (दूसरे, सातवें, 35वें मिनट) ने तीन गोल दागे। अरुण साहनी (12वें मिनट, 53वें मिनट) ने दो जबकि पूवन्ना चंदूरा बॉबी (52वें मिनट) ने एक गोल किया। न्यूजीलैंड की ओर से दोनों गोल ल्यूक एल्ड्रेड ने (29वें और 60वें मिनट में किए। भारत ने सकारात्मक शुरुआत की और मैच के शुरुआती मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिससे लाकड़ा ने गोल में बदला। भारत ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और पूरे मुकाबले के दौरान दबदबा बनाए रखा।

# निशानेबाज भानवाला ने भारत को 12वां पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया

● कांस्य पदक जीता

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रमंडल खेलों** के स्वर्ण पदक विजेता अनीश भानवाला ने सोमवार को कोरिया के चांगवान में चल रही एशियाई चैम्पियनशिप की पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत को निशानेबाजी में 12वां पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। अनीश भानवाला शूटआउट में जापान के दाई योशिओका से हार गए जिन्होंने रजत पदक जीता। करनाल के 21 साल के निशानेबाज ने फाइनल में 28 निशाने लगाए। स्थानीय प्रबल दावेदार निशानेबाज ली गुनहियोक ने पांच शॉट की आठ रैपिड फायर सीरीज में



34 अंक से स्वर्ण पदक जीता। अनीश भानवाला ने क्वालीफिकेशन चरण में 588 अंक के स्कोर से तीसरे स्थान से फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया था। चीन के तीन निशानेबाजों ने छह निशानेबाजों के फाइनल में प्रवेश किया था जिसमें भानवाला ने विश्व चैम्पियन लि युएहोंग के बाद तीसरा क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया।यह भानवाला को 2024 ओलंपिक के लिए दो कोटे में से एक दिलाने के लिए काफी था क्योंकि चीन इस स्पर्धा में अपने दो पेरिस ओलंपिक कोटे पहले ही हासिल कर चुका है। एक अन्य भारतीय भावेश शेखावत 584 अंक से क्वालीफिकेशन में शीर्ष आठ में शामिल थे लेकिन फाइनल में नहीं पहुंच सके क्योंकि वह केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे और फाइनल में पहुंचने के लिए अयोग्य थे। विजयवीर सिद्धू भी चूक गए, वह 581 अंक से कुल 10वें स्थान पर रहे। आदर्श सिंह 570 के स्कोर से 25वें स्थान पर रहे। भारत को पुरुष ट्रैप तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में रजत पदक दिलाया।

## पाकिस्तान के मुख्य कोच ने विश्व कप में लचर प्रदर्शन का ठीकरा भारतीय परिस्थितियों पर फोड़ा

**कोलकाता।** विश्व कप मे पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन से आहत मुख्य कोच ग्रांट ब्रैडबर्न ने सोमवार को इसके लिए अनजान भारतीय परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया।पाकिस्तान की टीम लगातार चार हार के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने के कगार पर है। टीम को अंतिम-चार मे पहुंचने के उम्मीदो को बनाए रखने के लिए अपने बाकी तीनो मैचो को मैच बड़े अंतर से जीतना होगा और उम्मीद करनी होगी कि अन्य टीमो के परिणाम भी उनके मुताबिक रहे। बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर पाकिस्तान के मुख्य को ब्रैडबर्न ने कहा, हम ऐसी स्थिति मे है जहां हम नही रहना चाहते थे। टूर्नामेंट के इस चरण मे हम अपनी किस्मत को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन हम ऐसा नही कर पा रहे है। इससे टीम को निराशा हुई है। हमारे लिए यह टूर्नामेंट विदेशी परिस्थितियो मे है। हमारा कोई भी खिलाड़ी पहले यहां नही खेला है। हमारे लिए प्रत्एक स्थल नया है, इसमे यह (कोलकाता) भी शामिल है। ब्रैडबर्न ने कहा कि उनकी टीम ने अपनी तैयारियो को सही तरीके से पूरा किया है। हमने प्रतिद्वंद्वी टीमो और मैच स्थल को लेकर सावधानीपूर्वक अपनी तैयारी की है।

## विश्व कप में अब भी बहुत कुछ दांव पर हैः शाकिब

**कोलकाता।** बांग्लादेश लगातार पांच हार के बाद विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है लेकिन कप्तान शाकिब अल हसन ने सोमवार को यहां कहा कि टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच में कोई कोताही नही बरतेगी क्योंकि उनका लक्ष्य चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करना है। बांग्लादेश पिछले मैच मे यहां नीदरलैड से हार गया। इस हार ने सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदो पर पानी फेर दिया। शाकिब ने कहा, हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और जीतना होगा, दो अंको पर ध्यान देना होगा। हमने इस स्थिति से पार पाने को लेकर अपनी टीम मे बातचीत की है। हमे ही योजनाओ को मैदान पर उतारना होगा। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मुझसे ज्यादा पूरी टीम ने इस बारे मे बात की। हमे खुद ही इस स्थिति से बाहर निकलना है। हम यही कोशिश करेंगे। मौजूदा विश्व कप तालिका मे पाकिस्तान को छोड़कर शीर्ष सात मे रहने वाली टीमे आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए क्वालीफाई करेंगी। मेजबान देश होने के नाते इस आठ टीमो के टूर्नामेंट मे पाकिस्तान की जगह पक्की है। शाकिब ने कहा, हमारे पास हासिल करने के लिए बहुत कुछ है। जैसा कि आप जानते है, हमें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने के लिए जीतना होगा। मुझे लगता है कि यह एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है।

# ग्रैंड स्विस शतरंजः जुमाबाएव को हरा अर्जुन एरिगेसी शीर्ष पर

**भाषा।** आइल ऑफ मैन (ब्रिटेन)



**भारतीय** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां फिडे ग्रैंड स्विस के पांचवें दौर के मुकाबले में कजाकिस्तान के रिनैट जुमाबाएव को हराकर दो अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए। एरिगेसी के संभावित पांच में से चार अंक है। वह दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और रूस के एंद्रे एसिपेंको के साथ शीर्ष स्थान पर है। रूस के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। नाकामुरा ने सर्बिया के एलेक्सी साराना को हराया और एसिपेंको ने शीर्ष वरीय संयुक्त राज्य अमेरिका के फैबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। एरिगेसी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए जुमाबाएव पर शुरू से ही दबाव बनाए रखा। उन्होंने आखिरकार 69 चाल के बाद जीत दर्ज की। विदित गुजराती के जीत के सिलसिले पर रूस के ईवगेनिय नाजेर रोक लगाने में सफल रहे। इस मुकाबले के बराबरी पर छूटने के बाद गुजराती 3.5 अंक लेकर 16 अन्य खिलाड़ियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। भारत के शीर्ष खिलाड़ी डी गुकेश के लिए हमवतन एसएल नारायणन के खिलाफ हार के बाद टूर्नामेंट जीतने की संभावना लगभग खत्म हो गई। नारायणन की पिछले लगभग दो सप्ताह में गुकेश पर यह दूसरी जीत थी, इससे पहले उन्होंने कतर मास्टर्स में जीत हासिल की थी। भारतीय खिलाड़ियों के अन्य मुकाबलों में पी हरिकृष्णा यूक्रेन के रूसलान पोनोमारिव को बराबरी पर रोकने में सफल रहे। अरविंद चिदंबरम और निहाल सरीन के बीच खेला गया मुकाबला भी ड्रॉ रहा जबकि रौनक साधवान को ईरान के परहम माघसोडलो ने हराया। महिलाओं की स्पर्धा में आर वैशाली ने उच्च रैंकिंग वाली खिलाड़ी यूक्रेन की एन्ना मुज्यचुक को ड्रॉ खेलने पर मजबूर किया।

## लियोन फुटबॉल टीम की बस पर हमले के बाद फ्रेंच लीग मैच स्थगित, नौ लोग हिरासत में

**भाषा।** पेरिस

फ्रांस की पुलिस ने लियोन फुटबॉल टीम और प्रशंसकों को लेकर जा रही बसों पर हिंसक हमले के बाद नौ लोगों को हिरासत में लिया है और अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। इस हमले में ल्योन टीम के कोच फैबियो ग्रोसो के सिर में चोट लग गई जिसके बाद मार्सेले में फ्रेंच लीग का मैच स्थगित कर दिया गया। फ्रांस के मंत्री गेराल्ड डरमानिन ने बीएफएम टीवी पर कहा कि रविवार को रात हुए इस हमले में पांच पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए। यह घटना वेलोड्रोम स्टेडियम के बाहर हुई जिसमें प्रोजेक्टाइल से हमला किया गया और बस की खिड़कियां टूट गईं। कांच के टुकड़ों से कोच ग्रोसो घायल हो गए और उनके चेहरे से खून बहने लगा। क्लब के सहायक कोच राफाएल लोंगो भी इस दौरान घायल हो गए। ग्रोसो की आंख के ऊपर गहरी चोट आई है जिस पर टांके लगाए गए। हालांकि नौ बार की चैम्पियन टीम के खिलाफ अनुशासनात्मक प्रतिबंध लगाने की संभावना नहीं है क्योंकि यह घटना स्टेडियम के बाहर हुई थी।

# सीवीसीएल ने चैंपियन क्लब को हराया

● द्वितीय अधीर दुबे टी-20



**लखनऊ।** सीवीसीएल ने द्वितीय स्वर्गीय अधीर दुबे पूर्व एमएलसी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चैंपियन क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से हराकर अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर चैंपियन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 9 विकेट पर 108 रन बनाए। डा.पीयूष कुसुमवाल ने 33, अनिल अरोरा ने 19 एवं मो.फैजल व महमूद ने 16-16 रन का योगदान किया। सीवीसीएल से मैन ऑफ द मैच देश दीपक को 3 जबकि चरनजीत व संजय गुप्ता को दो-दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में सीवीसीएल ने 17.2 ओवर में 5 विकेट पर 109 रन बनाकर मैच जीत लिया। जीत में रोहित ने 28, चरनजीत सिंह ने 27,संजय गिरि ने 23 एवं संजय गुप्ता ने नाबाद 13 रन बनाए। चैंपियन क्रिकेट क्लब से मो. इश्तियाक हुसैन को दो विकेट की सफलता मिली। सीवीसीएल एवं अधीर दुबे फ़ाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मोहसिन रज़ा पूर्व मंत्री एमएलसीए अध्यक्ष उत्तर प्रदेश हज कमेटी ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

## स्टिंग ने मनाया भारत की जीत का जश्न



**लखनऊ।** स्टिंग ने लखनऊ स्थित क्रिकेट मैदान में भारतीय टीम की जीत का जश्न एक रोचक अंदाज में मनाया। स्टिंग का क्रिएटिव नारा फन मॉल के बाहर खड़ी ब्लू एनर्जी बस पर कुछ इस तरह से दर्ज था . जैंटलमैन नॉट योर कप ऑफटी। कल शाम टीम इंडिया की शानदार जीत के बाद दर्शकों को फन मॉल के नज़दीक एक रोचक नज़ारा देखने को मिला, स्टिंग ने इस मौके पर एक जोरदार मार्केटिंग मूव के तहत् अपनी ब्लू बस को तैनात किया और प्लेयर्स को बधाई देते हुए यह संदेश भी लिखा जैंटलमैन नॉट योर कप ऑफटी। फन मॉल के नज़दीक कल एक दिलचस्प नज़ारा देखने को मिला जिसमें कल इंग्लैंड के खिलाफ भारत की शानदार जीत का जश्न मनाते हुए स्टिंग ने लखनऊ में दर्शकों को लुभाने के लिए अपनी नायाब ब्लू बस को मॉल के पास तैनात किया। इसके जरिए टीम को क्रिएटिव अंदाज़ में बधाई दी गई।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्त ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।